संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 191
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
रविवार 13 सितम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

# प्रातःकाल एक्सप्रेस


सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



# संकुचित दायरे ने बनाया था यूपी को बीमारू : सीएम

**हर बच्चे को पढ़नी और आत्मसात करनी चाहिए मोदी की पुस्तक 'एग्जाम वश्वरियर्स'– योगी।**
**युवा किताब नहीं पढ़ता, कहना अन्याय।**
**मुख्यमंत्री ने किया गोमती पुस्तक महोत्सव का शुभारंभ।**
**57,600 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी।**



लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर बच्चे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' जरूर पढ़नी और आत्मसात करनी चाहिए। यह कहना अन्याय होगा कि युवा किताब नहीं पढ़ता, जरूरत किताबों को उन तक पहुंचाने की थी। ज्ञान को संकुचित दायरे में सीमित करने के दुष्परिणाम समाज और राष्ट्र, दोनों को भुगतने पड़ते हैं। 10 वर्ष पहले उत्तर प्रदेश को 'बीमारू' राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया गया था। यूपी के नौजवान के सामने पहचान का संकट था और नागरिक पहचान बताने से बचते थे। सकारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश की तस्वीर बदली है। डिजिटल युग ने शहर और गांव की दूरी को कम किया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में 5वें गोमती पुस्तक महोत्सव–2026 का शुभारंभ करने के उपरांत युवाओं को संबोधित कर रहे थे। विश्वविद्यालय परिसर में लगी प्रदर्शनी का अवलोकन किया। बच्चों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पुस्तक 'एग्जाम वॉरियर्स' वितरित की। बोले, हर बच्चे को यह पुस्तक पढ़नी और आत्मसात करनी चाहिए। यह केवल स्कूली छात्रों के लिए नहीं, बल्कि हर युवा और नागरिकों के लिए भी उपयोगी है। जीवन में हर व्यक्ति को किसी न किसी परीक्षा से गुजरना पड़ता है। कभी डिग्री के लिए, कभी सर्टिफिकेट कोर्स के लिए और कभी जीवन की विभिन्न परिस्थितियों में। जब मुश्किल समय में व्यक्ति की हिम्मत जवाब देने लगती है, तब 'एग्जाम वॉरियर्स' उसका संबल और मार्गदर्शक बन सकती है। सीएम के हाथों पुस्तक पाने वाले बच्चों के चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री ने छात्राओं के साथ तस्वीर भी खिंचवाई ।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कहना कि युवा पुस्तकों से दूर हो गया या सोशल मीडिया पर अपना समय खराब कर रहा, पूरी तरह सही नहीं। ऐसा कहना युवा के साथ अन्याय होगा। जरूरत पुस्तकों को उसके पास पहुंचाने की व्यवस्था करने की है। जब पहली बार युवराज मलिक ने लखनऊ में पुस्तक महोत्सव का प्रस्ताव रखा था, तब तत्कालीन अपर मुख्य सचिव अवनीश अवस्थी से चर्चा की। इसे प्रोत्साहित करने की बात कही। इसके बाद लखनऊ में पुस्तक महोत्सव शुरू हुआ। अच्छा परिणाम मिला तो मैंने गोरखपुर में भी पुस्तक महोत्सव का सुझाव दिया। वहां लखनऊ से भी ज्यादा लोग पहुंचे और अधिक पुस्तकों की बिक्री हुई। इससे यह धारणा पूरी तरह गलत साबित हुई कि आज का युवा पुस्तक नहीं पढ़ता। समाज और राष्ट्र भी तब बीमार होता है, जब उसकी क्षमता समाप्त होने लगती है और वह अपनी विरासत से दूरी बनाने लगता है। पहले भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को संकुचित दायरे में बांधने का प्रयास किया गया, जिसके परिणाम सहने पड़े। उत्तर प्रदेश की धरती भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्वपूर्ण केंद्र रही है। लखनऊ से 70 किलोमीटर दूर नैमिषारण्य में ऋषियों ने चिंतन और ज्ञान की परंपरा को आगे बढ़ाया। काशी ज्ञान और संवाद की भूमि रही है। इसी प्रदेश के मुजफ्फरनगर स्थित शुक्रतीर्थ में करीब 5 हजार वर्ष पहले श्रीमद्भागवत महापुराण की पहली कथा के वाचन की परंपरा जुड़ी है। ऋषि परंपरा का जिक्र करते हुए कहा कि ज्ञान को सीमित नहीं किया जाना चाहिए। डिजिटल युग ने गांव और शहर की दूरी कम करने का काम किया है। उन्होंने ग्राम सचिवालयों का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले ग्राम प्रधान गांव की व्यवस्था अपने घर से संचालित करता था। सरकार ने ग्राम सचिवालय की व्यवस्था विकसित की और उसमें केवल प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी के बैठने की व्यवस्था नहीं की बल्कि ग्रामीणों के लिए कॉन्फ्रेंस रूम और डिजिटल लाइब्रेरी भी बनाई। प्रदेश की 57,600 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय की व्यवस्था की गई है। इनमें नेशनल बुक ट्रस्ट की पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। पहले सरकारों ने युवाओं और ग्रामीणों को प्लेटफार्म नहीं दिया, इसके बावजूद प्रतिभा के कम उपयोग के लिए उनके बारे में गलत शब्दों का इस्तेमाल किया जाता था।बेसिक और माध्यमिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले इन स्कूलों की स्थिति ऐसी थी कि उनके भवन और व्यवस्थाएं जर्जर नजर आती थीं। जब सरकारें ही जर्जर थीं तो सिस्टम का जर्जर होना स्वाभाविक था। प्रदेश में ऑपरेशन कायाकल्प के माध्यम से स्कूलों की तस्वीर बदली गई। युवाओं से अपील की कि वे अपनी जरूरत के अनुसार किताबें खरीदने और पढ़ने की आदत विकसित करें।

## भारतीय सेना ने एलओसी पर आतंकी गतिविधियां बढ़ने और असामान्य सैन्य तैनाती के दावों को किया खारिज

नयी दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया पर फैलाई जा रहीं जम्मू–कश्मीर में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी खबरों का खंडन किया है। सेना ने स्पष्ट किया कि यह जानकारी फैलाने वाला अकाउंट पाकिस्तान से चलाया जा रहा प्रोपेगैंडा अकाउंट है। साथ ही, सेना ने लोगों को आगाह किया कि वे बिना पुष्टि किए दावों पर विश्वास न करें और न ही उन्हें आगे बढ़ाएं ।दरअसल, सोशल मीडिया पर



यह खबर फैलाई गई कि लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं। इनमें यह भी दावा किया गया कि भारतीय सेना ने उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों में बड़े सैन्य ठिकानों के पास रहने वाले लोगों से अपने घर खाली करने को कहा है। हालांकि, भारतीय सेना के फैक्ट चेक में यह दावे फर्जी पाए गए हैं। सेना ने एलओसी के पास आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि के दावों को खारिज किया है। साथ ही, उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा व बारामूला जिलों में प्रमुख सैन्य छावनियों के पास बने घरों को खाली करने जैसे आदेशों से इनकार किया है। भारतीय सेना के आधिकारिक फैक्ट चेक अकाउंट से एक्स पर पोस्ट में कहा गया, कश्मीर इंटेल नाम का एक्स अकाउंट ऐसी झूठी खबरें फैला रहा है, जिनमें दावा किया गया है कि लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गई हैं। ये दावे उन खबरों से जोड़े जा रहे हैं, जिनमें कहा गया है कि भारतीय सेना ने उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों में बड़े सैन्य ठिकानों के पास रहने वाले लोगों से अपने घर खाली करने को कहा है।

## यूएनएससी में सुधार अब टाला नहीं जा सकता


**ब्रिक्स के मंच से पीएम मोदी का दुनिया को स्पष्ट संदेश**



नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मंच से वैश्विक संस्थाओं में सुधार की जरूरत को रेखांकित करते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में बदलाव की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक परिस्थितियों के अनुरूप अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली में सुधार जरूरी है। प्रधानमंत्री ने ब्रिक्स देशों से अगले दो दशकों के लिए एक महत्वाकांक्षी एजेंडा तैयार करने और वैश्विक सुधारों के लिए ठोस प्रस्ताव सामने रखने का आह्वान किया। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि सुधार की प्रक्रिया केवल वैश्विक संस्थाओं तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी शुरुआत संगठनों की अपनी आंतरिक कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने से भी होनी चाहिए। इसके लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार करने की जरूरत है, जिसमें प्रतिनिधित्व, जवाबदेही और नियम–निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार को अपने संबोधन का अहम हिस्सा बनाया। उन्होंने कहा कि यूएनएससी में सुधार की प्रक्रिया को लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता। इसके लिए बातचीत को एक निश्चित समय–सीमा और स्पष्ट परिणामों से जोड़ने की जरूरत है। मोदी का संदेश ऐसे समय आया है जब वैश्विक संस्थाओं में प्रतिनिधित्व को लेकर विकासशील और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की ओर से लगातार सुधार की मांग उठती रही है। प्रधानमंत्री ने व्यापक प्रतिनिधित्व को प्रभावी वैश्विक शासन के लिए जरूरी बताया। उन्होंने वित्तीय संस्थानों के संदर्भ में भी मौजूदा व्यवस्था में बदलाव की जरूरत बताई। उनके मुताबिक अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं में वोटिंग पावर, नेतृत्व की जिम्मेदारियां और नीतिगत प्राथमिकताएं आज की आर्थिक वास्तविकताओं के अनुरूप होनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि जो देश वैश्विक आर्थिक विकास को गति दे रहे हैं, उन्हें वैश्विक आर्थिक शासन को आकार देने में भी उचित भूमिका मिलनी चाहिए। उनके मुताबिक प्रतिनिधित्व केवल राजनीतिक संस्थाओं तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि इसका संबंध अंतरराष्ट्रीय वित्तीय व्यवस्था से भी है। मोदी ने जवाबदेही और नियम–निर्माण को भी सुधार प्रक्रिया के महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में सामने रखा।

## मोदी सरकार को भारत का ऐतिहासिक कूटनीतिक दर्जा बहाल करने का प्रयास करना चाहिए : कांग्रेस

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने ब्रिक्स को श्ग्लोबल साउथश की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने और वैश्विक स्थिति को आकार देने वाला महत्वपूर्ण मंच बताते हुए शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उनकी सरकार को भारत का ऐतिहासिक कूटनीतिक दर्जा बहाल करने का प्रयास करना चाहिए। श्ग्लोबल साउथश से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। पार्टी के विदेश विभाग के प्रमुख सलमान खुर्शीद ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर एक बयान में कहा कि



भू–राजनीतिक टकराव, आर्थिक दबाव, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों, संघर्ष और जलवायु संकट के दौर में भारत को ब्रिक्स साझेदारों के साथ मिलकर एक न्यायसंगत और संतुलित विश्व व्यवस्था के निर्माण के लिए काम करना चाहिए, जो सभी लोगों के लिए सुरक्षा, समृद्धि और गरिमा सुनिश्चित कर सके। पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद ने कहा कि भारत को ब्रिक्स में नैतिक नेतृत्व और रणनीतिक स्पष्टता प्रदान करनी चाहिए तथा साथ ही अपने राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि, षभारत को नियम–आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभु समानता, शांतिपूर्ण सह–अस्तित्व और मानवीय गरिमा के सिद्धांतों को आगे बढ़ाते हुए अपने रणनीतिक और आर्थिक उत्थान पर भी ध्यान देना चाहिए ।ष कांग्रेस नेता ने कहा, ष प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार को भारत की ऐतिहासिक कूटनीतिक भूमिका और दर्जे को बहाल करने के लिए विशेष कदम उठाने चाहिए।

## हरीश रावत का बड़ा एलान, पूर्व सीएम का कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफा

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने शनिवार को कांग्रेस के दो



महत्वपूर्ण पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस समिति में अपने कार्यकारी सदस्य के पद और कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्लयूसी) में स्थायी आमंत्रित सदस्य की जिम्मेदारी छोड़ने का ऐलान किया। रावत का यह फैसला उनके पूर्व ओएसडी चंदन सिंह जीना से जुड़े परिसरों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के बाद आया है। ईडी की यह कार्रवाई 2016 की उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) भर्ती परीक्षा में कथित अनियमितताओं से जुड़ी धन शोधन जांच का हिस्सा बताई जा रही है। हरीश रावत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने फैसले की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वह नहीं चाहते कि उनके किसी कदम या भूमिका की वजह से कांग्रेस भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई में कमजोर पड़े। उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनावों को महत्वपूर्ण बताते हुए रावत ने कहा कि पार्टी और उसके कार्यकर्ता भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम का भी जिक्र किया और कहा कि शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाई जा रही है। रावत के मुताबिक, ऐसे समय में उनका पहला उद्देश्य यही है कि उनकी वजह से पार्टी के अभियान पर कोई प्रतिकूल असर न पड़े। ईडी ने रावत के पूर्व ओएसडी चंदन सिंह जीना से जुड़े परिसरों पर छापेमारी की थी। कार्रवाई के दौरान बड़ी मात्रा में नकदी और आभूषण बरामद होने की खबर सामने आई। ईडी की जांच कथित तौर पर 2016 की यूकेएसएसएससी भर्ती परीक्षा में अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले से संबंधित है।

## पीएम मोदी चीन से लद्दाख और गलवान की जमीन वापस लें, संजय राउत ने की मांग

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की है कि वे चीन के नेताओं पर दबाव डालें कि वे लद्दाख और गलवान के उन इलाकों से पीछे हटें जहां भारत ने घुसपैठ का आरोप लगाया है, और भारत की जमीन वापस करें। 12 सितंबर को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, राउत ने कहा कि पिछले दो सालों में भारत और चीन के बीच बातचीत के 25 दौर हो चुके हैं, लेकिन उन्होंने दोनों देशों के रिश्तों में हुई प्रगति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि



पीएम मोदी को भारत आ रहे चीन के राष्ट्रपति से साफ तौर पर कहना चाहिए कि वे सबसे पहले लद्दाख और गलवान के उन इलाकों से पीछे हटें जहां उन्होंने घुसपैठ की है, और हमारी जमीन हमें वापस करें। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दो सालों में चीन के साथ बातचीत के 25 दौर हो चुके हैं दृ फिर भी रिश्तों में क्या सुधार हुआ है? दूसरी ओर, ईरान के राष्ट्रपति का दौरा बहुत अहम है। मैंने देखा कि ईरान के राष्ट्रपति शेर की तरह दिल्ली पहुंचे... ईरान ने इजराइल और अमेरिका के सामने अपनी ताकत, जज़्बे और आत्म–सम्मान का प्रदर्शन किया है... बाकी सब तो बस व्यापारी हैं दृ चीन एक व्यापारी है, और अमेरिका भी एक व्यापारी है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 12 सितंबर को नई दिल्ली पहुंचे और उसी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात होनी है।

## बंगाली हिंदुओं की संस्कृति को लेकर शुभेंदु का बड़ा आरोप, वाम–तृणमूल पर निशाना

कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को आरोप लगाया कि राज्य में लंबे समय तक सत्ता में रहे वाम मोर्चा और तृणमूल कांग्रेस ने बंगाली हिंदुओं की सांस्कृतिक परंपराओं को खत्म करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बंगाली हिंदुओं से जुड़ी विरासत और परंपराओं को



फिर से बहाल करने की कोशिश कर रही है। शुभेंदु ने केस्टोपुर में गणेश पूजा का उद्घाटन करने के बाद कहा कि राज्य की सांस्कृतिक पहचान को कमजोर करने की कोशिश लगभग पांच दशकों से जारी है। उन्होंने पश्चिम बंगाल में 34 साल के वाम मोर्चा शासन और 15 साल के तृणमूल कांग्रेस शासन का जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने जेल में बंद बांग्लादेशी हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास प्रभु की दयनीय स्थिति का भी उल्लेख किया जो मीडिया में प्रकाशित नवीनतम तस्वीरों से इंगित होता है। संबंधित तस्वीरों में चिन्मय कृष्ण दास प्रभु अपनी मां के पार्थिव शरीर के पास दुखी हालत में दिखते हैं। शुभेंदु ने कहा, चिन्मय प्रभु के आंसुओं ने दुनिया भर के सनातनियों को झकझोर दिया है। उनका यह बयान तृणमूल कांग्रेस द्वारा शुक्रवार को बांग्लादेशी हिंदू संत की दुर्दशा पर कथित तौर पर चुप्पी साधे रखने के लिए भाजपा की आलोचना किए जाने के एक दिन बाद आया है। शुभेंदु ने बंटवारे के समय पूर्वी पाकिस्तान के लोगों की दुर्दशा का भी जिक्र किया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि वामपंथी शासन के दौरान पारंपरिक हिंदू रीति–रिवाजों, धार्मिक ग्रंथों और त्योहारों को जानबूझकर हाशिए पर धकेल दिया गयाश्। उन्होंने दावा किया कि उस दौरान पूजा पंडालों में वामपंथी नेताओं–कार्ल मार्क्स और लेनिन की किताबें तो मिल जाती थीं, लेकिन स्वामी विवेकानंद, स्वामी प्रणवानंद और रामकृष्ण मिशन से जुड़ी रचनाएं वहां नहीं होती थीं। शुभेंदु ने आरोप लगाया, जिन लोगों ने 34 साल तक पश्चिम बंगाल पर शासन किया, वे नहीं चाहते थे कि हम अपनी धार्मिक परंपराओं, धर्मग्रंथों और रीति–रिवाजों के बारे में लिखें या उनका पालन करें।

संपादकीय

# पनीर का अर्थशास्त्र

एक समय देश में विशिष्ट खाद्य पदार्थ माने जाने वाले पनीर को लेकर आज गहराता अविश्वास चिंता की बात है। मुनाफे के लिये उपभोक्ता के विश्वास से खिलवाड़ का यह धंधा पूरे देश में खूब चल रहा है। दिल्ली में सामने आया नकली पनीर का मामला इसी कड़ी का एक हिस्सा है। निस्संदेह, ये मामले हमारी खाद्य सुरक्षा व्यवस्था की एक बड़ी कमजोरी को ही उजागर करते हैं। ये विडंबना ही है कि किसी उत्पाद की लागत, उसमें प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं और ग्राहक को इस बाबत दी जाने वाली जानकारी में अकसर विरोधाभास पाया जाता है। देश में एनालॉग पनीर की धड़ल्ले से बिक्री के पीछे भी मुनाफे का प्रलोभन ही है। जिसमें वेजिटेबल फैट,स्टार्च, प्लांट प्रोटीन और गैर डेयरी उत्पादों को मिलाया जाता है। दरअसल, यह पनीर, असली दूध वाले पनीर की तुलना में काफी सस्ता होता है और उत्पादकों के मुनाफे को बढ़ाता है। जानकारों का अनुमान है कि कीमतों का यह अंतर चालीस से पचास फीसदी तक हो सकता है। ऐसे में जब रेस्टोरेंट,कैटरर और खाने–पीने के दूसरे कारोबार कम मुनाफे पर करते हैं तो महंगे पनीर के जगह सस्ता पनीर इस्तेमाल करने का लालच होना एक स्वाभाविक बात है। दरअसल, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि हर एनालॉग प्रोडक्ट वास्तव में खाने की दृष्टि से असुरक्षित ही होता है। वास्तव में मुख्य समस्या धोखा देने की है। यदि किसी डेयरी पदार्थों से मुक्त विकल्प की पहचान स्पष्ट तौर पर एनालॉग पनीर के तौर पर की जाती है, तो ग्राहक सोच–समझकर उसको खरीदने के बारे में फैसला स्वतंत्र रूप से ले सकते हैं। लेकिन सबसे बड़ी बात इसको लेकर ईमानदारी न होना है। जब विक्रेता इसे दूध का पनीर बताकर बेचने लगते हैं तो उपभोक्ता निर्णय नहीं ले पाते। ऐसे में असली पनीर वाली पौष्टिकता उन्हें नहीं मिल पाती। निर्विवाद रूप से इस मामले में रेस्टोरेंट सबसे कमजोर कड़ी के रूप में सामने आते हैं। जिनका मुख्य मकसद अपने मुनाफे को प्राथमिकता देना ही होता है। वास्तव में जब भी कोई रेस्टोरेंट अपने किचन में एनालॉग पनीर आदि का इस्तेमाल करना शुरू करता है और उससे कोई व्यंजन बना लेता है तो ग्राहक नहीं समझ पाता है कि असली पनीर है या नकली पनीर है। देश के खाद्य पदार्थों का नियमन करने वाली संस्था एफएसएसएआई ने फूड–सर्विस देने वाले संस्थानों को स्पष्ट निर्देश दे रखे हैं कि वे यह सुनिश्चित करें कि पनीर वाली डिश में एनालॉग पनीर का इस्तेमाल ग्राहकों को सही जानकारी दिए बिना न किया जाए। इस विवाद के चलते देश के कई राज्यों ने कृत्रिम पनीर के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं। पंजाब सरकार ने इसके बनाने, संग्रहण करने, ट्रांसपोर्ट करने, बांटने और पनीर के नाम पर बेचने पर एक साल के लिये रोक लगा दी है। लेकिन यह भी एक हकीकत है कि एनालॉग पनीर के खिलाफ छापेमारी और उस पर प्रतिबंध लगाने मात्र से यह समस्या हल नहीं होने वाली है। दरअसल, नियामकों को उन आर्थिक कारणों पर भी गंभीरता से ध्यान देना होगा, जिसकी वजह से असली पनीर की जगह नकली पनीर का इस्तेमाल धड़ल्ले से किया जा रहा है। वास्तव में पनीर की जांच और गुणवत्ता के असली पनीर की उपलब्धता को सुनिश्चित करना जरूरी है। साथ ही तमाम रेस्टोरेंट व होटलों को उन खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के लिये जवाबदेह बनाना होगा, जिन्हें वे खरीदते हैं और ग्राहकों को परोसते हैं। निस्संदेह, हर ग्राहक को इस बात का हक है कि वह जान सके कि वह किस तरह का पनीर खा रहा है। एनालॉग पनीर उत्पादकों को उत्पाद के पैकेट पर स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य होना चाहिए कि यह एनालॉग पनीर है। इसके अलावा सवाल इसके अर्थशास्त्र का भी है कि यदि उत्पादक इसके जरिये मुनाफा कमा रहे हैं तो उपभोक्ता को उस कीमत के अंतर का लाभ मिलना चाहिए। साथ ही उन विक्रेताओं पर नकेल कसनी होगी जो असली पनीर की कीमत पर एनालॉग पनीर धड़ल्ले से बेच रहे हैं। वहीं दूसरी ओर ग्राहकों की सजगता भी इस समस्या के अंतिम समाधान में मददगार हो सकती है।

# विनोबा: अहिंसक क्रांति के अग्रदूत

आचार्य विनोबा भावे का जीवन सत्य, प्रेम एवं करुणा से सिंचित, पल्लवित एवं पुष्पित एक बेमिसाल नजीर था। विनोबा बंगाल की क्रांति एवं हिमालय की शांति की तलाश में 1916 में वाराणसी पहुंचे थे, फिर वहां से गांधीजी के पास पहुंच गए। इन दो महापुरुषों के मिलन ने विश्व के इतिहास को नई दिशा दी, सभ्यता को उस शिखर पर ले गए जिनके आलोक से युद्ध और हिंसा से झुलसती दुनिया आज भी शीतलता प्राप्त कर सकती है। विनोबाजी का जन्म 11 सितंबर, 1895 को महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले के एक छोटे से गांव गागोदा में हुआ था। उनका नाम विनायक नरहरि भावे था। मां इन्हें प्यार से विन्या कहकर पुकारती थी। विनोबा के पिता का नाम नरहरि शम्भूराव भावे और माता का नाम रुक्मिणी बाई (रखुमाई) था। विनोबा गांधी जी का दिया हुआ नाम था, जिससे पूरी दुनिया उन्हें जानती है। मां का विनोबा पर गहरा असर पड़ा। उनका मानना था कि वे जो कुछ भी हैं, अपनी मां की वजह से हैं। विनोबा ने गीता का मराठी अनुवाद गीताई (गीताआई) मां के कारण ही किया। वे कहते थे कि मां ने मुझे मानव के आचार धर्म (आचरण के उसूल) की शिक्षा दी। उनका मानना था कि भूदान आंदोलन के दौरान जो भी कार्य हुआ वह मां की शिक्षा के कारण ही हुआ। आजादी के बाद देश उथल–पुथल के दौर से गुजर रहा था। बंटवारे के कारण परिस्थिति विषम थी। गांधी की शहादत के कारण देश में घोर निराशा का वातावरण पसरा हुआ था। गांधी के बाद क्या? यह यक्ष प्रश्न बनकर खड़ा था। ऐसे में लोगों का ध्यान विनोबा जी ओर गया जिन्होंने न केवल इस दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वाह किया, बल्कि सर्वोदय दर्शन और अहिंसा के प्रयोग को नई उंचाई पर पहुंचाया। गांधीजी ने अपने प्रयोगों से पहले दक्षिण अफ्रीका फिर भारत की आजादी की लड़ाई में साबित कर दिया था कि अहिंसा व्यक्ति के साथ समाज का भी मूल्य हो सकती है। हिंसा का जवाब अहिंसा से दिया जा सकता है। दर्शन के रूप में गांधीजी ने सर्वोदय का विचार लोगों के सामने रखा। विनोबा ने इन प्रयोगों को आगे बढ़ाया, जिसका इतिहास में कोई सानी नहीं है। विनोबा के शब्दों में–अहिंसा की खोज करना मेरा जीवनकार्य रहा। मेरी शुरू हुई प्रत्येक कृति, हाथ में लिया हुआ प्रत्येक काम–सब उसी एक प्रयोग के लिए हुए और हो रहे हैं। मैं एक अलग दुनिया का आदमी हूं। मेरे पास प्रेम है, मत नहीं। मेरे पास विचार हैं जो मुक्त होते हैं। वे बंधे हुए नहीं होते। सज्जनों के साथ विचार–विमर्श कर उनके विचार ले सकते हैं और अपने विचार उन्हें दे सकते हैं। प्रेम और विचार में जो शक्ति है वह किसी और में नहीं। जिस देश में सत्ता, सम्पत्ति के लिए महाभारत हुए, जहां जमीन के लिए भाई–भाई के बीच मुकदमा, दुश्मनी आम बात है। वहां प्रेम और करुणा के आधार पर 47 लाख एकड़ से ज्यादा जमीन भूमिहीनों के लिए प्राप्त करना कोई चमत्कार से कम नहीं था। तेलंगाना के पोचमपल्ली गांव से निकलने वाली श्भूदान गंगाश की धारा न केवल पूरे देश में पहुंची, बल्कि इसकी गूंज विदेशों में भी सुनी गई। इस आंदोलन से न केवल भूमिहीनों के लिए जमीन मिली, बल्कि ऐसे अनेक चमत्कार हुए, जिसकी कल्पना भी करना मुश्किल था। तेलंगाना में जमीन के प्रश्न का हल अहिंसा के रास्ते निकाला। हिंसा की ज्वाला शांत हुई। वर्षों से चंबल घाटी में जारी हिंसा से मुक्ति का मार्ग खुला। जो काम तुर्क– मुगल शासन से लेकर अंग्रेजों तक तथा आजादी के बाद की सरकारें करने में नाकाम रहीं, उसे विनोबा भावे ने प्रेम –करुणा के आधार पर करने में सफलता पाई। भूदान आंदोलन के दौरान ही ग्रामदान का विचार आया। मंगरोठ (उत्तरप्रदेश) पहला ग्रामदानी गांव बना। विनोबा ने इसे डिफेंस मेजर कहा। तेरह साल तक अनवरत 80,000 किलोमीटर से ज्यादा की पदयात्रा अद्वितीय घटना थी। इस दौरान कई श्रेष्ठ विचार उन्होंने समाज के सामने रखे। जिससे सर्वोदय विचार को नई ऊर्जा और गति मिली। उन्होंने उसमें अर्थ और आश्रय भरे। उसे पुष्ट एवं समृद्ध किया। जिसमें ग्रामदान, संपत्ति दान, सम्मति दान आदि शामिल हैं। इसी दौरान जय जगत, सर्वोदय पात्र एवं शांति सेना आदि के उदात्त विचार हमें मिले। आंध्रप्रदेश के जीबी सुब्बाराव, जो भूदान यात्रा में शामिल थे, कहते हैं कि उन्होंने यह संकल्प लिया था कि जिस दिन जमीन दान में नहीं मिलेगी, उस दिन भोजन नहीं करेंगे। इससे अंदाज लगाया जा सकता है कि उस समय का माहौल कैसा था। पारसमणि की तरह विनोबा का व्यक्तित्व था। जो भी उनके संपर्क में आया उसके जीवन में बदलाव और निखार सहज ही हो जाता था।

चौथी कक्षा में पढ़ने वाले 9 साल के एक लड़के ने पंडित नेहरू को उनके जन्मदिन पर पत्र लिखा–श्मेरे प्यारे नेहरू चाचा, आचार्य विनोबा भावे गरीबों के लिए जमीन दान मांगते हैं। इसीलिए मैं अपनी पूरी 70 एकड़ जमीन, दो कुएं और एक मकान सब दे रहा हूं। मैं आपसे प्रार्थना करता हूं यह सारी जमीन–जायदाद आप फौरन अपने कब्जे में कर लें। यह सारी जायदाद मेरे दादाजी की थी। अब मेरे पिताजी उसके एक मात्र वारिस हैं। मैं उनकी इजाजत लेकर ही यह दान दे रहा हूं। उनके पिता ने भी लिखा था इस दान को स्वीकार कर बच्चों को आशीर्वाद दें, ताकि आगे चलकर देश का सच्चा सेवक बनें। इससे समझा जा सकता है कि श्भूदान आंदोलनश के कारण देश में किस तरह का वातावरण का निर्माण हुआ था। विवेकानंद के सर्वधर्म समभाव के विचार को महात्मा गांधी ने आगे बढ़ाया। विनोबा ने इसका और विस्तार किया। उन्होंने विश्व के सभी प्रमुख धर्मग्रंथों का गहरा अध्ययन कर उनका सार प्रस्तुत किया। यह विनोबा की समाज को अमूल्य देन है। उन्होंने जिस श्रद्धा और भक्ति से वेद–उपनिषद– गीता का अध्ययन किया, उसी आदर और भक्ति से दूसरे धर्मग्रंथों का भी अध्ययन किया। कुरान के अध्ययन के लिए अरबी भाषा पढ़ी। बौद्धों के धम्मपद के अध्ययन के लिए पाली पढ़ी। बाइबिल का सालों तक अध्ययन किया। इस प्रकार विश्व के सभी प्रमुख धर्मग्रन्थों का सार हमें दिया। सभी धर्म में सत्य का पालन अहिंसा से यानी प्रेम से बरतें और जरूरतमंदों की सेवा के लिए दौड़कर जाएं, यह मानवता का धर्म है।

यानी सत्य, प्रेम और करुणा यही सभी धर्मों का सार है। पूजा पद्धति सभी धर्मों की अलग–अलग है, परंतु मूल बातें सभी धर्मों में एक ही है। यह बात अगर समझ में आ गई तो एक–दूसरे के लिए प्रेम महसूस होने लगेगा। आज जब धर्म के नाम पर लड़ाई–झगड़ों की खबरें सुर्खियां बन रही हैं, विनोबा के विचार हमारे लिए तारक हो सकता है। जरूरत इस बात की है कि विनोबा ने जो सभी धर्मों का नवनीत हमारे सामने प्रस्तुत किया उसका अध्ययन कर उसे समाज में फैलाएं, तो समाज में प्रेम, शांति और सद्भावना कायम होगी और सही अर्थों में समृद्धि आएगी।

# त्योहार से पहले धार्मिक उन्माद

शारदीय नवरात्रि कुछ ही समय में आने वाली है, और धर्मोन्मादियों ने अभी से आस्था, भक्ति, उमंग और उत्साह के इन दिनों पर तनाव की काली छाया डाल दी है। मां दुर्गा के नौ रूपों और उनकी शक्ति का यह पर्व देश के पूर्वी हिस्से में अलग तरीके से मनाया जाता है और पश्चिमी हिस्से में अलग तरीके से। प.बंगाल के दुर्गा पंडालों से लेकर गुजरात में शक्ति की आराधना के लिए किए जाने वाले गरबा नृत्य हर किसी की अलग खासियत है। भारत की विविधिताओं में एकता वाले फलसफे में एक फलसफा यह भी है कि एक ही धार्मिक पर्व को कितने अलग–अलग तरीकों से, अलग–अलग राज्यों में मनाया जाता है। अब तो महानगरों में जहां नौकरी, कारोबार आदि के सिलसिले में सारे देश से आए लोग रहते हैं, वहां एक जगह पर बंगाल के तरीके की दुर्गापूजा मनाई जाती है और दूसरी जगह पर गुजरात का गरबा होता है। हिंदुस्तान की ऐसी ही खूबसूरती दुनिया में प्रसिद्ध है। मगर भाजपा की मोदी सरकार आने के बाद इस खूबसूरती पर कालिमा छा रही है। अभी रविवार को बागेश्वर धाम के प्रमुख धीरेंद्र शास्त्री ने कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में हिंदुओं से दुर्गा पूजा के दौरान मांसाहार से बचने की अपील की और कहा कि उन्हें यह अच्छा नहीं लगता कि दुर्गा पूजा और उससे जुड़े आयोजनों के दौरान मांसाहारी भोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि कोलकाता के हिंदुओं को इस मुद्दे पर जागरूक होना चाहिए और ऐसे लोगों का बहिष्कार करना चाहिए जो पूजा के दौरान मांसाहार करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्गा पूजा के समय देवी प्रतिमा के आसपास मांस की बिक्री नहीं होनी चाहिए। गनीमत यह रही कि धीरेन्द्र शास्त्री के ऐसे बेतुके बयान पर न केवल विपक्षी तृणमूल कांग्रेस बल्कि खुद सत्ता में बैठी भाजपा के नेताओं ने आपत्ति जताई है। टीएमसी प्रवक्ता रिजु दत्ता ने कहा कि दुर्गा पूजा बंगालियों के लिए केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि उनकी संस्कृति, पहचान और भावनाओं का हिस्सा है। दत्ता ने कहा कि बंगाली समाज अपनी श्मां दुर्गाश का उत्सव किस तरह मनाएगा, यह कोई बाहरी व्यक्ति तय नहीं कर सकता। रिजु दत्ता ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक दल बंगालियों को यह बताने की कोशिश करेगा कि उन्हें अपनी परंपराओं के अनुसार कैसे पूजा करनी चाहिए, तो वह श्आग से खेल रहा होगा।श रिजु दत्ता ने आरोप लगाए कि भाजपा बंगालियों की थाली से मछली और मांस हटाना चाहती है। इसके लिए पूजा से पहले कई रेस्तरां पर कार्रवाई की जा रही है। अगर ये आरोप सही साबित होते हैं तो फिर तय है कि प.बंगाल में भाजपा टिक नहीं पाएगी। क्योंकि इसमें सीधे बंगाली अस्मिता पर चोट की जा रही है। वैसे धीरेंद्र शास्त्री की अपील पर पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने भी दो टूक जवाब दिया है कि किसी धार्मिक व्यक्ति या राजनीतिक दल को यह अधिकार नहीं है कि वह बंगाल के लोगों को बताए कि उन्हें क्या खाना या पहनना चाहिए। भट्टाचार्य ने कहा, बंगालियों को अपने तरीके से जीने दें। बंगाली वही खाएंगे जो वे खाते आए हैं।य उन्होंने सवाल किया कि क्या बंगाली मछली और मांस नहीं खा सकते? इस संदर्भ में उन्होंने स्वामी विवेकानंद का भी उल्लेख किया और कहा कि उनके विचारों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि किसी संत को शाकाहार का प्रचार करने का अधिकार है और ऐसा करना अपराध या पाप नहीं है। लेकिन श्पाखंड्य स्वीकार नहीं किया जा सकता। भट्टाचार्य के मुताबिक, धार्मिक व्यक्ति की निजी राय को बंगाली समाज के लिए नियम नहीं बनाया जा सकता। इसी तरह मोदी सरकार के करीबी अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने भी धीरेंद्र शास्त्री का नाम लिए बिना सोशल मीडिया पर लिखा कि शाक्त हिंदू धर्म में मांस का महत्वपूर्ण स्थान है और प्राचीन धार्मिक अनुष्ठानों में इसे मां दुर्गा और मां काली को अर्पित किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा की नवमी,दशमी पर श्रद्धालुओं द्वारा ग्रहण किया जाने वाला प्रसाद कई परंपराओं में मांस होता है और इस धार्मिक परंपरा में किसी तरह का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता और मेघालय के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने तो यहां तक कहा कि वह स्वयं नवरात्रि के दौरान मांसाहारी भोजन करते हैं और फिर भी 100 प्रतिशत हिंदूय हैं। तथागत रॉय ने कहा कि हिंदुत्व में किसी एक तरह की जीवनशैली सब पर थोपने की परंपरा नहीं है। धीरेन्द्र शास्त्री का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म की सबसे बड़ी विशेषता उसकी विविधता है और कोई भी व्यक्ति उनके जीवन को आदेश देकर नियंत्रित नहीं कर सकता। ये प्रतिक्रियाएं बता रही हैं कि भाजपा के लोगों की धार्मिक भावनाएं धीरेन्द्र शास्त्री के बयान से आहत हुई हैं। चूंकि मामला एक ही परिवार का है, इसलिए भाजपा इसे किसी तरह संभाल लेगी। लेकिन अब कम से कम लोगों को सोचना चाहिए कि जब इसी तरह मुसलमानों या ईसाइयों के धार्मिक पर्वों में दखलंदाजी की जाती है, जिससे उन्हें खुशियां भी डर–डर कर मनानी पड़ती हैं, तब उन्हें कैसा लगता होगा। प.बंगाल में दुर्गापूजा में मांसाहार पर विवाद खड़ा किया गया तो महाराष्ट्र में विश्व हिंदू परिषद ने गरबा आयोजनों में मुस्लिमों को शामिल नहीं होने देने की बात कही है। उनके समर्थन में महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे भी आ गए। राणे ने कहा है कि गरबा और डांडिया जैसे आयोजनों में प्रवेश से पहले लोगों की पहचान सत्यापित की जानी चाहिए, साथ ही सुझाव दिया कि कार्यक्रम में प्रवेश चाहने वालों से हनुमान चालीसा का पाठ कराया जा सकता है। इसके बाद राणे ने आरोप लगाया कि ऐसे त्योहारों के दौरान श्लव जिहादय के मामले बढ़ जाते हैं। हालांकि इस बात का केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने विरोध किया है। आठवले ने कहा कि ऐसा रुख सही नहीं है, क्योंकि अलग–अलग धर्मों के लोगों को एक–दूसरे के त्योहारों में शामिल होने का अधिकार है।




आठवले भाजपा नेता नहीं हैं, लेकिन एनडीए का हिस्सा हैं। इसलिए उनके विरोध का महत्व है। अब देखना ये है कि मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस इस बारे में कोई राय देते हैं या नहीं, क्योंकि उनकी पत्नी अमृता फड़नवीस का तो कहना है कि नितेश राणे ने कुछ सोचकर ऐसा कहा होगा। लेकिन कोई गरबा आयोजन में बिना खलल डाले शामिल होता है, तो फिर उन्हें आने देना चाहिए। यानी मुसलमानों को गरबा से दूर करने की बात उन्हें भी रास नहीं आई। नजर आ रहा है कि धार्मिक उन्माद से इस बार भाजपा को ही तकलीफ हो रही है।

# न्यायपालिका की भूमिका और अधिकारों की रक्षा के सवाल

**राजेश पाण्डेय**

सजीव और सजग लोकतंत्र में न्यायपालिका की भूमिका अहम रहती है। वह लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी स्तंभों के बीच संतुलन बनाए रखती है। संवैधानिक मूल्यों, कानून के शासन, नागरिकों की आजादी, समानता और न्याय की रक्षा करती है। जैसा कि मानव अधिकारों के चौम्पियन जस्टिस वीआर कृष्ण अय्यर ने कहा था, श्न्यायिक समीक्षा अधिकारियों को उनकी सीमाओं के दायरे में रखने के लिए संवैधानिक नियंत्रण के बतौर काम करती हैश। भारत में मनमाने कानूनों, निजी विवादों, सामाजिक अन्याय और शासनतंत्र के दुरुपयोग के खिलाफ अदालतें अक्सर कारगर हथियार साबित होती रही हैं। दूसरी तरफ अलग–अलग अदालतों ने कई फैसलों में सरकारों की मनमानी का समर्थन किया है और संवैधानिक मूल्यों की अनदेखी की है। कई मौकों पर उनकी भूमिका ने निराश किया है। न्याय की उम्मीद लेकर अदालतों के दरवाजों पर दस्तक देने वाले लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा है। फिर भी, न्यायपालिका ने समय–समय पर सरकारी तंत्र पर अंकुश लगाया है, उसकी जवाबदेही तय की है। इस सिलसिले में अभी हाल में संवैधानिक अदालतों के फैसलों ने ध्यान खींचा है। अदालती फैसलों के अलावा सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जवल भुयन की लगातार आ रही टिप्पणियां भी न्यायपालिका में चल रहे विचार मंथन की झलक पेश करती हैं। उन्होंने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से अदालतों के कई फैसलों की आलोचना की है। सुप्रीम कोर्ट के किसी जज द्वारा न्यायिक फैसलों की खामियों को सामने रखने के उदाहरण दुर्लभ होते जा रहे हैं। बहरहाल, पहले संवैधानिक अदालतों (सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट) के कुछ निर्णयों पर गौर करें। ये नागरिकों की आजादी, शांतिपूर्ण तरीकों से विरोध जताने के अधिकारों का समर्थन करते हैं। सरकारों के दमन और बुनियादी अधिकारों को कुचलने की कोशिशों को रद्द करते हैं। ये फैसले आगे के लिए नजीर बन सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 1 सितंबर को संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपने अधिकारों का उपयोग करते हुए 20 जुलाई से 25 जुलाई 2026 के बीच आंदोलनकारी छात्रों पर देश भर में दर्ज सभी एफआईआर को रद्द कर दिया। भारत के चीफ जस्टिस की एक टिप्पणी के बाद इंटरनेट मीम्स के बीच कॉकरोच जनता पार्टी का जन्म हुआ। इसके झंडे तले छात्रों ने जंतर–मंतर पर नीट पेपर लीक के लिए शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के लिए 20 जून से आंदोलन शुरू किया था। 25 जुलाई को प्रधान के इस्तीफे के बाद आंदोलन पर विराम लगा। छात्रों और सरकार के बीच देशभर में आंदोलनों के संबंध में छात्रों पर दर्ज मामले वापस लेने की सहमति बनी थी। सरकार द्वारा वादा न निभाने के विरोध में छात्रों ने 5 सितंबर को संसद कूच का ऐलान किया। आखिरकार केंद्र और कुछ राज्य सरकारों के आग्रह पर 1 सितंबर को चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुआई में तीन न्यायाधीशों की बेंच ने सभी एफआईआर रद्द कर दी। 2 सितंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दिल्ली यूनिवर्सिटी की कानून की एक छात्रा आकृति चौधरी की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) में नोएडा पुलिस द्वारा की गई नजरबंदी को रद्द कर दिया। 13 अप्रैल को नोएडा में न्यूनतम वेतन में बढ़ोतरी की मांग कर रहे कारखाना मजदूरों के आंदोलन से एक दिन पहले आकृति को गिरफ्तार किया गया था। उस पर आगजनी और पथराव के लिए भड़काने का आरोप है। जस्टिस अतुल श्रीधरन और अचल सचदेव की बेंच ने प्रशासन को पांच लाख रुपए हर्जाना देने और किसी अन्य मामले में गिरफ्तारी की जरूरत न होने की स्थिति में आकृति को फौरन रिहा करने का आदेश दिया। आकृति के खिलाफ नोएडा के पांच पुलिस थानों में मजदूर आंदोलन के संबंध में 11 एफआईआर दर्ज हैं। सुप्रीम कोर्ट का एक फैसला बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) के बारे में है। लेकिन यह छात्रों से जुड़ा है। 3 सितंबर को देश की सबसे बड़ी अदालत ने निर्णय दिया कि बार काउंसिल को कानून के छात्रों को अनुशासित करने या उन्हें नियमों के दायरे में रखने का कोई अधिकार नहीं है। कोर्ट ने नलसार यूनिवर्सिटी के विधि ग्रेजुएट्स का वकील के रूप में रजिस्ट्रेशन न करने की धमकी देने वाले काउंसिल के आदेश को रद्द कर दिया। यह धमकी छात्रों द्वारा यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में चीफ जस्टिस सूर्यकांत को आमंत्रित किए जाने का विरोध करने पर दी गई थी। बीसीआई अध्यक्ष मनन कुमार मिश्र का कहना था चूंकि उन्होंने नलसार यूनिवर्सिटी को जारी आपत्तिजनक पत्र वापस ले लिया है, लिहाजा मामले को खत्म कर दिया जाए। फिर भी सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि बीसीआई या राज्यों की बार काउंसिल को विधि छात्रों पर किसी तरह की अनुशासनात्मक कार्रवाई का अधिकार नहीं है। बीसीआई के दायरे में केवल वकील आते हैं। कोर्ट ने याचिका कर्ताओं के वकील के इस तर्क से सहमति जताई कि बीसीआई का 13 अगस्त को नलसार यूनिवर्सिटी को जारी पत्र छात्रों के बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी में गहरी सेंध लगाता है। सुप्रीम कोर्ट के दो फैसले और इलाहाबाद हाईकोर्ट का निर्णय मानवीय स्वतंत्रता, गरिमा और सम्मान की रक्षा करने के सशक्त मैसेज देते हैं। वे जोर देते हैं कि असहमति और अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान करना कितना जरूरी है। इस कड़ी में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जवल भुयन के भाषण इन मूल्यों की रक्षा करने की अहमियत बताते हैं। उन्होंने जजों की नियुक्ति, उनके ट्रांसफर सहित कई मुद्दों को उठाया है। यहां जस्टिस भुयन के कुछ भाषणों का जिक्र काफी है। उन्होंने 25 जुलाई को नेशनल लॉ इंस्टीट्यूट यूनिवर्सिटी, भोपाल में जस्टिस जीपी सिंह स्मृति व्याख्यान में कहा कि अपने विचारों की अभिव्यक्ति और शांतिपूर्ण प्रदर्शन नागरिकों की बुनियादी स्वतंत्रता का हिस्सा हैं। बहस और असहमति लोकतंत्र का मूल हैं। उन्होंने छात्रों के विरोध प्रदर्शनों का हवाला देते हुए कहा कि दुर्भाग्य से सामान्य गतिविधियों को भी आपराधिक माना जा रहा है। उन्होंने बुलडोजर चलाने की कार्रवाई के संबंध में 2024 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा लेकिन फैसला दो साल की देर से आया है।

# राष्ट्र के विकास के लिए नारी सशक्तिकरण जरूरी : नागेश बापूराव पाटील

## रक्षाबंधन की डोर, हरतालिका तीज की भोर, नारीशक्ति का जोर' कार्यक्रम में हज़ारों की संख्या में जुटी महिलाएं

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज (मेजा)। महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश देने के उद्देश्य से शुक्रवार को मेजा के सिरखिड़ी स्थित एमबी पैलेस एंड रिजॉर्ट में नारीशक्ति सम्मान समारोह का आयोजन आजकिया गया। 'रक्षाबंधन की डोर, हरतालिका तीज की भोर, नारीशक्ति का जोर' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में महिलाओं ने सहभागिता निभाई। देश की आधी आबादी की बड़ी भागीदारी से कार्यक्रम के मुख्य स्थल नारीशक्ति के उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का आयोजन शिवसेना की प्रदेश सचिव श्रीमती रूचि अभिषेक तिवारी की ओर से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के हिंगोली लोकसभा क्षेत्र के सांसद नागेश बापूराव पाटिल आष्टीकर थे। उन्होंने कहा कि शिवसेना नारी सम्मान के मुद्दे पर मुखर रही है। पार्टी नेता एकनाथ शिंदे महिला सम्मान और सशक्तिकरण के लिए सरकार के सामने डटे और अड़े रहे। महाराष्ट्र में महिलाओं के कल्याण और समृद्धि के लिए कई योजनाएं लागू हैं। पार्टी की नारी सम्मान की यह प्रतिबद्धता है।उन्होंने हरितालिका तीज के आयोजन को लेकर पार्टी नेत्री रुचि तिवारी को सराहा है।

मुख्य अतिथि सांसद नागेश बापूराव पाटिल आष्टीकर ने कहा कि नारीशक्ति के बिना सशक्त समाज और राष्ट्र की कल्पना नहीं की जा सकती। महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, मेहनत और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है। महिलाओं को समान अवसर और सम्मान देकर ही समाज को आगे बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि रूचि तिवारी ने उन्हें रक्षा सूत्र बांधा है। यह विश्वास का सूत्र है और निश्चित रूप से इस राखी का भरोसा टूटने नहीं दिया जाएगा। जिस तरह रूचि ने विश्वास रखा है, उसी तरह आप सभी भी उन पर विश्वास रखें। यदि मेजा की जनता ने उन्हें राजनीति में स्वीकार किया



तो निश्चित रूप से वह इतिहास बदलने का काम करेंगी।

कार्यक्रम की आयोजक रूचि अभिषेक तिवारी ने कहा कि नारीशक्ति समाज की मजबूत आधारशिला है। महिलाओं को सम्मान, स्वाभिमान और समान अवसर प्रदान करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से महिलाओं के अधिकारों और उनके सामाजिक योगदान के प्रति जागरूकता बढ़ती है।अभिषेक तिवारी (टिंकू), अधिवक्ता उच्च न्यायालय ने कहा कि महिलाओं ने हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परिचय दिया है। उनके योगदान को सम्मानित करना समाज के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम में सुजीत, मंजीत तिवारी के साथ शालू विश्वकर्मा ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर मातृ शक्ति को सुरों से सम्मान दिया। कार्यक्रम के दौरान रूचि तिवारी ने मुख्य अतिथि सांसद नागेश बापूराव पाटिल आष्टीकर को रक्षा सूत्र बांधा। कहा कि भाई बहन के इस पवित्र रिश्ते का सम्मान होगा।कार्यक्रम का सफल संचालन कर रहे प्रधान अनिल कुमार शुक्ल ने आयोजन को संस्कृति और संस्कार से जोड़े रखा।

मंच पर दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने अध्यक्षता की। इस दौरान छत्तीसगढ़ सरकार के संयुक्त आयुक्त (पंचायत एवं ग्रामीण) डॉ. अशोक हरिवंश, सनातनी किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी कौशल्या नन्दगिरी, श्रीराम जानकी ट्रस्ट की पीठाधीश्वर मां राजलक्ष्मी मंदा, छत्तीसगढ़ अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री वेद प्रकाश मनहरे, शिवसेना उत्तर प्रदेश के राज्य प्रमुख अभय द्विवेदी तथा दिल्ली के राज्य प्रमुख संदीप चौधरी समेत कई विशिष्ट और आमंत्रित अतिथि थे।

कार्यक्रम के संयोजक पं. अष्टभुजा प्रसाद तिवारी, अनुराग तिवारी और शिव प्रकाश उपाध्याय रहे। इस दौरान भाजपा नेता योगेश शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्रा, विहिप जिलाध्यक्ष नित्यानंद उपाध्याय, पूर्व प्रमुख मुन्नन शुक्ला, प्रमुख प्रतिनिधि पप्पू गौतम, पप्पू उपाध्याय, ओपी पाण्डेय, राहुल मिश्रा, राम शिरोमणि तिवारी, मनीष तिवारी, जिला प्रमुख शिव उपाध्याय, दिनकर मिश्रा, योगेन्द्र सिंह, सबल तिवारी, दीपक गौड़, शीतला प्रसाद तिवारी, मनोज पाण्डेय, नीरज द्विवेदी, विनय शुक्ला, धर्मेंद्र सिंह, शिवाकांत द्विवेदी, महीप सिंह और सोनू सेठ समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इस दौरान अखंड हिंद फौज की टीम ने मेजा पुलिस के साथ कार्यक्रम की सुरक्षा एवं व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाई।

## भाजपा ने अनुसूचित जनजाति को वास्तविक सम्मान दिया : विद्या भूषण गौंड

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विद्या भूषण गौंड ने कहा कि भाजपा ने सही मायनों में अनुसूचित जनजाति वर्ग को वास्तविक सम्मान दिया है। उन्होंने शनिवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में अनुसूचित



जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। श्री विद्या भूषण गौंड ने कहा कि द्रौपदी मुर्मू के रूप आज देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी समाज की महिला राष्ट्रपति के पद पर आसीन हैं। आदिवासियों के लिए जितना पीएम मोदी ने उल्लेखनीय कार्य किया उतना देश पर 70 साल राज करने वालों ने नहीं किया। विपक्ष ने हमेशा आदिवासी समाज को छलने का काम किया है। 2027 में हमारी जितनी भी संख्या है प्रयागराज में हमें पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरना है। सरकार के उल्लेखनीय कार्यों को जन जन तक पहुंचाने में मोर्चा कार्यकर्ता अपना विशेष सहयोग प्रदान करें। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता ने विद्या भूषण गौंड का स्वागत अभिनंदन किया। मोर्चा के महानगर अध्यक्ष राजेश गौंड, आरती गौंड, अमित गोंड आदि मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनुसूचित जाति होने मात्र से एससी-एसटी एक्ट नहीं लगता, अपमान जाति के कारण होना जरूरी

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किसी व्यक्ति के अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य होने मात्र से एससी–एसटी एक्ट की धाराएं लागू नहीं हो जातीं। आरोपी का कृत्य ऐसा होना चाहिए, जिससे यह स्पष्ट हो कि उसने पीड़ित को उसकी जाति के कारण जानबूझकर अपमानित या प्रताड़ित किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद में जमीन के लेनदेन से जुड़े मामले में आरोपी राजू कुरैशी उर्फ उमरदराज के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट के तहत चल रही कार्यवाही को निरस्त कर दिया है। हालांकि धोखाधड़ी, आपराधिक न्यासभंग, आपराधिक षड्यंत्र, गाली–गलौज और धमकी के आरोपों में मुकदमे की कार्यवाही जारी रहेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति संतोष राय की एकलपीठ ने दिया। गाजियाबाद के लोनी थाने में वर्ष 2025 में याची के खिलाफ एससी–एसटी एक्ट के साथ जालसाजी, धोखाधड़ी और अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

ट्रायल कोर्ट ने आरोपपत्र का संज्ञान लेते हुए आरोपी को समन जारी किया था। इसके खिलाफ याची ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर समन/संज्ञान आदेश सहित पूरी आपराधिक कार्यवाही निरस्त करने की मांग की। याची के अधिवक्ता मोहम्मद समीउज्जमा खान ने दलील दी कि मामला बंथला गांव के खसरा संख्या 1245 से जुड़ी जमीन के लेनदेन का है। मूल रूप से यह दीवानी विवाद है, जिसे आपराधिक रंग दिया गया। कथित जातिसूचक टिप्पणी को सार्वजनिक रूप से किए जाने का भी कोई स्पष्ट आरोप नहीं है। हाईकोर्ट ने एफआईआर और केस डायरी का अवलोकन करने के बाद पाया कि रिकॉर्ड पर ऐसी कोई सामग्री नहीं है, जिससे यह साबित हो कि आरोपी ने पीड़ित को उसकी जाति के आधार पर जातिसूचक शब्द कहे या जानबूझकर अपमानित किया। कोर्ट ने यह भी पाया कि अभियोजन यह प्रदर्शित नहीं कर सका कि कथित अपमान सार्वजनिक रूप से हुआ था और आरोपी का उद्देश्य पीड़ित को अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का सदस्य होने के कारण अपमानित करना था।

अदालत ने स्पष्ट किया कि केवल पीड़ित के एससी/एसटी समुदाय से संबंधित होने के आधार पर एससी–एसटी एक्ट की धाराएं नहीं लगाई जा सकतीं। अपराध के आवश्यक तत्वों का आरोप और प्रथमदृष्टया समर्थन करने वाली सामग्री रिकॉर्ड पर होना जरूरी है। हाईकोर्ट ने आपराधिक अपील को आंशिक रूप से स्वीकार करते हुए एससी–एसटी एक्ट के तहत जारी समन/संज्ञान आदेश रद्द कर दिया। वहीं धोखाधड़ी, आपराधिक न्यासभंग, आपराधिक षड्यंत्र, गाली–गलौज और धमकी से जुड़े आरोपों में ट्रायल जारी रखने का आदेश दिया।

## सीएम योगी 14 सितंबर को आ सकते हैं संगमनगरी, हाईकोर्ट में प्रस्तावित है कार्यक्रम

प्रयागराज। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की शुक्रवार को आपातकालीन बैठक की गई। इसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम 14 सितंबर 2026 (सोमवार) को शाम चार बजे हाईकोर्ट के क्रिकेट मैदान में आयोजित किया जाएगा।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की शुक्रवार को आपातकालीन बैठक की गई। इसमें बताया गया कि मुख्यमंत्री का कार्यक्रम 14 सितंबर 2026 (सोमवार) को शाम चार बजे हाईकोर्ट के क्रिकेट मैदान में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी है। अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडे व महासचिव अखिलेश कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई। बताया कि एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव पहले से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 17 सितंबर 2026 (बृहस्पतिवार) को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक हाईकोर्ट के क्रिकेट मैदान में ही संपन्न होगा। बैठक में अधिवक्ता हर्ष गोपाल की सदस्यता बहाल करने का भी निर्णय लिया गया। कार्यकारिणी के विरुद्ध अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने के कारण उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई थी। बैठक में संयुक्त सचिव प्रेस आरडी पांडेय, अमित कुमार सिंह सोनू, राजकुमार त्रिपाठी, दिनेश वरुण, बैरिस्टर सिंह, शशि कुमार द्विवेदी, अंजनी कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।

## किरायेदार और मकान मालिक बीच लंबित मुकदमे में तीसरे पक्षकार की दखल जरूरी नहीं

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किरायेदार और मकान मालिक के बीच लंबित बेदखली के मुकदमे में किसी तीसरे पक्षकार की दखल जरूरी नहीं है। भले ही तीसरा पक्षकार संबंधित मकान पर खुद मालिकाना हक का दावा करता हो।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि किरायेदार और मकान मालिक के बीच लंबित बेदखली के मुकदमे में किसी तीसरे पक्षकार की दखल जरूरी नहीं है। भले ही तीसरा पक्षकार संबंधित मकान पर खुद मालिकाना हक का दावा करता हो।

## तहसीलदार ने पुलिस बल के साथ विवादित भूमि की पैमाइश कराई

प्रातःकाल एक्सप्रेस

लालगोपालगंज। मौजा इब्राहिमपुर में विवादित गाटा संख्या 53 व 54 के मध्य सड़क निर्माण को लेकर एसडीएम सोरांव के



निर्देश पर नापजोख कराई गई। अस दौरान नगर प्रशासन व पुलिस भी उपस्थित रहे। आवेदक मयाराम पटेल लंबे समय से अधिकारियों को पत्राचार के माध्यम से समस्या से अवगत करा रहे थे। उनका आरोप है कि सड़क का निर्माण राजस्व अभिलेखों में दर्ज चकमार्ग गाटा संख्या 53 पर न करके, उनकी निजी भूमि गाटा संख्या 54 में कर दिया गया है। लगातार मिल रही शिकायतों का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने जांच के आदेश दिए। इसी क्रम में शुक्रवार को तहसीलदार बृजेश कुमार, राजस्व निरीक्षक एवं क्षेत्रीय लेखपाल के साथ इब्राहिमपुर पहुंचे। पैमाइश के दौरान पारदर्शिता तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस बल व पक्षकार उपस्थित रहे।

## 'करके सीखने' से बच्चों में विकसित होगी रचनात्मकता और व्यावहारिक सोच : अनिल कुमार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज, 12 सितंबर। विकासखंड चाका के उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहिउद्दीनपुर में शनिवार को स्ठव (स्मंतदपदह इल क्वपदह) कक्ष का भव्य उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार ने किया। कार्यक्रम में स्काउट–गाइड के छात्र–छात्राओं ने बैंड की मधुर धुनों के साथ अतिथियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों की अनुशासित प्रस्तुति ने समारोह में विशेष आकर्षण जोड़ा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं माल्यार्पण से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह में शिक्षा, रचनात्मकता, संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देखने को मिला।

बीएसए अनिल कुमार ने



विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित रखने के बजाय गतिविधियों और प्रयोगों के माध्यम से सीखने के अवसर दिए जाने चाहिए। स्ठव कक्ष बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता, समस्या समाधान की क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका कमर सुल्तान के नेतृत्व में किए जा रहे शैक्षिक एवं रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय का सुव्यवस्थित वातावरण, विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता, अनुशासन और नवाचार आधारित गतिविधियां विद्यालय परिवार की सकारात्मक कार्यशैली को दर्शाती हैं। उन्होंने स्ठव कक्ष की स्थापना और कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रधानाध्यापिका एवं शिक्षकों को बधाई दी।

प्रधानाध्यापिका कमर सुल्तान ने बीएसए अनिल कुमार और डीसी समेकित शिक्षा विकास पांडेय को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक गतिविधियों के साथ रचनात्मक, सांस्कृतिक और प्रयोगात्मक गतिविधियों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। स्ठव कक्ष से विद्यार्थियों को 'करके सीखने' का बेहतर और व्यावहारिक मंच मिलेगा।

कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक–शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अतिथियों ने विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना की।

## शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव बने के पी ट्रस्ट के उपाध्यक्ष

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सम्पूर्ण एशिया भर में शिक्षा, समाज सेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था श्द कायस्थ पाठशालाश (के. पी. ट्रस्ट ) (12ध्, कमला नेहरू रोड, प्रयागराज ) के उपाध्यक्ष पद पर टैगोर टाउन निवासी शौर्य दीप सचिन श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। संस्था के अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह ने शुक्रवार को मनोनयन पत्र सौंपा।यह नियुक्ति संस्था के चिकित्सा सेवा विस्तार और विकास के दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। इस पद पर आसीन होने के उपरांत शौर्य दीप का मुख्य उद्देश्य संस्था के अंतर्गत



मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल और डायग्नोस्टिक सेंटर जैसी अत्याधुनिक चिकित्सा परियोजनाओं को मूर्त रूप देना और उनका सफल संचालन सुनिश्चित करना है। नियुक्ति पत्र में अध्यक्ष चौधरी राघवेंद्र नाथ सिंह ने विश्वास व्यक्त किया है कि श्री शौर्य दीप के अनुभव और विशेषज्ञता से कायस्थ पाठशाला और उसकी संस्थाओं के विकास में एक सार्थक योगदान मिलेगा। साथ ही, चिकित्सा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आमजन को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ कराने की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा। इस दायित्व को ग्रहण करने के बाद शौर्य दीप ने संस्था के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका पूरा प्रयास रहेगा कि प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को बेहतरीन और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं, आधुनिक मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल और डायग्नोस्टिक सेंटर के माध्यम से प्राप्त हो सकें। शौर्यदीप सचिन श्रीवास्तव के उपाध्यक्ष बनाये जाने पर कौशलेन्द्र श्रीवास्तव, ट्रस्ट के महामंत्री एस डी कौटिल्य, पवन शंकर, रंग श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, श्रीमती कल्पना श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव सहित ट्रस्ट के तमाम पदाधिकारियों एवं ट्रस्ट से जुड़े लोगों ने बधाई दी।

## सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज में तीन दिवसीय मूटिंग प्रशिक्षण अभ्यास का सफल समापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज, प्रयागराज के विधि विभाग के बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स) पाठ्यक्रम के नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय गहन मूटिंग प्रशिक्षण अभ्यास का 12 सितंबर 2026 को सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 सितंबर से शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को शैक्षणिक जीवन के प्रारंभिक चरण में ही मूटिंग की अवधारणा तथा विधि व्यवसाय के व्यावहारिक पक्षों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे के निर्देशन में किया गया। उन्होंने विधि विद्यार्थियों में व्यावसायिक दक्षता, व्यावहारिक विधिक कौशल और न्यायालयीन आत्मविश्वास विकसित करने के महत्व पर जोर दिया।

बी.ए. एलएल.बी. (ऑनर्स) कार्यक्रम की समन्वयक श्रीमती रेनू सिंह ने संसाधन व्यक्ति सुश्री प्रितिका तिवारी, अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद का स्वागत एवं परिचय कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता करने तथा विधिक शोध, ड्राफ्टिंग, तर्क–वितर्क एवं न्यायालयीन वकालत से जुड़े आवश्यक कौशल सीखने के लिए प्रेरित किया।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान सुश्री प्रितिका तिवारी ने विद्यार्थियों को मूट कोर्ट प्रतियोगिताओं की मूलभूत अवधारणाओं, प्रक्रियाओं और महत्व की जानकारी दी। सत्रों में मूट कोर्ट की संरचना, मूट प्रोपोजिशन की व्याख्या, विधिक मुद्दों की पहचान, विधिक शोध, तर्कों की तैयारी तथा न्यायालयीन प्रस्तुतीकरण और वकालत के मूल सिद्धांतों पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के सभी सत्र संवादात्मक एवं सहभागितापूर्ण रहे। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रश्न पूछे और चर्चाओं में सक्रिय सहभागिता की। विद्यार्थियों को व्यावहारिक समझ प्रदान करने के लिए एक मूट प्रोपोजिशन पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसके माध्यम से उन्होंने तथ्यों का विश्लेषण, विधिक मुद्दों की पहचान तथा दोनों पक्षों के दृष्टिकोण से प्रभावी तर्क विकसित करने की प्रक्रिया को समझा।

प्रशिक्षण का सफल समापन नवप्रवेशित विद्यार्थियों के क्षमता–विकास और व्यावहारिक विधिक प्रशिक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना गया। प्रशिक्षण के दौरान अर्जित कौशल को व्यवहार में लागू करने के लिए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु निकट भविष्य में Beginners' Moot Court Exercise आयोजित करने का प्रस्ताव है।

इसके अतिरिक्त, द्वितीय वर्ष से अंतिम वर्ष तक के विद्यार्थियों के लिए मध्यावधि परीक्षाओं के समापन के बाद Intensive Mooting Training Exercise के दूसरे संस्करण के आयोजन का भी प्रस्ताव है। इससे विद्यार्थियों को न्यायालयीन वकालत, शोध और प्रभावी तर्क–वितर्क की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।

## यात्रीगण ध्यान दें : प्रयागराज और सूबेदारगंज से चलने वाली स्पेशल ट्रेनों के बढ़े फेरे

प्रयागराज। दिवाली के पहले ट्रेनों में नो रूम और लंबी प्रतीक्षा सूची का मुद्दा उठाए जाने के बाद रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज और सूबेदारगंज स्टेशनों से संचालित स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। दिवाली के पहले ट्रेनों में नो रूम और लंबी प्रतीक्षा सूची का मुद्दा उठाए जाने के बाद रेलवे प्रशासन ने प्रयागराज और सूबेदारगंज स्टेशनों से संचालित स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को कंफर्म टिकट की टेंशन कुछ हद तक कम हो सकती है। शेड्यूल के अनुसार, प्रयागराज और सूबेदारगंज से उधना, साबरमती, वलसाड, दादर, इंदौर और वेरावल के लिए कुल सात जोड़ी विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाए जाएंगे। इनमें प्रयागराज जंक्शन से उधना के लिए द्वि–साप्ताहिक विशेष ट्रेन (04105/04106) को एक अक्तूबर से 30 नवंबर तक बढ़ाया गया है। ट्रेन हर बृहस्पतिवार और रविवार को रवाना होगी। इसी प्रकार प्रयागराज से साबरमती के लिए गाड़ी संख्या 04179/04180 (गाड़ी संख्या 04111/04112 के स्थान पर) तीन अक्तूबर से 29 नवंबर तक हर शनिवार और मंगलवार को चलेगी। प्रयागराज से दादर के लिए साप्ताहिक विशेष ट्रेन (04139/04140) दो अक्तूबर से 29 नवंबर तक हर शुक्रवार को और प्रयागराज से वेरावल के लिए गाड़ी (04173/04174) एक अक्तूबर से 27 नवंबर तक हर बृहस्पतिवार को दौड़ेगी।

## गणेश उत्सव की तैयारियां तेज, पंडाल सजाने में जुटे शिल्पकार व कार्यकर्ता

### संग्रामगढ़ बाजार में भव्य आयोजन की तैयारी जोरों पर, आकर्षक सजावट और लाइटिंग से सजेगा पंडाल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

संग्रामगढ़। स्थानीय बाजार में हर वर्ष की तरह इस बार भी गणेश उत्सव को भव्य तरीके से मनाने की तैयारियां जोर–शोर



से चल रही हैं। गणेश उत्सव कार्यकर्ता और शिल्पकार पंडाल को आकर्षक रूप देने में दिन–रात जुटे हुए हैं। पंडाल की सजावट, रंग–रोगन, लाइटिंग और साउंड सिस्टम की व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कार्यकर्ताओं द्वारा पंडाल की शोभा बढ़ाने के लिए आकर्षक सजावट की जा रही है। वहीं भगवान गणेश की प्रतिमा की स्थापना किस स्थान और किस प्रकार की जाए, इसे लेकर भी तैयारियां चल रही हैं। उत्सव को लेकर बाजार में लोगों में उत्साह दिखाई दे रहा है।

पंडाल की तैयारियों में अंकुश अग्रहरि, दिलीप कौशल, तीरथ उपाध्याय, अरविंद कुमार विश्वकर्मा, धीरज साहू, सिद्धार्थ गुप्ता, मिश्रीलाल अग्रहरि, पप्पू मोदनवाल, अमृतलाल साहू, विवेक अग्रहरि, बाबूलाल पटेल समेत अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के जिलाध्यक्ष नवल सिंह पटेल के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कहा कि उनकी समस्याएं को लगातार शासन–प्रशासन के सामने उठाया जा रहा है, लेकिन कई समस्याओं का अभी तक समाधान नहीं हो सका है। संगठन ने प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से कार्रवाई की अपील की।



ज्ञापन में आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इसके अलावा जिले में बढ़ रहे अपराधों पर रोक लगाकर किसानों के जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। किसानों ने बंद पड़ी सहकारी समितियों को तत्काल चालू कराने और समय से खाद उपलब्ध कराने की मांग की। सब्जी मंडियों में आढ़तियों द्वारा किसानों से की जाने वाली कमीशन व कटौती पर रोक लगाने के साथ गन्ना, धान समेत अन्य फसलों का उचित मूल्य दिलाने की मांग भी की गई। ज्ञापन में जल जीवन मिशन के तहत अधूरी पड़ी पानी की टंकियों का निर्माण शीघ्र पूरा कराने और खराब रास्तों की मरम्मत व निर्माण कराने की मांग की गई। गांवों में गंदगी और बीमारी की समस्या को देखते हुए दवा का छिड़काव तथा नालियों की नियमित सफाई कराने की बात भी रखी गई। किसानों ने लेखपालों द्वारा समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई, हदबंदी और दाखिल–खारिज के मामलों के निस्तारण की समय सीमा तय करने तथा अंश निर्धारण और नाम शुद्धीकरण की प्रक्रिया सरल बनाने की मांग की। इसके अलावा अघोषित बिजली कटौती से राहत दिलाने तथा दूरसंचार कंपनियों के नेटवर्क की जांच कर खराब नेटवर्क की समस्या का समाधान कराने की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही। भाकियू पदाधिकारियों ने प्रशासन से सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की अपेक्षा जताई है।

## पठन उत्सव में छात्रा रोशनी बनी रीडिंग सुपरस्टार

### डियर गतिविधि के अंतर्गत बच्चों ने पसंद की कहानियां पढ़ीं, कठिन शब्दों का किया अभ्यास

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विकास खंड सिराथू के प्राथमिक विद्यालय रामपुर धमावां में शनिवार को कक्षा दो के विद्यार्थियों के लिए पठन उत्सव का आयोजन किया गया। उत्सव डियर (ड्रॉप एवरीथिंग एंड रीड) गतिविधि के अंतर्गत आयोजित हुआ। इसका उद्देश्य बच्चों में स्वतंत्र पठन की आदत विकसित करना और पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विद्यालय के पुस्तकालय में उपलब्ध सहज पुस्तकों में से अपनी पसंद की कहानी चुनकर स्वयं पढ़ने का अवसर दिया गया। कहानी पढ़ने के बाद विषय अध्यापक दीपनारायण मिश्र ने बच्चों से कहानी के बारे में जानकारी ली। साथ ही कहानी में आए कठिन शब्दों को दोबारा पढ़वाकर उनके सही उच्चारण का अभ्यास कराया गया। पठन उत्सव में अंश, अनमोल, आर्यन, आनंद, ऋषभ, अनस, हिमांशी, रोशनी और आराधना समेत अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सभी ने अपनी–अपनी पसंद की कहानियां पढ़कर स्वतंत्र पठन का अभ्यास किया। छात्रा रोशनी ने कठिन शब्दों का सही व स्पष्ट उच्चारण करते हुए बेहतर पठन क्षमता का प्रदर्शन किया। इसके आधार पर उसे रीडिंग सुपरस्टार का पुरस्कार दिया गया। प्रधानाध्यापिका भावना शुक्ला ने रोशनी की मां उर्मिला की मौजूदगी में उसे कापी और पेंसिल देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।



# राइफल शूटिंग में सगी बहनों का कमाल, अंकिता को गोल्ड तो वैष्णवी ने जीता सिल्वर

### मेरठ में आयोजित 70वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय राइफल/पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में कौशाम्बी के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। मेरठ में आयोजित तीन दिवसीय 70वीं प्रदेशीय माध्यमिक विद्यालयीय राइफल/पिस्टल शूटिंग प्रतियोगिता में कौशाम्बी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले के साथ ही पूरे प्रयागराज मंडल का नाम रोशन किया। धनपती देवी श्याम नारायण इंटर कॉलेज थुलगुला कड़ा की दो सगी बहनों ने अंडर–17 राइफल शूटिंग में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता के अंडर–17 बालिका वर्ग में विद्यालय की छात्रा अंकिता शुक्ला ने स्वर्ण पदक, जबकि उनकी सगी बहन वैष्णवी शुक्ला ने रजत पदक हासिल किया। वहीं अंडर–17 बालक वर्ग में विद्यालय के छात्र अभिषेक कुमार 2025 में प्रतियोगिता में मिले 315 अंक के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर 319 अंक हासिलकर स्वर्ण पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया।

तीनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि की जानकारी विद्यालय पहुंचते ही परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई। शिक्षक–शिक्षिकाओं और विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की सफलता पर हर्ष जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस उपलब्धि पर कौशाम्बी के मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला क्रीड़ा सचिव एवं विद्यालय प्रबंधक ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य और समस्त शिक्षक परिवार ने भी छात्र–छात्राओं के साथ उनके कोच शिवम् कुमार (ए0 एस0 एस0 आर प्रयागराज) को बधाई देते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।




# विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव के नेतृत्व में पूर्व विधायक रामशिरोमणि शुक्ला का सपा में ऐतिहासिक स्वागत, जगह-जगह उमड़ा जनसैलाब

प्रातःकाल एक्सप्रेस

रानीगंज, प्रतापगढ़। रानीगंज विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। बहुत कम उम्र में जिले से लेकर प्रदेश तक अपनी अलग पहचान बनाने वाले समाजवादी पार्टी के रानीगंज से युवा विधानसभा अध्यक्ष शेर बहादुर यादव के नेतृत्व में रानीगंज के कद्दावर नेता और पूर्व विधायक पं. रामशिरोमणि शुक्ला का समाजवादी पार्टी में जगह जगह भव्य स्वागत किया जा रहा है।

जगह–जगह स्वागत से गदगद हुए पूर्व विधायक

प्राप्त जानकारी के अनुसार शेर बहादुर यादव के नेतृत्व में रानीगंज के विभिन्न बाजारों, चौराहों और गांवों में पूर्व विधायक शुक्ला का फूल–मालाओं से जोरदार स्वागत अभिनंदन किया जा रहा है।

कम उम्र में बड़ा जलवा

गौरतलब है कि शेर बहादुर यादव ने बहुत कम उम्र में ही रानीगंज में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया है। उनकी कार्यशैली और सभी वर्गों को साथ लेकर चलने की क्षमता के कारण आज बड़े–बड़े अनुभवी नेता सपा की ओर आकर्षित हो रहे हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि शेर बहादुर यादव रानीगंज में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समीकरण के साथ–साथ ब्राह्मण समाज को भी जोड़ने में सफल रहे हैं।

पूर्व विधायक का अनुभव बनेगा ताकत



पूर्व विधायक पं. रामशिरोमणि शुक्ला रानीगंज में लोकप्रिय कार्यशैली से जाने जाते हैं। ब्राह्मण समाज में उनकी गहरी पकड़ है। उनके सपा में आने से पार्टी को निश्चित तौर पर मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में 2027 में रानीगंज से समाजवादी पार्टी को जिताने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमरपाल यादव सलीम प्रधान मोहर्रम प्रधान देवी लाल यादव अंबुज मौर्य रमेश मिश्रा नायाब यादव कासिम प्रधान सहित सभी समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# थाना समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादें, अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। माह के द्वितीय शनिवार को जनपद के सभी थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना थरियांव पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने संबंधित विभागों के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

थाना समाधान दिवस के दौरान विभिन्न मामलों को लेकर फरियादी थाने पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। डीएम और एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक मामले का नियमानुसार निष्पक्ष समाधान कराया जाए। अधिकारियों ने कहा कि थाना समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान कराना है। भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामलों तथा पुलिस से संबंधित शिकायतों में राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर कार्रवाई करें, ताकि शिकायतकर्ता को बार–बार अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

डीएम और एसपी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि मौके पर जाकर मामलों की वास्तविक स्थिति की जांच की जाए और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जाए। किसी भी शिकायत को केवल औपचारिकता के तौर पर न लिया जाए। इसी क्रम में जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों और थानाध्यक्षों ने अपने–अपने थानों में थाना समाधान दिवस के दौरान जनशिकायतों की सुनवाई की। संबंधित अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याएं सुनकर उनके निस्तारण की कार्रवाई की तथा आवश्यक मामलों में संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए।



प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने थाना समाधान दिवस के माध्यम से आमजन को भरोसा दिलाया कि उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है और नियमानुसार उनका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। थाना समाधान दिवस में कुल 63 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 45 राजस्व से सम्बन्धित, 18 पुलिस से सम्बन्धित, प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से राजस्व टीम के 07 प्रार्थना पत्र तथा पुलिस से सम्बन्धित 05 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कराया गया है।

## जलभराव की शिकायत पर नायब तहसीलदार के साथ पहुंची राजस्व टीम, नाली खुदवाकर कराई पानी की निकासी

### कल्लूमियां का पुरवा में अतिक्रमण की शिकायत पर कार्रवाई, जलभराव की समस्या से ग्रामीणों को मिली राहत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रेमनगर/फतेहपुर। ऐराया विकास खंड के मंडवा गांव के मजरे कल्लूमियां का पुरवा में बारिश के पानी की निकासी बाधित होने से ग्रामीणों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा था। कई ग्रामीणों के घरों के सामने मुख्य मार्ग पर पानी जमा होने की शिकायत के बाद शनिवार को नायब तहसीलदार ऐराया प्रतिमा द्विवेदी के नेतृत्व में राजस्व एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने स्थिति का जायजा लेने के बाद नाली खुदवाकर जलनिकासी का रास्ता खुलवाया, जिससे ग्रामीणों को राहत मिली। बताया गया कि



कल्लूमियां का पुरवा निवासी दिनेश सिंह, कोमल सिंह पुत्रगण धर्म सिंह, ज्ञान सिंह पुत्र बदलू, विजय पुत्र रामसोहावन, जगरूप तथा सुघर पुत्र ज्ञान सिंह के घरों के सामने मुख्य मार्ग पर बारिश का पानी जमा था। ग्रामीणों के अनुसार, पानी की निकासी बाधित होने के कारण लगातार जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। इस संबंध में गांव के ही जगरूप पुत्र ज्ञान सिंह ने शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि जसवंत सिंह पुत्र बच्चूलाल तथा जगजीत और रामजीत पुत्रगण रामसिंह के कृषि पट्टे की भूमि के दक्षिण दिशा में रास्ते के लिए छोड़ी गई भूमि पर कथित रूप से कब्जा किए जाने के कारण गांव के बारिश के पानी की निकासी प्रभावित हो रही है। शिकायत का संज्ञान लेते हुए नायब तहसीलदार ऐराया प्रतिमा द्विवेदी शनिवार को राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। उनके साथ थाना सुल्तानपुर घोष की पुलिस टीम, उपनिरीक्षक और महिला कांस्टेबल भी मौजूद रहीं। अधिकारियों ने मौके की स्थिति का निरीक्षण किया और जलनिकासी में आ रही बाधा को दूर कराया। राजस्व टीम की मौजूदगी में नाली खुदवाकर बारिश के पानी की निकासी कराई गई। जलनिकासी का रास्ता खुलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक रास्ते अथवा जलनिकासी के मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। साथ ही जलनिकासी व्यवस्था को बाधित करने वाले अतिक्रमण के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। मौके पर राजस्व निरीक्षक राजकुमार गुप्ता, ग्राम पंचायत सचिव बिपिन कुमार तिवारी, पुलिस उपनिरीक्षक हरिराम यादव, हल्का लेखपाल उमेंद्र कुमार मौर्य, कांस्टेबल दीपक कुमार, बिकेश कुमार, इंद्रवीर सिंह, महिला कांस्टेबल अंजली यादव, निकेता शर्मा, स्वाती साहू, रोजगार सेवक सहित अन्य कर्मचारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## एफएलएन प्रशिक्षण में एसआरजी ने परखी शिक्षकों की दक्षता

### टीएलएम और आकलन आधारित शिक्षण से बच्चों को निपुण बनाने पर जोर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। विकासखंड मूरतगंज के बीआरसी परिसर में चल रहे पांच दिवसीय फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी (एफएलएन) शिक्षक प्रशिक्षण का शनिवार को स्टेट रिसोर्स ग्रुप (एसआरजी) डा. ओम प्रकाश सिंह ने औचक अनुश्रवण किया। इस दौरान सभी शिक्षक व प्रशिक्षक शत–प्रतिशत उपस्थित मिले और गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करते पाए गए। अनुश्रवण के दौरान डा. ओम प्रकाश सिंह ने प्रशिक्षण ले रहे शिक्षकों व शिक्षामित्रों से प्रशिक्षण के सीखने के परिणामों की जानकारी ली। उन्होंने विभिन्न बिंदुओं पर शिक्षकों से अपने समक्ष प्रस्तुतिकरण भी कराया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं गतिविधियों का विद्यालयों में प्रभावी ढंग से प्रयोग हो।

डा. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल जानकारी प्राप्त करना नहीं, बल्कि उसका कक्षा–कक्ष में प्रभावी क्रियान्वयन करना है। टीएलएम, शिक्षक संदर्शिका, कार्यपुस्तिका, निपुण तालिका और आकलन आधारित शिक्षण का नियमित उपयोग कर प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाने की दिशा में कार्य करना शिक्षकों की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भाषा एवं गणित शिक्षण में तकनीकी समन्वय अपनाने व गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से बच्चों के मन से कठिन विषयों का भय दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सहज एवं रुचिकर शिक्षण से बच्चों में गणितीय दक्षताओं के साथ–साथ सीखने के प्रति रुचि भी विकसित होगी। प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीकों को विद्यालयों में लागू करने से बच्चों के बौद्धिक एवं अकादमिक विकास को गति मिलेगी।

इस अवसर पर संदर्भदाता एआरपी नरेश कुमार, प्रशांत त्रिपाठी, व्योमेश मिश्र और शशिकला प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। बीआरसी परिवार से आलोक द्विवेदी, राहुल पांडेय, दिलीप कुमार वर्मा, जिशान मतलूब, धर्मेंद्र मौर्य, श्यामल सिंह और कृष्ण प्रताप सिंह सहित क्षेत्र के शिक्षक एवं कार्मिक मौजूद रहे। एसआरजी के औचक अनुश्रवण से प्रशिक्षण में जुटे शिक्षकों में उत्साह देखने को मिला।

# अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर पंचायत टीम, व्यापारियों ने कर्मचारी के खिलाफ दी तहरीर

### एसडीएम, सीओ और ईओ की मौजूदगी में चला अभियान, कर्मचारियों ने कार्रवाई होने पर हड़ताल की दी चेतावनी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

खागा/फतेहपुर। नगर की मुख्य सड़कों पर लंबे समय से फैले अतिक्रमण के खिलाफ शुक्रवार को नगर पंचायत प्रशासन ने अभियान चलाया। एसडीएम, सीओ और अधिशासी अधिकारी की मौजूदगी में जेसीबी से सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान व्यापारियों और नगर पंचायत कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। नाराज व्यापारियों ने नगर पंचायत के एक कर्मचारी के खिलाफ कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, नगर पंचायत कर्मचारियों ने भी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई होने पर हड़ताल की चेतावनी दी है।

नगर की मुख्य सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सड़क तक सामान फैलाने के साथ ही ठेले–खोमचे लगाए जाने से अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी। खासकर स्कूलों की छुट्टी के समय राहगीरों और स्कूली बच्चों को



आवागमन में परेशानी होती थी। जाम में एंबुलेंस सहित अन्य जरूरी वाहन भी फंसते रहे हैं। इसको लेकर नगरवासियों द्वारा कई बार प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी। शुक्रवार को नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी देवहूति पांडेय कर्मचारियों के साथ जेसीबी लेकर मुख्य मार्गों पर पहुंचीं। दोपहर करीब तीन बजे चौराहे समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। सड़क किनारे रखे सामान और अन्य अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान कुछ व्यापारियों ने कार्रवाई का विरोध किया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी की स्थिति बन गई। नाराज व्यापारी एकत्र होकर कोतवाली पहुंचे और नगर पंचायत के एक कर्मचारी के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं व्यापारियों की शिकायत के बाद नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी भी अपनी बात रखने के लिए कोतवाली पहुंच गए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि किसी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की गई तो सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।

# भदोही पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत बहू-बेटी सम्मेलन किया, महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। मिशन शक्ति फेज–5 के दूसरे चरण में भदोही पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की देखरेख में यह अभियान चलाया गया।

जिले की थाना पुलिस ने बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, ग्रामीण और शहरी इलाकों में सैकड़ों महिलाओं और बालिकाओं को जानकारी दी। उन्हें महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों और अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए।

अभियान के दौरान कई महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें 181 (महिला हेल्पलाइन), 1090 (महिला शक्ति लाइन),1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (इमरजेंसी हेल्पलाइन) और 1076 (पुलिस कंट्रोल रूम) शामिल हैं।

इसके अलावा, महिलाओं को ब्ब्ब् ऐप के जरिए पुलिस सेवाओं का जल्दी लाभ उठाने के बारे में बताया गया। उन्हें सोशल मीडिया पर फैल रहे साइबर अपराधों जैसे फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग और फर्जी प्रोफाइल से होने वाली धोखाधड़ी से बचाव की भी जानकारी दी गई।



महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों जैसे POCSO एक्ट (बाल यौन शोषण से संरक्षण), दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम और साइबर अपराधों से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के बारे में भी बताया गया।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत उत्तर प्रदेश पुलिस महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान लगातार चला रही है। इसका मुख्य मकसद समाज में महिलाओं को सशक्त और सुरक्षित महसूस कराना और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की नीति को मजबूत करना है। भदोही पुलिस ने सभी महिलाओं और बालिकाओं से अपील की है कि किसी भी असुरक्षा या अपराध की स्थिति में तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या ऊपर बताए गए हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क करें।

## ओमान भेजने के नाम पर 2.26 लाख रुपये की ठगी

बस्ती। विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.26 लाख रुपये लेने और फर्जी एयर टिकट देने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाल्टरगंज क्षेत्र के बसडिलिया निवासी कलामुद्दीन का आरोप है कि समौलिया निवासी शरवन कुमार उपाध्याय और कृष्ण कुमार उपाध्याय ने उन्हें ओमान भेजने के नाम पर 2.26 लाख रुपये लिए। एयरपोर्ट पहुंचने पर टिकट फर्जी मिला। रुपये वापस मांगने पर आरोपियों ने पैसा लौटाने के बजाय मारने के लिए दौड़ाया और गाली दी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

## घर में घुसकर मारपीट का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

बस्ती। लालगंज थाना क्षेत्र के खोरिया गांव में पुरानी कहासुनी को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने अलग–अलग प्राथमिकी दर्ज की है। गांव निवासी एक पक्ष की सीता देवी ने बताया कि 26 अगस्त को गांव के प्रमोद और उनके बेटे अर्जुन के बीच कहासुनी हुई थी। उसी रंजिश में शाम करीब 4रू30 बजे आरोपी उनके घर पहुंचे। गाली व धमकी देने के बाद दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर बेटे की पिटाई करने लगे। पुलिस ने खोरिया निवासी विनोद, प्रमोद, भुआलचंद्र, दिनेश, अनुज, आशु, राज और अंकुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। वहीं, दूसरे पक्ष के भुआलचंद्र का आरोप है कि दुकान पर वजन तौलने को लेकर अर्जुन और उसके नाती आयुष के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद आरोपियों ने घर में घुसकर पिटाई की। पिटाई से उनकी पत्नी अमरावती, बेटे विनोद, नाती अनुज और पड़ोसी दिव्यांश को चोट आने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी अर्जुन, सीता देवी, ज्योति, लाली देवी, मनोज और मोनू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## रोस्टिंग में बदलाव की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया उपकेंद्र का घेराव

बनकटी। विद्युत वितरण उपकेंद्र देईसांड़ (बनकटी) के अधीन संचालित कड़सरी गांव के उपभोक्ताओं ने देईसांड़ उपकेंद्र का घेराव कर रात्रि के समय हो रही अघोषित विद्युत कटौती व रोस्टिंग के समय परिवर्तन की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। जेई को प्रार्थना पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि रोस्टिंग में बदलाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विद्युत उपभोक्ता सरोज देवी, राम उजागिर, विश्वनाथ दूबे, नृपेंद्र चौधरी, संदीप कुमार, वीरेंद्र चौधरी आदि का कहना है कि रात्रि के समय बिजली कटने से चोरी की घटनाओं का डर बना रहता है। अवर अभियंता अवनीश गुप्ता ने शेड्यूल के अनुसार बिजली आपूर्ति कराई जा रही है।

## सरकारी दुकान पर कब्जे का आरोप, छह पर रिपोर्ट

बस्ती। वाल्टरगंज क्षेत्र के शंकरनगर तिराहे पर नगर पंचायत गनेशपुर की सरकारी भूमि पर बनी दुकानों पर कब्जा करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। अधिशासी अधिकारी अजय कुमार पांडेय ने बताया कि नगर पंचायत ने सरकारी भूमि पर दुकानें बनवाकर नियमानुसार उनका आवंटन किया था। आवंटित लोगों ने दुकान खोलने पर आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए कब्जा कर लिया। आरोप है कि इससे पहले भी इसी तरह की घटना की गई थी। पुलिस ने मरसठवा निवासी राजू, चौबे टोला निवासी मंगरा देवी, पश्चिम टोला निवासी प्रदीप कुमार, करौजी निवासी रामजी, पश्चिम टोला खटिकहिया निवासी राजेश कुमार और रामहेर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

## चार मामलों में चार आरोपियों को सजा, अर्थदंड भी लगाया

बस्ती। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप शुक्रवार को अलग–अलग मामलों में चार आरोपियों को अदालत ने दोष सिद्ध होने पर सजा सुनाई। इनमें आबकारी अधिनियम, आर्म्स एक्ट, चोरी और दूसरे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले शामिल हैं। अदालत ने सभी आरोपियों पर अर्थदंड भी लगाया है। हर्रैया थाने में 18 अप्रैल 2019 को आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज मामले में खटिकहिया निवासी गंगा सोनकर को दोष सिद्ध होने पर 15 दिन के साधारण कारावास और पांच हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। वहीं, पैकोलिया थाने में 12 जुलाई 2018 को आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज मामले में भी गंगा सोनकर को दोषी पाते हुए 40 दिन के साधारण कारावास और एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। सोनहा थाने में दो जुलाई 2025 को दर्ज चोरी के मामले में भानपुर निवासी राजेश गौड़ को दोष सिद्ध होने पर आठ माह के साधारण कारावास और सात हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। वहीं, सोनहा थाने में 15 अप्रैल 2013 को दूसरे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में दर्ज मामले में नउवा निवासी राम मिलन को दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने कारावास में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई। साथ ही दो हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

## कंपनी से करीब एक लाख का सामान गायब करने के आरोप में दो गिरफ्तार

देवरिया। इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय से करीब एक लाख रुपये का सामान गायब करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दोनों ने अलग–अलग तारीखों में कंपनी के कार्यालय से सामान चोरी की और इसे छिपाने के लिए ड्यूटी के समय में हेराफेरी के साथ सिस्टम में फर्जी पीआरसी की। पुलिस के अनुसार, पकड़ी बरगद देवउबारी थाना सुरौली निवासी पवन यादव (24) को कपरवार घाट स्थित फ्लिपकार्ट गोदाम के पास से गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर वार्ड नंबर 10 गुदरी वार्ड थाना रामपुर कारखाना निवासी गौतम जायसवाल (30) को कसया ढाला मजार के पास से पकड़ा गया।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या : 26/43 दिनांक : 11.09.2026

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज (आई.एस.ओ.9001-2015) प्रमाणित इकाई) निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 70261817 | बोल्ट M.S. ब्लैक हेक्स हेड राउंड बॉडी, बिना नट के | 82661 Kgs | 19.11.2026 |
| 60255022A | सिजर लिफ्ट 450 के जी | 5 नग | 19.10.2026 |
| 60265027 | 5 (फाइव) टन कपैसिटी डीजल हाईड्रोलिक रेल क्रेन. | 1 नग | 21.10.2026 |
| 6326RGC17 | दिस इज टेंडर टू इंटर इन टू रनिंग कान्ट्रैक्ट फॉर मैनुफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ इलास्टिक रेल क्लिप एमके-5 ड्राइंग नं0. आरडीएसओ टी-5919 | 1, 45, 48, 762 Number | 12.OCT.26 |

नोट : उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाइट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र में कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। 2079/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONC

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं. पी आर वाइ जे-सिग-036-2026-27 दिनांक: 11.09.2026

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से वरि. मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/सम. उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:

**निविदा नं.:** 036, **कार्य का विवरण:** प्रयागराज मंडल के वरि. मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/प्रयागराज के पं. दीन दयाल उपाध्याय-कानपुर खण्ड में एक वर्ष की अवधि के लिये ए.एफ.टी.सी. माड्यूल के रिपेयर का कार्य।

**अनुमानित मूल्य** : ₹ 71,59,762.33 | **बिड सिक्यूरिटी** : ₹ 1,43,200.00

**निविदा प्रपत्र का मूल्य** : ₹ 0.00 | **कार्य समापन की अवधि** : बारह माह।

**निविदा खुलने की तिथि** : 09.10.2026 | **निविदा की वैधता** : निविदा खुलने के 60 दिन तक।

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता:** निविदा प्रपत्र www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

**धरोहर की राशि जमा करना एवं उसका रूप:** निविदाओं को उपरोक्त बिड सिक्यूरिटी निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इंटरनेट बैंकिंग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा की जायेगी। यदि निविदा दाता बिड सिक्यूरिटी उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जीसीसी के अनुसार जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार किया जायेगा। यदि निविदादाता द्वारा जमा की गयी बिड सिक्यूरिटी बैंक गारंटी के रूप में है तो यह उचित स्टांप शुल्क के अनुसार होना चाहिये। बैंक गारंटी जमा करते समय यह उ.प्र. स्टांप अधिनियम 2008 की धारा 13 एवं 24 और समय-समय पर निर्धारित दर के अनुसार होना चाहिये। बिना बिड सिक्यूरिटी वाली निविदायें खारिज कर दी जायेगी।

**निविदा खुलने का समय तथा स्थान** : निविदा पूर्व निर्धारित तिथि 12-30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस पर खोली जायेगी।

**निविदा डीलिंग हेतु रेलवे के अधिकार** : रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 2084/26 (MG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


# धोखाधड़ी मामले में 15 हजार का इनामी फरार आरोपी गिरफ्तार, जज के नाम पर फर्जी चैट दिखाकर हड़पे थे 1.5 करोड़ रुपये

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही पुलिस ने 1.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी आशीष दुबे को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर एक जज के नाम पर फर्जी व्हाट्सएप चैट दिखाकर लोगों से पैसे हड़पने का आरोप है।

ज्ञानपुर थाने में आनंद दुबे नाम के एक शख्स ने पंकज उपाध्याय, मनीष शुक्ला, सचिन उपाध्याय और आशीष दुबे पर क्रशर और टोल बूथ के बिजनेस में निवेश के नाम पर 1.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। आरोपियों ने कथित तौर पर एक अतिरिक्त जिला न्यायाधीश के नाम की फर्जी व्हाट्सएप चैट दिखाकर शिकायतकर्ता का भरोसा जीता था।

इसके बाद उन्होंने ब्ब्ब्ब् के जरिए रकम अपने खाते में ट्रांसफर करवा ली और हड़प ली। इस मामले में ज्ञानपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

आशीष दुबे इस मामले में लगातार फरार चल रहा था। कोर्ट ने उसके खिलाफ धारा 82 और 83 सीआरपीसी के तहत आदेश भी जारी किए थे। उसकी गिरफ्तारी के लिए भदोही के पुलिस अधीक्षक ने 10 सितंबर 2026 को 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देश पर और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के सुपरविजन में ज्ञानपुर पुलिस टीम ने शनिवार को कार्रवाई की। मुखबिर की सटीक सूचना पर सिंहपुर नहर पुलिया पर घेराबंदी कर आशीष दुबे को गिरफ्तार किया गया।



गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशीष दुबे (करीब 30 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय केदारनाथ दुबे, निवासी लखनो, थाना ज्ञानपुर, जनपद भदोही के रूप में हुई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामसरीख गौतम, उपनिरीक्षक विजय बहादुर सिंह, हेड कांस्टेबल अजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल छठ्ठूलाल गुप्ता, कांस्टेबल राहुल पटेल, महिला कांस्टेबल सीमा यादव और कांस्टेबल राघवेंद्र शामिल थे।

# 50वें इंडिया कार्पेट एक्सपो-2026 की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण, मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर व्यवस्थाओं की समीक्षा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आगामी 50वें (स्वर्ण जयंती) इंडिया कार्पेट एक्सपो–2026 के सफल आयोजन एवं मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित आगमन की तैयारियों को लेकर शनिवार को कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी, भदोही का निरीक्षण जिलाधिकारी भदोही शैलेश कुमार, एवं पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी, अपर जिलाधिकारी भदोही, शुभाँगी शुक्ला, पूर्व विधायक, रवीन्द्रनाथ त्रिपाठी, पूर्व अध्यक्ष (नगर पालिका परिषद) अशोक जायसवाल, कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के उपाध्यक्ष असलम महबूब तथा प्रशासनिक समिति के सदस्य वासिफ अंसारी, पियूष कुमार बरनवाल, इम्तियाज अहमद, रोहित गुप्ता एवं ब्ब्ब्ब् के निदेशक, प्रो. (डॉ.) राजीव कुमार वार्ष्णेय भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एक्सपो की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण करते हुए मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण कराने पर जोर दिया गया।

निरीक्षण के दौरान एक्सपो की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा मेले से संबंधित



सभी कार्यों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजन स्थल पर सफाई, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा, मंच एवं कार्यक्रम स्थल, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, सजावट, अग्निशमन व्यवस्था, अतिथि सुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को ध्यान में रखते हुए प्रोटोकॉल एवं सुरक्षा व्यवस्था, अतिथियों के स्वागत, आवागमन तथा आयोजन स्थल की समुचित व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। सभी संबंधित विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए एक्सपो प्रारंभ होने से पूर्व सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करने पर जोर दिया गया।

50वां इंडिया कार्पेट एक्सपो–2026 का आयोजन 04 से 07 अक्टूबर 2026 तक कार्पेट एक्सपो मार्ट, कार्पेट सिटी, भदोही में प्रस्तावित है। यह अंतरराष्ट्रीय मेला पिछले चार वर्षों से कार्पेट एक्सपो मार्ट, भदोही में जिला प्रशासन एवं अतिथिगण के सहयोग और मार्गदर्शन से सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। लगातार सफल आयोजनों के माध्यम से यह एक्सपो भदोही के कालीन उद्योग को देश–विदेश के खरीदारों से जोड़ने तथा भारतीय हस्तनिर्मित कालीनों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि सभी तैयारियों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए तथा किसी भी कार्य में लापरवाही न बरती जाए, ताकि 50वें इंडिया कार्पेट एक्सपो–2026 का आयोजन भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न किया जा सके। इसके उपरांत कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के उपाध्यक्ष श्री असलम महबूब, प्रशासनिक समिति के सदस्यों एवं प्रो. (डॉ.) राजीव कुमार वार्ष्णेय निदेशक, ब्ब्ब् भदोही, डॉ. बेट्टी दास गुप्ता के साथ एक बैठक हुई। बैठक में 50वे (स्वर्ण जयंती) इंडिया कारपेट को एक्सपो के सफल आयोजन के लिए लिया विधिवत चर्चा हुई।

इसके उपरांत ब्ब्ब् के उपाध्यक्ष असलम महबूब एवं प्रशासनिक समिति के सदस्यों की भी एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक में 50वें (स्वर्ण जयंती) इंडिया कार्पेट एक्सपो–2026 से संबंधित जो कार्य कारपेट एक्सपो मार्ट में अभी चल रहे है उसका जायजा लिया एवं कार्यों को निर्धारित समय–सीमा के भीतर पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आपसी समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा कर इस 50वें इंडिया कार्पेट एक्सपो को अब तक का सबसे बेहतर, भव्य एवं सफल आयोजन बनाने के लिए आवश्यक प्रयास करने पर बल दिया।

## घर में घुसकर पिटाई का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

कप्तानगंज। क्षेत्र के रमवापुर गांव में बांस काटने को लेकर हुए विवाद में घर में घुसकर पिटाई व तोड़फोड़ के आरोप में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज की है। गांव निवासी रामप्रकाश यादव ने दर्ज एफआईआर में बताया कि 26 जून की शाम करीब सात बजे गांव के रामधीरज, रामसागर और करिश्मा समेत अन्य लोग बांस काटने के विवाद को लेकर उनके दरवाजे पर आए। इस बीच उन्हें गाली देने लगे। विरोध करने पर परिवार के लोगों की पिटाई कर दी। बाद में घर में घुसकर परिवार के लोगों को पीटा और घर के सामान तोड़ दिए। पिटाई से लवकुश और अंकुश को चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस से अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई तो न्यायालय की शरण ली गई। थाना प्रभारी आलोक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर प्राथमिकी दर्ज करके जांच की जा रही है।

## एआई से अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का आरोप

गौर। थाना क्षेत्र के ढोढरी निवासी युवक की फोटो और एआई से एडिट किए गए वीडियो को आपत्तिजनक तरीके से सोशल मीडिया पर प्रसारित करने का आरोप है। पुलिस ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। गांव निवासी दिलीप पांडेय ने दर्ज एफआईआर में बताया कि अज्ञात व्यक्ति ने फर्जी इंस्टाग्राम आईडी से उनकी फोटो और एआई से एडिट किए गए वीडियो को गलत तरीके से जोड़कर प्रसारित किया। पुलिस ने फर्जी आईडी संचालक के अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज की है।

## ओवरटेक के चक्कर में भिड़ीं बाइक, चार घायल

महादेवा। मुंडेरवा की ओर से महादेवा जा रहे बाइक सवारों की ओवरटेक करने के प्रयास में फेरी वाले से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन युवक और फेरी वाला घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी को सीएचसी मुंडेरवा ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने तीन घायलों को जिला अस्पताल बस्ती रेफर कर दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के खदरा गांव निवासी अशद (22), अरमान (23) और वसीउल्लाह (25) शुक्रवार शाम करीब 07रू30 बजे एक ही बाइक से मुंडेरवा की ओर से महादेवा जा रहे थे। महादेवा में फेरी लगाने वाले बंगाल निवासी वसीदुल (42) को ओवरटेक करने के प्रयास में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई। टक्कर में चारों घायल हो गए।

## बिजली कटौती से नाराज ग्रामीणों ने घेरा उपकेंद्र

बनकटी। बिजली उपकेंद्र देईसांड़ के अधीन संचालित कड़सरी गांव के उपभोक्ताओं ने शुक्रवार को देईसांड़ उपकेंद्र का घेराव कर रात में हो रही अघोषित बिजली कटौती पर नाराजगी जताई। उन्होंने रोस्टिंग के समय परिवर्तन की मांग भी की। इसके बाद अधिशासी अभियंता को संबोधित ज्ञापन सौंपा। उपभोक्ता सरोज देवी, राम उजागिर, विश्वनाथ दुबे, नृपेंद्र चौधरी, संदीप कुमार, वीरेंद्र चौधरी आदि का कहना है कि रात में बिजली कटने से चोरी की घटनाओं का डर बना रहता है।


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79–ए–मोतीलाल नेहरू रोड, जिला–प्रयागराज –211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक
फिरदौस फातिमा
मो.9451721210
UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।


# रजिस्टर्ड अस्पतालों के डॉक्टरों की डिग्री की होगी जांच

। संवाददाता ।

पडरौना। डीएम के निर्देश पर 101 निजी अस्पतालों की हुई जांच में रजिस्ट्रेशन में इस्तेमाल कर गई डॉक्टरों की डिग्री पर भी संदेह गहरा गया है। जिन डॉक्टरों के नाम से रजिस्ट्रेशन था, वे अस्पतालों में नहीं मिले। संचालक भी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। ऐसे में सीएमओ की ओर संबंधित मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और जिस प्रदेश की डिग्री होगी वहां की मेडिकल ऑफ काउंसिल को पत्र भेजा जाएगा। इसकी गोपनीय तैयारी शुरू हो गई है। इसके पहले भी रजिस्टर्ड अस्पताल की जांच में इस्तेमाल की गई डिग्री फर्जी मिल चुकी है। इलाज के नाम पर खिलवाड़ करने वालों पर शिकंजा कसता देख निजी अस्पताल संचालक घबरा गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के कई जिम्मेदारों के पास सफेदपोश और विभागीय कर्मचारी पैरवी में लगे हैं। निजी अस्पतालों की कराई जा रही क्रॉस चेकिंग से जुड़ी एक–एक जानकारी डीएम खुद ले रहे हैं। रामकोला में संचालित गीतांजली हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत होने के बाद काफी महंगा हुआ, पुलिस संचालक अरविंद शर्मा पर प्राथमिकी दर्ज की, संचालक अरविंद शर्मा की पत्नी मीरा शर्मा की डिग्री पर अस्पताल का रजिस्ट्रेशन हुआ है। स्वास्थ्य विभाग की जांच में पता चला कि रजिस्ट्रेशन के लिए लगाई गई मीरा देवी की डिग्री फर्जी है।

# मोदी के साथ न वंश परंपरा थी, न विरासत, तप-साधना और संघर्ष से बनाई पहचान-योगी

## 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक चलेगा 'सेवा संकल्प अभियान'
## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में जलेगा 'आशीर्वाद का दीया'
## बड़नगर और काशी के बीच निकलेंगी 20 यात्राएं, उत्तर प्रदेश की 10 नदियों का जल जाएगा गुजरात

लखनऊ (संवाददाता)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ न कोई वंश परंपरा थी और न ही उन्हें कोई विरासत वंशानुगत रूप से मिली थी। उनके पास तप, साधना, संघर्ष और देश के लिए कुछ कर गुजरने की चाहत थी। आज उनकी साधना और तप का लाभ पूरे देश को योग्य नेतृत्व के रूप में मिल रहा है। सात अक्तूबर को गुजरात के मुख्यमंत्री और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में शासन प्रमुख के तौर पर नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस यात्रा के प्रति कृतज्ञता जताने के लिए प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन मिलकर 17 सितंबर से 17 अक्तूबर तक प्रदेशव्यापी 'सेवा संकल्प अभियान' चलाएंगे।बीजेपी दफ्तर में मीडिया से मुखातिब मुख्यमंत्री ने अभियान की कार्ययोजना साझा करते हुए कहा कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री का जन्मदिन प्रदेशभर में 'सेवा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। हर ग्राम पंचायत, नगर निकाय और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान में 'आशीर्वाद का दीया' जलेगा। जनता प्रधानमंत्री के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करेगी। अस्पतालों में फल वितरण के साथ रक्तदान शिविर लगाए जाएंगे। भाजपा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सेवा कार्यक्रमों में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की बड़नगर से काशी तक की यात्रा को भी अभियान से जोड़ा गया है। बड़नगर से काशी के लिए 10 और काशी से बड़नगर के लिए 10 यात्राएं निकाली जाएंगी। बड़नगर का जल लेकर यात्राएं काशी आएंगी, जबकि उत्तर प्रदेश की 10 नदियों का पवित्र जल लेकर यात्राएं बड़नगर जाएंगी। यात्राएं 17 सितंबर को शुरू होंगी और सात अक्तूबर को अपने गंतव्य तक पहुंचेंगी। यात्रा मार्ग पर हर दिन चार स्थानों पर चौपाल और जनसंवाद के कार्यक्रम होंगे। सरकारी योजनाओं से अब तक वंचित पात्र लोगों को लाभ दिलाने के लिए 'सेवा सेतु' शिविर लगाए जाएंगे। 29–30 सितंबर से 10 अक्तूबर के बीच विकासखंड और जिला मुख्यालय के नगर निकाय में छह से सात दिन तक शिविर लगाने की योजना है। स्वास्थ्य योजनाओं के साथ पेंशन, आवास, शौचालय, राशन कार्ड समेत विभिन्न योजनाओं के लिए पात्र लोगों का पंजीकरण कराया जाएगा। पंजीकरण के बाद दो–तीन दिन के भीतर सत्यापन कर संबंधित कार्ड अथवा योजना



का लाभ उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश में 826 विकासखंड और 762 नगर निकाय हैं। जरूरत पड़ी तो अभियान दो चरणों में चलायाजाएगा।

सेवा संकल्प अभियान में बच्चों और युवाओं की भागीदारी के लिए तीन स्तर पर प्रतियोगिताएं होंगी। कक्षा पांच से आठ तक के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, नौवीं से 12वीं तक के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता होगी। विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिताओं की थीम 'आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लिए आत्मनिर्भर और विकसित उत्तर प्रदेश' होगी। गांव, विकासखंड और जिला स्तर पर चयनित विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र दिए जाएंगे। सात अक्तूबर को प्रदेश स्तर पर होने वाले आयोजन में चयनित बच्चों को पुरस्कार भी दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं इस कार्यक्रम में शामिल होकर विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। 17 सितंबर से 17 अक्तूबर के बीच 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम चलेगा। अभियान के साथ 'एक पेड़ मां के नाम', रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, मतदाता जागरूकता, वोकल फॉर लोकल, गोसेवा और युवाओं की करियर काउंसलिंग जैसे कार्यक्रम जोड़े जाएंगे। आईटीआई,पॉलिटेक्निक, तकनीकी संस्थानों, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप को जोड़कर 'सेवा फर्स्ट इनोवेशन चौलेंज' भी होगा। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में 120 स्टार्टअप कार्यरत थे, जबकि अब इनकी संख्या 24 हजार से अधिक हो गई है। अटल टिंकरिंग लैब, इनक्यूबेटर सेंटर के साथ ड्रोन, रोबोटिक्स और स्पेस टेक्नोलॉजी से जुड़े विद्यार्थियों और युवाओं को भी इसमें शामिल किया जाएगा।'राष्ट्र के रंग, सेवा के रंग और राष्ट्र के संग' थीम पर रंगोली प्रतियोगिताएं होंगी। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के उस कथन का उल्लेख किया, जिसमें दिल्ली से भेजे गए सौ रुपये में केवल 15 रुपये गरीब तक पहुंचने की बात कही गई थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत 'फ्रेजाइल फाइव' से निकलकर दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचा। योगी ने सोमनाथ मंदिर का उदाहरण देते हुए कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के वहां कार्यक्रम में शामिल होने का विरोध किया था। लंबे समय तक भारत की विरासत को अपमानित करने और देशवासियों के मन में गुलामी की मानसिकता बनाए रखने का प्रयास किया गया। 2014 के बाद भारत इस मानसिकता से बाहर निकला।उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण और भव्य–दिव्य कुंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विरासत और विकास को एक साथ आगे बढ़ाया है। केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण देश में 26 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं, जिनमें छह करोड़ से अधिक उत्तर प्रदेश के हैं। प्रदेश में करीब 16 करोड़ गरीब विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की 25 वर्ष की सेवा यात्रा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय और महात्मा गांधी का ग्राम स्वराज भी समाहित है। 25 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती और दो अक्तूबर को गांधी जयंती को भी कार्यक्रमों के साथ सेवा संकल्प अभियान से जोड़ा जाएगा।

## डबल इंजन सरकार के खजाने में कमी नहीं, केशव मौर्य बोले, डिजिटल युग में कर्मचारी अहम

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि डिजिटल युग में सरकारी कामकाज में तेजी और जवाबदेही जरूरी है। डबल इंजन सरकार की योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में सरकारी कर्मचारियों की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि अब "सुस्ती नहीं, चुस्ती से काम चलेगा।" उपमुख्यमंत्री शनिवार को अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित उत्तर प्रदेश मिनिस्ट्रियल कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के 60वें अधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के पास खजाने में कोई कमी नहीं है, भ्रष्टाचार खत्म हो गया है केशव मौर्य ने कहा कि सरकार का विशेष जोर महिला सशक्तिकरण और गरीबों तक सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचाने पर है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दौर डिजिटल है। कोई भी सूचना कुछ ही समय में बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि सरकारी व्यवस्था में भी इसी तेजी के साथ काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आज उनके संबोधन की बात भी रिकॉर्ड होकर तुरंत लोगों तक पहुंच सकती है। ऐसे में कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों के प्रति और अधिक सजग रहना होगा। केशव मौर्य ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने सरकारी योजनाओं के पैसे को लेकर टिप्पणी की थी कि केंद्र से भेजे गए 100 रुपये में से नीचे तक केवल एक रुपया पहुंचता है। उन्होंने दावा किया कि अब भाजपा सरकार में योजनाओं की धनराशि सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुंच रही है। उपमुख्यमंत्री ने प्रदेश में बिजली व्यवस्था में सुधार का जिक्र करते हुए कहा, "पहले बिजली आती नहीं थी, अब जाती नहीं।"

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही नाम शकील अहमद फारुकी (Shakeel Ahmad Farooqui) पुत्र जमील हसन फारुकी (Jameel Hasan Farooqui) है। निवासी– सुनियावां, कुंडा, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश, पिनकोड – 230204 है। मेरे पासपोर्ट संख्या – पी. 1122217 में त्रुटिवश शकील अहमद फारुक (SHAKEEL AHMAD FARUQE) पुत्र जमील हसन फारुक (JAMEEL HASAN AHMAD FARUQE) दर्ज हो गया है, जो गलत है। सही नाम शकील अहमद फारुकी (Shakeel Ahmad Farooqui) पुत्र जमील हसन फारुकी (Jameel Hasan Farooqui) है। अब मुझे शकील अहमद फारुकी पुत्र जमील हसन फारुकी है। निवासी– सुनियावां, कुंडा, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश, पिनकोड – 230204 के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## डॉ. आरएमएलआईएमएस में छठे वार्षिक अनुसंधान दिवस का सफल आयोजन

लखनऊ (संवाददाता)। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (डॉ. आरएमएलआईएमएस), लखनऊ में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से 11 एवं 12 सितंबर 2026 को छठे वार्षिक अनुसंधान दिवसद्2026 का सफलतापूर्वक शोध प्रकोष्ठ द्वारा प्रो. (डॉ.) अमित कौशिक, एसोसिएट डीन (शोध), डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नेतृत्व में आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस वैज्ञानिक आयोजन में संस्थान के संकाय सदस्यों, स्नातकोत्तर एवं स्नातक विद्यार्थियों तथा पीएचडी शोधार्थियों को अपने शोधा एवं वैज्ञानिक कार्यों को प्रस्तुत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया गया। अनुसंधान दिवस के अंतर्गत 11 सितंबर को संकाय सदस्यों, पीजीध्यूजी विद्यार्थियों एवं पीएचडी शोधार्थियों द्वारा वैज्ञानिक प्रस्तुतियां दी गईं।

## प्रशिक्षण व्यवस्था को मिली गति

# रोस्टर प्रणाली से प्रशिक्षण बन रहा व्यवस्थित, आधुनिक और प्रभावी-केशव

लखनऊ (संवाददाता)। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास एवं महानिदेशक, दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान को निर्देशित किया था कि डिजिटल मासिक एवं त्रैमासिक रोस्टर प्रणाली के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रमसंचालित किए जाएं। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के आवास, कक्षाओं, आधुनिक शिक्षा प्रणाली तथा संस्थान में स्वच्छता की उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। विभाग द्वारा प्रशिक्षण गतिविधियों में गति लाते हुए विभिन्न विभागों, संस्थाओं एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कार्मिकों तथा रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में मॉडल संकुल स्तरीय संघ के एमआईएस सहायकों एवं लेखाकारों का दस दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, बख्शी का तालाब में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। मिशन निदेशक अरुण कुमार के निर्देशन में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य संकुल स्तरीय संघ के कैडर को तकनीकी, वित्तीय एवं प्रबंधन के क्षेत्र में दक्ष एवं आत्मनिर्भर बनाना थाताकि ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं की निगरानी, क्रियान्वयन और वित्तीय प्रबंधन को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जा सके।उपायुक्त देवेंद्र कुमार ओझा ने बताया कि प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को वित्तीय प्रबंधन, त्वरित निर्णय क्षमता, सुदृढ़ ऋण प्रणाली तथा पारदर्शी हिसाब–किताब रखने की व्यवहारिक जानकारी दी गई। विशेष रूप से धनराशि का सही स्थान एवं सही उद्देश्य में उपयोग, अभिलेखों के व्यवस्थित रख–रखाव तथा लेखा–जोखा को पारदर्शी एवं प्रदर्शनीय बनाने पर जोर दिया गया। महिलाओं में शिक्षा, साक्षरता एवं जागरूकता बढ़ाने को भी प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया गया। प्रशिक्षण के तकनीकी सत्रों में मोबाइल एप एवं पोर्टल पर आंकड़ों की प्रविष्टि, मासिक प्रगति आख्या तैयार करना, स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संघ के अभिलेखों का ऑनलाइन रख–रखाव, कार्यसूची तैयार करना, सदस्यता पंजिका का संधारण तथा प्रस्ताव पारित करने की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रतिभागियों की प्रशिक्षण गतिविधियों एवं सीखने की क्षमता का नियमित मूल्यांकन भी किया गया। राज्य ग्राम्य विकास संस्थान के सहायक निदेशक डॉ. सत्येंद्र गुप्ता द्वारा साधना रंजन, मेघा, एकता देवी एवं अमितेश इंजीनियर ने प्रशिक्षक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतिभागियों में दीपा शुक्ला, रिषा पटेल, चंचल, सोनी, तनु शर्मा, सीमा, जया, ममता, शकीना, हीना, प्रार्थना सिंह, अल्पना, सुमन, नीलू राजभर, प्रिय मिश्रा, हदीशुन निशा, राजकुमारी, अनीता यादव, शिवांगी सहित प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मानपुर सोनवरसा, विकास खंड पचपेड़वा, जनपद बलरामपुर

**निविदा सूचना**

**सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की पंचम/ छठा वित्त आयोग/स्वच्छ भारत अभियान फेज 2 व 16 वां वित निर्माण कार्य ग्राम पंचायत में नाली/खड़जा निर्माण/खड़ंजा मरम्मत/पंचायत भवन निर्माण/ सामुदायिक शौचालय /मनरेगा/एस0एल0 डब्लूयू0एम0 आदि योजना के अंतर्गत वर्ष 2026-2027 में कराए जाने वाले निर्माण/अंत्येष्टि स्थल निर्माण/आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण मरम्मत/इंडिया मार्का 2 हैंडपंप मरम्मत व रिवोर/ पंचायत भवन परिसर में इंटरलॉकिंग कार्य/ प्राथमिक विद्यालय पूर्व मध्यमिक विद्यालय व शौचालय मरम्मत/स्ट्रीट लाइट/ इंटरलॉकिंग रोड निर्माण,सीसी रोड निर्माण/सी एस सी सेंटर निर्माण कार्य/ पंचायत भवन निर्माण/अन्नपूर्णा भवन निर्माण व मरम्मत कार्य/ मनरेगा योजना अन्तर्गत फूल व बांस की खेती एनम सेंटर रंगाई पुताई व मरम्मत कार्य/खाद्य एवं रसद गोदाम निर्माण कार्य/ आर आर सी सेंटर, सोख्ता गड्ढा, सीट चेमबर, खाद गड्ढा/ खेल मैदान/ सोलर लाइट/ ह्यूमपाइप/पंचायत कार्यालय सामग्री कायाकल्प संबंधित कार्य/ रजिस्टर्ड फर्म एजेंसी से सामग्री क्रय हेतु प्रथम श्रेणी ईंट,इंटर लाकिंग ईंट, मिट्टी क्रय, पत्थर गिट्टी, बालू, मोरंग, प्राइमर, पेंट, लोहे का दरवाजा,सरिया सीमेंट,टाइल्स विभिन्न माप की ह्यूम पाईप, मनरेगा योजना के तहत पशु शेड, सोख्ता गड्ढा निर्माण, गौशाला में गौ वंश को खिलाने हेतु भूसा दाना चुनी चोकर व भंडारण हेतु कक्ष निर्माण आदि से संबंधित सामाग्री आदि क्रय हेतु सामाग्री की सील बन्द निविदा दिनांक 13-09-2026 से दिनांक 16-09-2026 तक डाला जाएगा जो तत्पश्चात दिनांक 17-09-2026 को ग्राम पंचायत कार्यलय पर अपराह्न 11 बजे खोली जायेगी। उक्त सभी आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री वर्ष 2026- 27 तक मान्य होगी। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश लोकनिर्माण विभाग विशिष्टियों के अनुसार परिमंडल गोण्डा द्वारा निर्धारित दरों के सापेक्ष की जायेगी। शेष नियम व शर्ते किसी भी समय ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।।**

**नियम व शर्ते-**

**1- जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम हो उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा। यदि आपूर्तिकर्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा पर आपूर्ति नहीं किया जाता है तो ऐसी दसा में ग्राम पंचायत आपके आदेश निरस्त करते हुए वरीयता क्रम में अन्य फर्मों को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतन्त्र होगी। 2- फर्म का जीएसटी पंजीकृत हो, आयकर देता हो,इसकी प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। 3- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खेला जाएगा। 4- सामाग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दरों से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। 5- जो दरें प्रस्तुत की जाएं, वह दरें जीएसटी तथा धुलाई, चढ़ाई, उतरवाई तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाए। 6- सामाग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आपूर्ति आदेश पर ही की जायेगी। 7- प्रस्तुति दरें पीडब्लूयूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक होनी चाहिए। 8- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीक/अवर अभियंता द्वारा सामाग्री की गुणवत्ता प्रामाणित होने तथा मापन के उपरांत ही किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर आपूर्तिकर्ता को भुगतान नहीं किया जायेगा। टेंडर की प्रक्रिया निरस्त/स्थगित करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।**

| प्रशासक | सचिव |
|---|---|
| मुरारीलाल यादव | संजय मिश्रा |
| ग्रा. पं. मानपुर सोनवरसा | ग्रा. पं. मानपुर सोनवरसा |
| वि.खं. पचपेड़वा | वि.खं. पचपेड़वा |
| जनपद बलरामपुर | जनपद बलरामपुर |


## संक्षिप्त

### 68500 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

लखनऊ (संवाददाता)। 68500 सहायक शिक्षक भर्ती अभ्यर्थियों के अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर जमकर नारेबाजी की। अभ्यर्थी नियुक्ति की मांग को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। डिप्टी सीएम के आवास के बाहर जमकर नारेबाजी की। अभ्यर्थियों और पुलिस के बीच धक्का–मुक्की भी हुई। शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थी सुबह 8 बजे के करीब बड़ी संख्या में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के आवास पर पहुंचे। उन्होंने आरक्षण की विसंगतियों का समाधान कराने और भर्ती से जुड़े मामले में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश का अनुपालन कराने की मांग उठाई। अभ्यर्थियों ने नियुक्ति के मसले पर डिप्टी सीएम से बात कराए जाने की मांग की। भर्ती में आरक्षण से जुड़ी विसंगतियों के कारण उन्हें लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने डिप्टी सीएम से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात कराकर मामले का समाधान कराने की मांग की।प्रदर्शनकारियों ने राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के आदेश का अनुपालन कराने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उनका कहना है कि आयोग के आदेश के अनुरूप कार्रवाई होने से आरक्षण संबंधी विवाद का समाधान हो सकता है। शनिवार की सुबह करीब आठ बजे अभ्यर्थियों के डिप्टी सीएम आवास पहुंचने से वहां हलचल बढ़ गई। अभ्यर्थी अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए समाधान की मांग पर अड़े रहे। उनका कहना था कि सरकार को भर्ती से जुड़े आरक्षण विवाद का जल्द निस्तारण करना चाहिए। अभ्यर्थियों ने कहा कि वे लंबे समय से इस मामले के समाधान की मांग कर रहे हैं।

### पुलिस अधिकारी बोले,भूल जाओगे डॉक्टरी

लखनऊ (संवाददाता)। जीपीओ पार्क और गांधी प्रतिमा पर आयुष इंटर्न डॉक्टरों का प्रदर्शन जारी है। इसी दौरान प्रदर्शन स्थल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक पुलिस अधिकारी प्रदर्शनकारी छात्रों को सख्त चेतावनी देते हुए नजर आ रहे हैं।पुलिस अधिकारी वीडियो में कहते हुए सुनाई दे रहे हैं–सब पर मुकदमा लिखा जाएगा... भूल जाओगे डॉक्टरी ।वीडियो में पुलिस अधिकारी प्रदर्शन कर रहे छात्रों से कथित तौर पर कड़े लहजे में बात करते दिख रहे हैंप्रदर्शनकारियों को मुकदमा दर्ज किए जाने की चेतावनी देते हैं। अधिकारी की इस सख्त बात के बाद वहां मौजूद डॉक्टरों ने कोई हंगामा नहीं किया बल्कि शांत रहते हुए एक साथ कहा– थैंक यू सर!। डॉक्टरों और पुलिस अधिकारी के बीच बातचीत का वीडियो अब सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद प्रदर्शन के साथ पुलिस अधिकारी की चेतावनी भी चर्चा का विषय बन गई है। आयुष इंटर्न डॉक्टर स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर लखनऊ में प्रदर्शन कर रहे हैं. प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उन्हें 7,500 रुपये प्रति माह स्टाइपेंड दिया जा रहा है। उनकी मांग है कि इसे बढ़ाकर 25 हजार रुपये प्रतिमाह किया जाए।

### सांसद दिनेश शर्मा ने राज्यसभा से दिया इस्तीफा

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद दिनेश शर्मा ने राज्यसभा से शनिवार को इस्तीफा दे दिया है। राज्यसभा के चेयरमैन सीपी राधाकृष्णन ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है और उनकी सीट को खाली घोषित कर दिया है। बता दें कि दिनेश शर्मा को हाल ही में अंडमान–निकोबार द्वीप समूह का उप–राज्यपाल नियुक्त किया गया है। जिसके चलते उन्होंने राज्यसभा के सदस्य पद से इस्तीफा दिया है। राज्यसभा सचिवालय की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया, "उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने राज्यसभा की अपनी सीट से इस्तीफा दे दिया है और सभापति ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।" उन्होंने बुधवार को वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति की अपनी अंतिम बैठक में हिस्सा लिया था। बैठक में समिति के अध्यक्ष भर्तृहरि महताब और सदस्यों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं तथा अपने विचार साझा किए। कई सांसदों, जो समिति के सदस्य भी हैं उन्होंने भी शर्मा को उनकी नियुक्ति के लिए बधाई दी।

### मामूली टक्कर के बाद विवाद में दादा पोते पर चाकू से हमला, दादा की मौत,आरोपी फरार

लखनऊ (संवाददाता)। मड़ियांव में शनिवार को मामूली टक्कर के बाद विवाद हो गया। मड़ियांव थाने के सामने फ्लाईओवर के नीचे एक कबाड़ी ने दादा–पोते पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दादा की मौत हो गई। पोते की हालत गंभीर है। भरतनगर निवासी मदन बिहारी तिवारी अपने पोते संकल्प तिवारी के साथ बाइक से बिजली का बिल जमा करने जा रहे थे। इसी दौरान मड़ियांव थाने के सामने फ्लाईओवर के नीचे उनकी बाइक की कबाड़ी के ठेले से टक्कर हो गई। इसे लेकर दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। विवाद के दौरान आरोपी ने संकल्प पर चाकू से हमला कर दिया। पोते को बचाने के लिए मदन बिहारी आगे आए। आरोप है कि आरोपी ने उन पर भी चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। उनके पेट और सीने में कई चोटें आईं। घटना के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से भाग गया। दोनों घायलों को केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। यहां इलाज के दौरान मदन बिहारी तिवारी की मौत हो गई। संकल्प का गंभीर हालत में इलाज चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने आरोपी की पहचान राज कुमार उर्फ मलाई के रूप में की है। उसकी उम्र करीब 40 साल है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

### योगी आदित्यनाथ समेत कई नेताओं ने गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व की दी बधाई

लखनऊ (संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत कई नेताओं ने शनिवार को श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर सिखों और प्रदेशवासियों को बधाई दी। गुरु ग्रंथ साहिब सिखों का पवित्र ग्रंथ है जिसे समुदाय जीवित गुरु के रूप में सम्मान देता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सिख पंथ के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन प्रकाश पर्व की सभी सिख बंधुओं एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। योगी ने कहा कि यह पावन ग्रंथ समूची मानवता को समरसता, सेवा, सत्य एवं करुणा का अमर संदेश प्रदान करता है। उन्होंने कहा, आइए, उनके दिव्य उपदेशों को आत्मसात कर राष्ट्र एवं समाज की उन्नति में अपना योगदान दें।

# बढ़नी में पीस कमेटी की बैठक के बाद पुलिस का फ्लैग मार्च, शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील





**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

बढ़नी, सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में शनिवार को बढ़नी पुलिस चौकी में आगामी गणेश चतुर्थी व विश्वकर्मा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में थानाध्यक्ष ढेबरुआ चन्द्रकांत पाण्डेय और चौकी इंचार्ज बढ़नी वीरेंद्र यादव सहित गणेश प्रतिमा आयोजक व संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे। बैठक में अधिकारियों ने शासन की गाइडलाइंस से अवगत कराते हुए त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की।

बैठक के उपरांत क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष और चौकी इंचार्ज ने पुलिस बल के साथ कस्बा बढ़नी के प्रमुख बाजारों व चौराहों पर पैदल गश्त व फ्लैग मार्च किया। अधिकारियों ने आम नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की तथा अराजक तत्वों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी।

# सरकारी गेहूं खरीद में 60 लाख रुपये का घोटाला

## केंद्र प्रभारी गिरफ्तार,सचिव पर भी मुकदमा दर्ज

**कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस**

तुलसीपुर(बलरामपुर)- दिनांक 11-09-2026 को वादी अश्वनी शुक्ला जिला प्रबन्धक पी.सी. एफ जनपद बलरामपुर द्वारा दी गई तहरीरी सूचना कि मैं तथा जाँच टीम के सदस्य गोविन्द कुमार उपाध्याय जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी बलरामपुर व अजय कुमार मौर्य सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता बलरामपुर तथा देवेन्द्र प्रताप अग्रहरि अपर जिला सहकारी अधिकारी तुलसीपुर बलरामपुर के साथ गेहूँ क्रय केन्द्र बी. पैक्स तुलसीपुर पता नचौरी-नचौरा के गोदाम पर पहुँचकर भौतिक सत्यापन किया गया तो पाया गया कि प्रभारी सचिव प्रकाश सिंह मौजूद नहीं मिले, उनके द्वारा वर्ष 2026-27 में कुल 420.87 मीट्रिक टन गेहूँ अपने केन्द्र प्रभारी महेन्द्र मणि तिवारी के साथ मिल कर खरीदा गया, जिसमें से 353.759 मीट्रिक टन गेहूँ भारतीय खाद्य निगम में साम्प्रदानित किया गया है तथा 67.111 मीट्रिक टन गेहूँ भारतीय खाद्य निगम में सम्प्रदान करना अवशेष है। संयुक्त टीम की जाँच में पाया गया कि नचौरा-नचौरी गेहूँ क्रय केन्द्र के गोदाम में सम्प्रदान हेतु अवशेष गेहूँ गोदाम की चाभी न मिलने के कारण पूरी तरह से गोदाम का निरीक्षण नहीं हो पाया परन्तु अगल-बगल खिड़कियों से देखने से यह प्रतीत हो रहा है कि क्रय केन्द्र के गोदाम में गेहूँ भण्डारित नहीं है। क्रय केन्द्र प्रभारी महेन्द्र मणि तिवारी तथा प्रभारी सचिव प्रकाश सिंह द्वारा सरकारी गेहूँ का गबन किया गया। गेहूँ क्रय केन्द्र के प्रवेश द्वार को सील किया गया, बाद कार्यवाही सयुक्त टीम जाँच के क्रम में बी. पैक्स कौवापुर गेहूं क्रय केन्द्र पर पहुँचकर जाँच किया गया तो गेहूँ क्रय केन्द्र के गोदाम में कोई भी गेहूँ अवशेष नहीं पाया गया, जबकि प्रभारी सचिव प्रकाश सिंह द्वारा वर्ष 2026-27 में कुल गेहूं क्रय 322.600 मीट्रिक टन किया गया, जबकि इनके द्वारा भारतीय खाद्य निगम बलरामपुर में 160.947 मीट्रिक टन साम्प्रदानित किया गया तथा अवशेष गेहूँ 161.653 मीट्रिक टन भौतिक रूप से गोदाम में होना चाहिए था, परन्तु मौके पर स्टाक शून्य पाया गया। इस प्रकार क्रय केन्द्र प्रभारी महेन्द्र मणि तिवारी एवं प्रभारी सचिव प्रकाश सिंह द्वारा सरकारी पैसे से गेहूँ खरीदा गया तथा 228.764 मीट्रिक टन गेहूँ भारतीय रुपये से निगम में साम्प्रदानित नहीं किया गया। उपरोक्त लोगो द्वारा सरकारी पैसे से गेहूँ खरीद कर गबन किया गया है। प्रति कुन्तल गेहूँ का दर 2605.00 रु0 है, इस प्रकार कुल 59,59,302.20/-रु0 (उनसठ लाख उनसठ हजार तीन सौ दो रू0 बीस पैसे) का गबन किया गया है। उक्त तहरीरी सूचना के आधार पर थाना तुलसीपुर पर मु0अ0सं0 126/26 धारा 316(5) बी0एन0एस0 बनाम प्रकाश सिंह प्रभारी सचिव व महेन्द्र मणि तिवारी क्रय केन्द्र प्रभारी पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मार्तण्ड प्रकाश सिंह द्वारा उक्त गेहूँ गबन की घटना के सफल अनावरण व अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में थाना तुलसीपुर पुलिस टीम द्वारा थाना तुलसीपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 124/26 धारा- 316(5) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त प्रकाश सिंह (प्रभारी सचिव) पुत्र अज्ञात को सत्यापन टीम उपरोक्त द्वारा थाने पर लाया गया था। मुकदमा उपरोक्त में नामित अभियुक्त के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# ढ़ेबरुआ थाना समाधान दिवसः सीओ शोहरतगढ़ ने सुनीं शिकायतें, मौके पर निस्तारण के आदेश



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर। ढ़ेबरुआ थाने में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में शोहरतगढ़ क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जमीन विवाद और आपसी मामलों से जुड़ी कई शिकायतें सामने आईं।सीओ ने मामलों की जांच करते हुए संबंधित पुलिसकर्मियों को शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मामलों को लटकाने के बजाय दोनों पक्षों को सुनकर गुणवत्तापूर्ण समाधान निकाला जाए। जनसुनवाई के दौरान थाना स्टाफ मौजूद रहा।

# थाना समाधान दिवसः जोगिया उदयपुर में डीएम व एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, मौके पर निस्तारण के निर्देश

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सिद्धार्थनगर, 12 सितंबर 2026: शासन की मंशा के अनुरूप माह के दूसरे शनिवार को थाना जोगिया उदयपुर में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में 'संपूर्ण थाना समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस दौरान दोनों उच्चाधिकारियों ने उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि विवाद, वरासत, चकमार्ग, नाली विवाद तथा अवैध कब्जे जैसे मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम शिकायतकर्ता की मौजूदगी में मौके पर जाकर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी नागरिक को अनावश्यक परेशान न किया जाए और अधिकतम मामलों का समाधान प्राथमिकता पर किया जाए, किसी भी दशा में प्रकरण लंबित न रहें।साथ ही, जिलाधिकारी ने उपस्थित नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और विवादों से बचने की अपील करते हुए आश्वस्त किया कि सभी शिकायतों का पारदर्शी समाधान कराया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ज्ञान प्रकाश, उपजिलाधिकारी नौगढ़ रेनू मिश्रा, थानाध्यक्ष जोगिया उदयपुर सहित राजस्व निरीक्षक एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।



# एनएच-730 पर राप्ती नहर पुल के पास पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

बढ़नी (सिद्धार्थनगर) ढेबरुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 730 (एनएच-730) पर राप्ती मुख्य नहर के पुल के समीप शुक्रवार रात हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए व्यक्ति ने जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

जानकारी के अनुसार, ग्राम गजेहड़ी उर्फ मधवानगर निवासी विजय शर्मा (46) शुक्रवार रात लगभग 10 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बढ़नी की तरफ घर लौट रहे थे। एनएच-730 स्थित राप्ती नहर के पुल के समीप ढेबरुआ की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में विजय शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों और सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़नी पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के उपरांत चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत को देखते हुए माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज, सिद्धार्थनगर के लिए रेफर कर दिया। हालांकि, मेडिकल कॉलेज ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया।

मृतक विजय शर्मा अपने परिवार के मुख्य भरण-पोषण कर्ता थे। उनके परिवार में पतनी माया देवी (42), तीन बेटियां प्रतीक्षा (17), दीक्षा (15), नेहा (13) तथा एक पुत्र शुभम शर्मा (12) हैं। घटना के बाद से परिजनों में शोक का माहौल है।

इस संबंध में थानाध्यक्ष ढेबरुआ चंद्रकांत पांडेय ने बताया कि दुर्घटना करने वाली पिकअप और उसके चालक को हिरासत में ले लिया गया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलते ही सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नशा तस्कर को गिरफ्तार कर कब्जे से 14 बोतल देशी शराब हरियाणा मार्का किया बरामद

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकए सहारनपुर के निर्देशन में मादक पदार्थोंध्अवैध शराब की तस्करीध्बिक्री की रोकथाम व नशे के कारोबार में लिप्त शातिर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार संघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण मे तथा थाना प्रभारी मिर्जापुर विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना मिर्जापुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 01 नशा तस्कर हसीन पुत्र हफीज निवासी ग्राम रायपुर थाना मिर्जापुर जिला सहारनपुर को शेरपुर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 14 बोतल देशी शराब हरियाणा मार्का माल्टा बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना मिर्जापुर पर मु0अ0सं0 286ध्26 धारा 63 आबकारी अधिनियम के पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत ने रचा इतिहास-2,54,642 मामलों का निस्तारण, 1990 से चला आ रहा विवाद सुलह से समाप्त

## 12.70 लाख जुर्माना वसूल, 9.19 करोड़ का प्रतिकर अवार्ड पारित

**सुनील कुमार गुप्ता**
**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मीरजापुर । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मीरजापुर अनुपम कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को जनपद न्यायालय, मीरजापुर, वाह्य न्यायालय चुनार, ग्राम न्यायालय मड़िहान, ग्राम न्यायालय लालगंज एवं जनपद के समस्त संबंधित न्यायालयों/ स्थलों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारम्भ जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार, प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय संजय कुमार शुक्ला, अपर जनपद न्यायाधीश/नोडल अधिकारी (राष्ट्रीय लोक अदालत) संतोष कुमार गौतम, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आनन्द कुमार-प्, समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अभयराज सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण एवं बैंक अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने तथा अधिकाधिक लंबित एवं प्री-लिटिगेशन वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, वादकारियों को त्वरित एवं अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान जनपद न्यायालय परिसर सहित जनपद के समस्त संबंधित न्यायालयों एवं स्थलों पर बड़ी संख्या में लंबित तथा प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सुलह-समझौते एवं सहमति के आधार पर निस्तारण किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2,54,642 मामलों का निस्तारण किया गया। विभिनन्न मामलों में कुल मु0 12,70,405.00 रुपये का जुर्माना वसूल किया गया तथा मृतकों एवं घायलों के पक्ष में मोटर दुर्घटना प्रतिकर के रूप में लगभग 9,19,80,360.00 रुपये। के प्रतिकर अवार्ड पारित किए गए। मीरजापुर के इतिहास में इतने मुकदमों का निस्तारण पहली बार हुआ है।

# ऐतिहासिक स्थलों के संजोने और संरक्षण को लेकर नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी की पहल

## प्राचीन नागकुंड पर श्रमदान कर दिया संदेश

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मीरजापुर।नगर पालिका अध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी ने नगर के ऐतिहासिक स्थलों को संजोने और उनके संरक्षण को लेकर एक विशेष अभियान चलाया है।उन्होंने शनिवार की सुबह स्थानीय लोगों,सभासद,भाजपा कार्यकर्ताओं और कर्मचारियों के साथ कंतित स्थित तीन हजार साल से भी पुराने नागकुंड पर पहुंचकर श्रमदान किया।

उन्होंने कुंड में उतर कर पानी में जमे काई और जल शैवाल को निकाल कर सफाई की, इसके साथ ही सीढ.ियों पर जमी घासों को उखाड़कर बोरी में इकठ्ठा किया।उन्होंने कहा कि मीरजापुर यह नागकुंड बहुत ही प्राचीन और ऐतिहासिक है,इसका हमारे पुराणों में भी उल्लेख किया गया है।

इन्हीं ऐतिहासिक धरोहरों को संजोने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर होने वाले सेवा संकल्प अभियान जो आगामी सत्रह सितम्बर से सत्रह अक्टूबर तक चलेगा,उस अभियान में नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले जितने भी ऐसे ऐतिहासिक धरोहर घंटाघर,पक्काघाट,नागकुंड, तारकेश्वर मन्दिर सहित ऐसे सभी धरोहरों पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा।इस अभियान में सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों को भी आगे आकर ऐसे स्थानों को संरक्षित करने के लिए पहल करनी होगी।

इस मौके पर सभासद गोवर्धन यादव,राजकुमार दुबे,रोहन मिश्रा,अमित श्रीनेत,भोला मौर्या,सूरज निषाद,नरेश कौशल,गोवर्धन निषाद,राजकुमार निषाद सहित अन्य कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# मरहूम शाकिर हुसैन तशना की याद में कवि सम्मेलन व मुशायरा अदब घर करैली में आज

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

प्रयागराज। मशहूर ओ मारुफ शायर व उर्दू अखबार के वरिष्ठ पत्रकार मरहूम शाकिर हुसैन तशना की याद में 13 सितम्बर रविवार दिन में 2 बजे से करैली स्थित अदब घर में कवि सम्मेलन व मुशायरा का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर उत्तरी के पूर्व विधायक अनुग्रह नारायण सिंह होंगे।वहीं पांच लोगों को स्व तशना सम्मान से सम्मानित करने के साथ अन्य दस लोगों को बज्म ए अहबाब की ओर से प्रशस्ति.पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर इसरार नियाज़ी की अध्यक्षता व अमजद हुसैन प्रावीष् के संचालन में बैठक कर उक्त निर्णय लिया गया सुहैल अख्तर ए बख्तियार युसूफ ए मोहम्मद शहाब हनफी सैय्यद मोहम्मद अस्करी आदि शामिल रहे।

# 17 सितंबर से शुरू होंगे विभिन्न सेवा एवं जनसंपर्क अभियान : सुधीर सिंह

## राष्ट्रसेवा का महासंकल्प लेकर घर-घर जाएंगे भाजपा कार्यकर्ता

**प्रातःकॉल एक्सप्रेस**

झांसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रसेवा एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने और उनके जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी झांसी महानगर द्वारा सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान की तैयारियों को लेकर भाजपा कार्यालय में सीपरी मंडल की कार्यशाला आयोजित हुई। शुभारंभ महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह ने कहा कि 17 सितंबर का दिन देश के लिए विशेष महत्व रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के साथ ही उनके जन्मदिन पर विभिनन्न सेवा, जनसंपर्क एवं जनकल्याणकारी अभियानों की शुरुआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में राष्ट्रहित, जनसेवा और अंत्योदय को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश को नई दिशा और गति देने का कार्य किया है।उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि सेवा संकल्प अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पूरी ऊर्जा, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री के सेवा भाव और जनकल्याण के संदेश को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने के साथ ही जन-जन और घर-घर संपर्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन की शक्ति कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी से बढ़ती है।कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, आगामी कार्यक्रमों और तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। सभी ने 'सेवा ही संकल्प, राष्ट्र ही सर्वोपरि' की भावना के साथ अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजीव अग्रवाल 'लाला', अभिषेक जैन, मंडल महामंत्री विशाल रैकवार, चित्रांक द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष बहादुर सिंह चंदेल, चंद्रप्रकाश वर्मा, संजीव पटेरिया, गोविंद शर्मा, मनोज सिंह, सौरभ बाजपेई, पार्षद प्रीती माहौर, नवनीत दीक्षित, अजय अहिरवार, पंकज सिंह गौर, अशोक दुबे, राजीव कदम, ब्रजेश निगम, नीता माहौर, प्रतिमा कुलकर्णी, सीमा शर्मा सहित सीपरी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने किसान की मौत

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

इटावा। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत कटिया गांव में खेत में धान की फसल में खाद डालने जा रहे किसान के ऊपर 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से किसान गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। कटिया गांव निवासी आजाद सिंह यादव 47 वर्ष पुत्र स्व. सीताराम यादव शनिवार सुबह करीब 10 बजे खाद की बोरी लेकर खेत की ओर जा रहे थे। घर से करीब दो सौ मीटर दूर खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार अचानक टूटकर उनके ऊपर गिर गया। तार के संपर्क में आते ही वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए और जमीन पर गिर पड़े। हादसे की जानकारी मिलते ही पत्नी सत्यप्रभा और मां श्यामा देवी मौके पर पहुंचीं। परिजनों ने आजाद सिंह को तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने जांच के बाद किसान को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना चौबिया पुलिस जिला अस्पताल पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के छोटे भाई अनूप ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा खेतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के तार लंबे समय से जर्जर और झूल रहे थे। इसकी कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों से मौखिक शिकायत भी की गई थी लेकिन तारों को दुरुस्त नहीं कराया गया। समय रहते विद्युत लाइन की मरम्मत हो जाती तो हादसा टाला जा सकता था।

# रामलीला स्थल पर विवाद एसडीएम-सीओ ने किया मौके का निरीक्षण

## एसडीएम ने कहा जहां वर्षों से रामलीला हो रही थी वहीं होगा आयोजन

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

औरैया। जनपद के कस्बा फफूंद में शारदीय नवरात्र के दौरान होने वाली 157 वीं रामलीला के आयोजन स्थल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भूमि पर एक पक्ष की ओर से स्वामित्व का दावा किए जाने और दूसरे के नाम एग्रीमेंट किए जाने की जानकारी सामने आने के बाद धर्मप्रेमियों में नाराजगी है। मामला प्रशासन तक पहुंचने पर शुक्रवार को एसडीएम और सीओ ने दोनों पक्षों को थाने बुलाकर उनकी बात सुनी और इसके बाद मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण किया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष कृपाशंकर शुक्ला ने प्रशासन को दी सूचना में बताया कि नगर में 12 से 20 अक्टूबर तक 157 वीं रामलीला प्रस्तावित है। जिस स्थान पर वर्षों से रामलीला का आयोजन होता आ रहा है, उस भूमि पर मनमोहन मिश्रा ने अपना अधिकार बताते हुए उसे निगम सबिता और सत्यम सबिता निवासी ऊंचा के नाम एग्रीमेंट किए जाने की बात कही है। इसकी जानकारी मिलने पर नगर के धर्मप्रेमियों में रोष फैल गया। शुक्रवार को एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह और सीओ अजीतमल शैलेंद्र सिंह ने थाना परिसर में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और मनमोहन मिश्रा को बुलाकर दोनों पक्षों की बात सुनी। इसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर भूमि का निरीक्षण किया। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि रामलीला जहां पहले से होती आई है, वहीं आयोजित होगी। उन्होंने कहा कि भूमि का डीमार्केशन कराया जाएगा और राजस्व अभिलेखों के आधार पर भूमि का निर्धारण किया जाएगा।अधिकारियों ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने और किसी भी तरह के विवाद से बचने की अपील की है।



# थाना समाधान दिवस में आयी सात शिकायतों में तीन का मौके पर निस्तारण



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

जसवंतनगर। शनिवार को थाना सभागार में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें फरियादियों की समस्याओं को अधिकारियों ने गंभीरता से सुना।समाधान दिवस में क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह, नायब तहसीलदार नेहा सचान और थानाध्यक्ष कमल भाटी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं।इस दौरान कुल सात शिकायतें दर्ज की गईं।जिनमें से तीन शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शेष शिकायतें भूमि संबंधी होने के कारण अधिकारियों ने टीम गठित कर मौके पर भौतिक सत्यापन कर पारदर्शिता के साथ निस्तारण के निर्देश अधीनस्थों को दिए।इस अवसर पर उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी, सिटी इंचार्ज हेमंत कुमार, उपनिरीक्षक शुभम वर्मा,उप निरीक्षक अनूप पांडे सहित तहसील व थाने का स्टाफ मौजूद रहा।

# समाधान दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेड एवं क्षेत्राधिकारी ने सुनी जन समस्याएं

## कुल 8 शिकायतें प्राप्त हुई संबंधित को दिए निस्तारण के निर्देश

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



औरैया। अजीतमल। कोतवाली परिसर में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेड विनोद कुमार मीणा एवं क्षेत्राधिकारी शैलेंद्र सिंह ने जनता की शिकायतों को सुना, जिसमें भूमि विवाद की शिकायतों को नायब तहसीलदार अशोक कुमार एवं संबंधित कानूनगो व लेखपाल को समय पर निस्तारण के निर्देश दिए

मजिस्ट्रेड ने शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए टीमें बनाकर मौके पर जांच करने के भी निर्देश दिए। समाधान दिवस में गौहानी कला निवासी जय नारायण ने अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई, छीतापुर निवासी फुंदी लाल ने सरकारी नाली की शिकायत की, बीसलपुर निवासी अभिलाख वती ने गाटा न. 114 पर कब्जा हटवाने की मांग उठाई और फूलपुर निवासी अजय कुमार मिश्रा ने मेड़ तोड़ने की शिकायत दर्ज कराई है, इस दौरान कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार, क्राइम निरीक्षक राम चंद्र वर्मा सहित सभी चौकी प्रभारी, राजस्व निरीक्षक, समस्त लेखपाल मौजूद रहे।

# न्यायिक सभागार में गूंजे लोक अदालत पर आधारित गीत के स्वर, लोक अदालत में कुल 1,00,254 मामले हुए निस्तारित

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



इटावा। जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित हुई। शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला जज रजत सिंह जैन एवं सचिव आरती द्विवेदी ने सरस्वती मां के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस मौके पर विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़े अधिकार मित्रों सुधीर मिश्र, डॉ ज्योति वर्मा आदि ने लोक अदालत पर आधारित संगीतमय गीत एवं स्पर्श अंध विद्यालय के बच्चों ने भजन प्रस्तुत किया। जिला जज रजत सिंह जैन ने दृष्टिहीन बच्चों एवं लोक अदालत पर गीत प्रस्तुत करने पर पीएलवी टीम की सराहना की।राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर न्यायालय सभागार के प्रवेश द्वार पर शिक्षिका संगीता जैन व उनकी टीम ने भव्य रंगोली बनाई जो आकर्षण का केंद्र रही। लोक अदालत में 16 श्रेणियों के वादों का निस्तारण किया गया। सबसे ज्यादा भीड़ स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और बिजली विभाग के शिविर में देखने को मिली।राष्ट्रीय लोक अदालत में आर्बिट्रेशन सहित 1,00,254 वादों का निस्तारण किया गया। विभिन्न विभागों एवं बैंकों से जुड़े 95,370 प्री-लिटिगेशन मामलों में 14.28 करोड़ रुपये की वसूली हुई। प्री-लिटिगेशन एवं लंबित मामलों को मिलाकर कुल 25.47 करोड़ रुपये वसूल किए गए।परिवार न्यायालय में 31 वैवाहिक मामलों का निस्तारण करते हुए 12 जोड़ों की एक साथ विदाई कराई गई। वहीं फौजदारी न्यायालयों ने 1,382 शमनीय आपराधिक वाद निस्तारित किए। लोक अदालत में बैंक ऋण मामलों में पक्षकारों को राहत एवं छूट भी प्रदान की गई। बिजली विभाग के शिविर में अधिशाषी अभियंता प्रथम उमाशंकर सिंह एवं विभाग के वरिष्ठ अधिवक्ता मु.जुबैर तैमूरी मौजूद रहे। विभिन्न शिविरों में आए लोगों की पीएलवी व आदि ने भी सहायता की।

# थाना दिवस में एसएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं,निस्तारण के दिए निर्देश



**प्रातः काल एक्सप्रेस**

इटावा। माह के द्वितीय शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस (थाना दिवस) के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभय नाथ त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से थाना पछायगांव एवं थाना बढ़पुरा पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। एसएसपी ने थाना दिवस में आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों एवं पुलिसकमिर्यों को शिकायतों का निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और दोनों पक्षों को सुनकर न्यायोचित कार्रवाई की जाए।इस दौरान थानाध्यक्ष सहित पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# अजीतमल में चोरों का आतंक, बीती रात एक गांव में 4 घरों को बनाया निशाना लाखों की चोरी से दहशत

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



औरैया। जनपद के अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरहूनी के मजरा नंदलाल का पुरवा गांव में बीती रात चोरों ने जमकर तांडव मचाया। एक ही गांव में चार घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी पार कर दी। पहली घटनाः गांव निवासी लाखन पुत्र बल्दू प्रसाद के घर में चोर छत का जाल खोलकर घुसे। घर से पायल, झुमकी, टॉप्स, फूल, करधनी और महंगी साड़ियां चोरी कर ली। दूसरी घटनाः गांव निवासी रविंद्र पुत्र बालकराम के घर की अलमारी और बक्से के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात ले गए। तीसरी घटनाः गांव निवासी फूल सिंह पुत्र शिव दयाल के यहां से चोरों ने मंगलसूत्र, माला और 25 हजार की नकदी चोरी कर ले गए। चौथी घटनाः प्रसाद पुत्र रामबक्स के यहां से 12 हजार नकद, एटीएम और आधार कार्ड तक चोरी कर ले गए। एक गांव में हुई चार घरों से चोरियों से पुलिस गस्त पर एक सवालिया निशान खड़ा कर दिया है, घटना की जानकारी जब सुबह परिजनों को हुई तो पूरे गांव में कोहराम मच गया ।

# मैं पद से विदा ले रहा हूं, मन के भावों से नहीं – डॉ. शिवराज सिंह

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

इटावा। कर्म क्षेत्र महाविद्यालय (केकेपीजी कॉलेज) में भूगोल विभागाध्यक्ष, शिक्षक संघ अध्यक्ष एवं मुख्य अनुशासन अधिकारी प्रो. शिवराज सिंह यादव का विदाई एवं शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ। प्राचार्य प्रो. महेंद्र कुमार यादव ने उनके सहयोगपूर्ण कार्यों व अनुशासन व्यवस्था सुदृढ़ करने में योगदान की सराहना की। मुख्य अतिथि अजंट सिंह यादव ने कहा कि विदाई संबंधों का अंत नहीं, नई यात्रा का आरंभ है। समारोह की अध्यक्षता सत्येन्द्र कुमार वर्मा ने की। मंत्री ओंकारनाथ वर्मा ने उनकी संवेदनशीलता और उदार व्यवहार को बड़ी उपलब्धि बताया। प्रो. ओम कुमारी वर्मा, प्रो. सुनील सेंगर, डॉ. उदयवीर, प्रो. पद्मा त्रिपाठी व पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बजरंगी यादव, रिंकू यादव, आलोक यादव आदि ने संस्मरण साझा किए। भावुक होते हुए प्रो. शिवराज सिंह ने कहा – ञ्मैं पद से विदा ले रहा हूं, मन के भावों से नहीं। कार्यक्रम का संचालन



प्रो. पद्मा त्रिपाठी ने किया, आभार डॉ. सुजीत कुमार ने व्यक्त किया। शिक्षक संघ व कर्मचारी संघ ने माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट किया। प्राचार्य व प्रबंध समिति ने शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

# मड़िहान विधायक रमाशंकर पटेल ने दैवीय आपदा राहत कोष से लाभाथिर्यों को बांटे चेक




**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**सुनील कुमार गुप्ता**

मिर्जापुर। शनिवार को ग्राम सचिवालय पटेवर विधानसभा-मडि़हान में दैवीआपदा राहत कोष से निमन्‍ लाभाथिर्यों को पूर्व मंत्री एवं मडि़हान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल ने चेक वितरित किया। रवि पुत्र गणेश ग्राम-रैकरी के नहर में नहाते समय डूबने से मौत हो गई थी,जिसके तहत 4 लाख का चेक विधायक ने उनके परिजन को दिया। महेश पुत्र राधेश्याम ग्राम-पचोखरा के कुआं में डूबने से मौत हो गई थी,उनके परिजन को 4 लाख का चेक विधायक ने दिया। शेष प्रकाश पुत्र राजेश ग्राम-पटेवर के तालाब में डूबने से मौत हो गई थी उनके परिजन को 4 लाख का चेक विधायक ने दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मडि़हान संतोष कुमार ओझा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# इटावा विधानसभा के नरेंद प्रजापति एवं राम प्रकाश यादव बने उपाध्यक्ष

**प्रातः काल एक्सप्रेस**



इटावा। सपा कार्यालय पर उमेश राजपूत डुल्ले अध्यक्ष समाजवादी पार्टी विधानसभा इटावा ने सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के निर्देश पर विधानसभा कमेटी का विस्तार करते हुए नरेंद्र प्रजापति व राम प्रकाश यादव उर्फ पप्पू को विधानसभा का उपाध्यक्ष मनोनीत किया।नरेंद्र प्रजापति एवं राम प्रकाश यादव पप्पू को समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र इटावा की कमेटी में उपाध्यक्ष बनाए जाने पर जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, सपा जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू, सपा जिला उपाध्यक्ष उत्तम सिंह प्रजापति, अनवार हुसैन, सपा जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, सपा जिला सचिव प्रवीण कुशवाहा, विधानसभा अध्यक्ष इटावा उमेश राजपूत डुल्ले, अविनाश कुशवाहा, अरविंद यादव, अंकुर यादव, डॉक्टर कमलेश कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा, हुकम सिंह यादव, चंदन यादव, संदेश वाहक कैलाश नारायण गुप्ता आदि ने बधाई दी। नव मनोनीत पदाधिकारियों ने पार्टी जिला नेतृत्व को भरोसा दिलाते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर खरा उतरने का काम करेंगे, साथ ही पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाकर गरीब तपके को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे।

# तेली साहू समाज की संयुक्त बैठक संपन्न

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**सुनील कुमार गुप्ता**




मिर्जापुर। शनिवार को भारतीय तैलिक साहु राठौर महासभा तथा साहु समाज युवा संघ, मिर्जापुर की संयुक्त बैठक केएम बिल्डर्स, भरूना में संपनन्‍ हुई। बैठक की अध्यक्षता राम कुमार गुप्ता ने की। बैठक में मुख्य रूप से 20 सितंबर को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर को सफल बनाने तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह निणर्‍य लिया गया कि रक्तदान शिविर को जन-जागरूकता अभियान के रूप में चलाया जाएगा, ताकि समाज के अधिकाधिक लोग इसमें सहभागिता करें और जरूरतमंदों की सहायता हेतु आगे आएं। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रक्तदान को महादान बताते हुए समाज के युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।इसके साथ ही 2 अक्टूबर 2026 को गांधी जयंती समारोह आयोजित करने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर अनूप साहु ने जानकारी दी कि एडवोकेट संजय गुप्ता की अध्यक्षता में गांधी जयंती के अवसर पर एक रैली का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। बैठक में समाजहित, जनजागरूकता और संगठन की आगामी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। मौके पर विनोद गुप्ता, उदय गुप्ता, मनीष गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक समाज के निर्माण की महत्वपूर्ण कड़ी, बच्चों को बेहतर भविष्य देने में निभाते हैं अहम भूमिका

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। उत्तर प्रदेश राजकीय शिक्षक संघ झांसी मंडल एवं झांसी जनपद के तत्वावधान में कुलदीप सरस्वती विद्या मंदिर, झांसी में बृहद शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राजकीय शिक्षकों के साथ महानगर के कर्मठ प्रधानाचार्यों, सहायता प्राप्त विद्यालयों के प्रवक्ताओं एवं अध्यापकों, बेसिक शिक्षा विभाग के प्रधानाध्यापकों व शिक्षकों तथा नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के व्यायाम शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झांसी नगर विधायक रवि शर्मा रहे। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि शिक्षकों के कंधों पर बच्चों को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसे वे अपने अथक प्रयासों से पूरा करते हैं। विभिनन्न वर्गों और परिस्थितियों से आने वाले बच्चों को एक साथ शिक्षित कर उनके सर्वांगीण विकास के लिए तैयार करना शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है।

कुंवर सत्येंद्र पाल सिंह ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस प्रकार नाविक गहरे पानी में उतरकर मोती निकालता है, उसी प्रकार




शिक्षक बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने का कार्य करते हैं। श्री प्रदीप सरावगी ने शिक्षकों की तुलना कुम्हार से करते हुए कहा कि जिस तरह कुम्हार घड़े को आकार देने के लिए बाहर से चोट करता है, उसी प्रकार शिक्षक अनुशासन और मार्गदर्शन के माध्यम से बच्चों के व्यक्तित्व को बेहतर आकार प्रदान करता है।

जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा ने शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए उनसे और अधिक मेहनत एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में आने वाले गरीब और वंचित परिवारों के बच्चों को आगे बढ़ाने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिप्रा श्रीवास्तव ने की। जनपद अध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह ने आभार व्यक्त किया, जबकि संचालन अजय कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर मनोज कुमार गुप्ता, विमलेश कुमार अग्रवाल, शैलेश कुमार, सुधांशु सिंह सहित अन्य शिक्षक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

समारोह में मनोज कुमार मिश्रा, दिनकर, नरेंद्र पस्तोर, देवेंद्र सिंह, प्रदीप पाठक, शालू सिंह, मिलन गुप्ता, नीतू सिंह, राजेंद्र कुमार पटसारिया, शिशुपाल यादव, संगम सिंह, प्रद्युम्न दुबे, देवकीनंदन, संजय शर्मा, नेकीराम, दिनेश प्रधान, मोहम्मद अजीम, पंकज मिश्रा, सत्येंद्र चतुर्वेदी, अंजू गुप्ता, सुनीता सिंह, जितेंद्र सैनी, नाथूराम सिंह, अमृता गावडे, भारती जैन, वंदना कुशवाहा, जितेंद्र यादव, इकबाल सिंह खनूजा, त्रिभुवन सिंह, संदीप वर्मा, कवीन्द्र वर्मा, पवन सिंह, राइस उद्दीन, इंद्रेश कुमार पाठक, अजय कुमार वर्मा, विजय प्रताप, सुनील कुमार, चंदन कुमार, प्रदीप सिंह चौहान, अनुराग भदौरिया, सुनीता तिवारी, आशिकी त्रिपाठी, सरिता यादव, निधि श्रीवास्तव, सुनीता कुशवाहा, संध्या शुक्ला, नितिन चौरसिया, अभिषेक खरे, अनिरुद्ध रावत, बृजेश दीक्षित, पूनम तिवारी, पूनम पुरोहित, गार्गी बाजपेई, सुनील द्विवेदी, मोहम्मद अनीस, ममता सिंह, प्रमिलेश निरंजन, सत्यम दुबे, अब्दुल वाहिद, नरेंद्र सिंह, अरसद सिद्दीकी, रितु सिंह गौर, रोहिणी वर्मा, क्षमा वर्मा, दीक्षा सिंह, सुमित बबेले, उषा प्रियंवदा, रश्मि गुप्ता, नीलम सोनी, नीलम अग्रवाल, प्रमिला माथुर, आसमा खान, रचना नामदेव, पूजा यादव, प्रभा, खुशबू, रजनी वर्मा, नरेंद्र प्रजापति, श्रीकांत, सुमन, डॉ. गौरी, मानसी दुबे, अंजना वर्मा, अर्चना, मीनाक्षी उपाध्याय, अजय यादव, शाइस्ता अंसारी, सोनल लखेरा, अंजू वर्मा, सतीश कुमार, आशीष कुमार सिंह, इंदु प्रकाश, वीरेंद्र सिंह, श्वेता रिछारिया, रचना शुक्ला, निधि गुप्ता, रागिनी गुप्ता, राजीव बबेले, ज्योति तथा दीक्षा शर्मा को सम्मानित किया गया।

# राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

## रोल प्ले, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागी हुए सम्मानित



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एनसीईआरटी, नई दिल्ली के निर्देशन में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय रोल प्ले, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी, नोडल अधिकारी एवं प्रधानाचार्या श्रीमती सुस्मिता वर्मा तथा निर्णायक मंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर शिक्षक विधायक डॉ. बाबूलाल तिवारी ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि रचनात्मक एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से किशोर-किशोरियों से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत करना सराहनीय है। उन्होंने विद्यार्थियों से पढ़ाई के साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

प्रधानाचार्या सुस्मिता वर्मा ने बताया कि रोल प्ले प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में जीवन-कौशल, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति-कौशल, रचनात्मकता एवं सामाजिक जागरूकता का विकास करना है। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अनुभवात्मक सीखने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम प्रभारी डॉ. असमा खान ने बताया कि रोल प्ले प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज, झांसी ने प्रथम, सूरज प्रसाद राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, झांसी ने द्वितीय तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बबीना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

पोस्टर प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज, झांसी के छात्र युवराज यादव प्रथम, एसपीआई इंटर कॉलेज, झांसी के छात्र सोनू सोनकर द्वितीय तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, मऊरानीपुर की छात्रा मुस्कान तृतीय रहीं।

इसी प्रकार निबंध प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, बबीना की दीपिका ने प्रथम, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, झांसी की नैना प्रजापति ने द्वितीय तथा राजकीय इंटर कॉलेज, झांसी के रामचंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अतिथियों एवं निर्णायक मंडल द्वारा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी विद्यार्थियों को भी सहभागिता प्रमाण-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी अब 3 नवंबर को प्रयागराज में प्रस्तावित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।कार्यक्रम में डॉ. उषा प्रियम्बदा, डॉ असमा खान,श्रीमती प्रीति अवस्थी, श्रीमती रश्मि गुप्ता, श्रीमती नीलम सोनी, श्रीमती संध्या गुप्ता, श्रीमती नीलम अग्रवाल, श्रीमती अनीता कटियार, श्रीमती रचना नामदेव, श्रीमती कृति सी हयारन, श्रीमती कामना, श्रीमती कल्पना चौहान, श्रीमती रंजना स्वर्णकार, श्रीमती ज्योति राय सहित अन्य शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। अंत में उप प्रधानाचार्य श्रीमती निधि चौहान ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# बम्हौरी में किसान फील्ड डे का आयोजन, 133 किसानों ने लिया भाग

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झाँसी  एफएआरएमईआर परियोजना के अंतर्गत मऊरानीपुर विकासखंड के बम्हौरी गांव में स्मार्ट किसान रामाधार कुशवाहा के खेत पर किसान फील्ड डे का आयोजन किया गया। जिला एसोसिएट संदीप घोष के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के 133 किसानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। लगातार बारिश के बावजूद किसानों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी कृषि देशराज प्रजापति, विषय विशेषज्ञ दीपक कुशवाहा, सहायक तकनीकी प्रबंधक कृष्ण अवतार, एक्सेस डेवलपमेंट सर्विसेज के दल प्रमुख नरेंद्र सिन्हा, बाजार विशेषज्ञ संजीव शर्मा, कृषि निवेश विशेषज्ञ अनिल शर्मा तथा आईसीआरआईसैट के पिंकू सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में किसानों को जलवायु अनुकूल खेती, आधुनिक कृषि तकनीकों और बेहतर कृषि प्रबंधन की जानकारी दी गई। कृषि निवेश विशेषज्ञ अनिल शर्मा ने किसानों को आधुनिक कीट प्रबंधन के बारे में जानकारी देते हुए सौर जाल, फेरोमोन जाल और समेकित कीट प्रबंधन के उपयोग एवं लाभ बताए। उन्होंने रासायनिक कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग के साथ फसल सुरक्षा और उत्पादन लागत कम करने पर जोर दिया।बाजार विशेषज्ञ संजीव शर्मा ने किसानों को कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन, बाजार से जुड़ाव और उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने के उपाय बताए। उन्होंने बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन, सामूहिक विपणन और बेहतर बाजार संपर्क के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान किसानों ने कृषि संबंधी समस्याओं और चुनौतियों पर विशेषज्ञों से संवाद किया।बम्हौरी गांव में पहली बार इस प्रकार के किसान-केंद्रित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। किसानों की बड़ी संख्या में भागीदारी और आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की रुचि ने कार्यक्रम को सफल बनाया। एफएआरएमईआर परियोजना के तहत आयोजित यह कार्यक्रम किसानों को आधुनिक, जलवायु अनुकूल और बाजारोन्मुख खेती से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# महाप्रबंधक ने परखी रेल परियोजनाओं की रफ्तार, अधिकारियों को दिए समयबद्धता के निर्देश

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने मंडल रेल प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार के साथ झांसी-आगासौद रेलखंड का सघन निरीक्षण किया। इसके साथ ही झांसी-मानिकपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण कर रेल लाइन दोहरीकरण सहित विभिनन्न इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।



झांसी-बीना रेलखंड पर तीसरी लाइन के करीब नौ किलोमीटर शेष हिस्से में चल रहे इंजीनियरिंग एवं सिविल कार्यों की समीक्षा करते हुए महाप्रबंधक ने अधिकारियों को सभी कार्य संरक्षा मानकों का पालन करते हुए 15 अक्टूबर 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नॉन इंटरलॉकिंग सहित अन्य शेष कार्यों के लिए तैयार कायर्योजना की भी समीक्षा की।

करीब नौ किलोमीटर शेष कार्य पूरा होने के बाद मथुरा से बीना तक तीसरी लाइन का कार्य पूर्ण हो जाएगा। इससे रेलखंड की लाइन क्षमता बढ़ेगी और रेल परिचालन को अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी। तीसरी लाइन को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए 15 अक्टूबर को मेगा ब्लॉक प्रस्तावित है। इसके तहत बीना एवं आगासौद यार्ड की रीमॉडलिंग तथा तीसरी लाइन के कनेक्शन से संबंधित कार्य किए जाएंगे। महाप्रबंधक ने इन कार्यों की तैयारियों की समीक्षा कर सभी आवश्यक कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।महाप्रबंधक ने 12 सितंबर को झांसी-मानिकपुर रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण भी किया। इसका उद्देश्य रेल लाइन दोहरीकरण कार्य की प्रगति का जायजा लेना और उसे शीघ्र पूरा करने के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा करना था। निरीक्षण के दौरान सिगन्ल पोस्ट, रेल जॉइंट्स, पॉइंट्स, फॉलिंग मार्क्स, सिगन्ेज, स्टेशनों की सफाई तथा ट्रैक के आसपास के इंस्टॉलेशन आदि का अवलोकन किया गया। रेल पथ की राइडिंग क्वालिटी और ट्रैक की स्थिति की भी जांच की गई।

महाप्रबंधक ने दोनों रेलखंडों पर चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता और संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए

# बुंदेलखंड राज्य निर्माण को लेकर मोर्चा ने भरी हुंकार, 21 अक्टूबर से सत्याग्रह

## 'राम कौ कौल' अभियान के जरिए बुंदेलखंड राज्य के लिए आर-पार की लड़ाई

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। बुंदेलखंड निर्माण मोर्चा के अध्यक्ष भानु सहाय ने एक स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि बुंदेलखंड को अलग राज्य बनाने के लिए प्रभु श्रीराम को साक्षी मानकर तीन वर्ष के भीतर राज्य का निर्माण कराने का वादा किया गया था, लेकिन तीन वर्ष के स्थान पर 12 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही शुरू नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड राज्य की मांग को लेकर अब 21 अक्टूबर 2026 से कचहरी के पास स्थित गांधी उद्यान में अनशन एवं सत्याग्रह शुरू किया जाएगा।

भानु सहाय ने बताया कि सत्तादल के जनप्रतिनिधियों द्वारा बुंदेलखंड राज्य निर्माण की मांग को प्रभावी ढंग से नहीं उठाए जाने के विरोध में ''राम कौ कौल'' (राम की कसम) अभियान शुरू किया जा रहा है। इस अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए ''जनप्रतिनिधि धिक्कार यात्रा'' का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत बबीना, बंगरा, मोंठ, बरुआसागर, अम्बाबाय, मऊरानीपुर, चिरगांव और गरौठा में प्रधानमंत्री तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों के नाम खून से पत्र लिखे जाएंगे। वहीं शाम के समय बैदौरा, पड़रा, समथर, टहरौली, रक्सा, गुरसरांय और बड़ागांव में मशाल जुलूस निकाले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि 16 सितंबर से 18 अक्टूबर के बीच झांसी नगर निगम के सभी वार्डों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान 15 वार्डों में मशाल जुलूस तथा 15 वार्डों में खून से पत्र लिखने का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मोर्चा ने बुंदेलखंड के सभी मेडिकल कॉलेजों, सरकारी अस्पतालों तथा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों, चिकित्सा, पैरामेडिकल, नर्सिंग सहित अन्य कर्मचारियों के रिक्त पद समयबद्ध तरीके से भरने और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने की मांग की।

मोर्चा ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को स्ववित्तपोषित व्यवस्था से हटाकर सहायता प्राप्त विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग की, जिससे विद्यार्थियों की फीस कम हो सके। साथ ही संविदा पर कार्यरत शिक्षकों को नियमित करने तथा प्राथमिक विद्यालयों से लेकर महाविद्यालयों तक शिक्षकों एवं कर्मचारियों के रिक्त पद शीघ्र भरने और विद्यालयों का समयबद्ध जीर्णोद्धार कराने की मांग रखी गई।

अन्य मांगों में बुंदेलखंड क्षेत्र में ई-20 ईंधन के प्रयोग पर रोक लगाने की मांग की गई। मोर्चा का कहना है कि क्षेत्र के लोगों की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है कि वे वाहनों में इसके कारण आने वाली संभावित तकनीकी समस्याओं और कम औसत का अतिरिक्त खर्च वहन कर सकें। इसके अलावा क्षेत्र में संचालित अवैध नर्सिंग होमों के मामले में पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, पूर्व सचिव, झांसी विकास प्राधिकरण तथा वर्तमान अधिशासी अभियंता, झांसी विकास प्राधिकरण और जिला अगिन्शमन अधिकारी की कार्यप्रणाली की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग भी उठाई गई।

केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना से विस्थापित लोगों को उचित मुआवजा देने तथा परियोजना में कथित भ्रष्टाचार की समयबद्ध जांच कराने की मांग भी की गई। भानु सहाय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत द्वारा यह कहा गया है कि आंदोलन वार्ता का मार्ग खोलता है। उन्होंने सरकार से वार्ता की पहल करने की मांग करते हुए कहा कि यदि सरकार वार्ता के लिए नहीं आती तो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से वार्ता के लिए पहल की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अनशन, सत्याग्रह और ''राम कौ कौल'' अभियान के माध्यम से बुंदेलखंड की जनता को जागरूक किया जाएगा। आने वाले चुनाव में सत्ताधारियों को हराने के लिए गांव-गांव और वार्ड स्तर पर लोगों को गंगाजली उठवाकर अभियान से जोड़ते हुए आंदोलन के लिए योद्धा तैयार किए जाएंगे। अभियान का दूसरा चरण महोबा, तीसरा जालौन, चौथा बांदा, पांचवां हमीरपुर, छठा ललितपुर और सातवां चरण चित्रकूट में आयोजित किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में रघुराज शर्मा, हमीदा अंजुम, गिरजा शंकर राय, प्रदीप नाथ झा, रामजी सिंह पारीछा, उत्कर्ष साहू, अनिल कश्यप, गोलू ठाकुर, कलाम कुरैशी, अमित त्रिपाठी, विनोद अग्रवाल, मनोज प्रजापति पारीछा, अभिषेक तिवारी, शंकर रायकवार, विजय रायकवार, जीतू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# माउंट कुन पर तिरंगा फहराकर सोनिया कुशवाहा ने रचा इतिहास

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झांसी। उत्तर मध्य रेलवे में कार्यरत हॉकी खिलाड़ी एवं पर्वतारोही सोनिया कुशवाहा ने लद्दाख की दुर्गम जंस्कार रेंज में स्थित माउंट कुन की 23,200 फीट (7,077 मीटर) ऊंची चोटी पर सफलतापूर्वक आरोहण कर तिरंगा फहराया। उनकी इस उपलब्धि से भारतीय रेल और उत्तर मध्य रेलवे का गौरव बढ़ा है।

इस ऐतिहासिक पर्वतारोहण अभियान के लिए 21 अगस्त 2026 को उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित विशेष समारोह में महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह ने सोनिया कुशवाहा को



राष्ट्रीय ध्वज सौंपकर अभियान के लिए रवाना किया था। इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के पदाधिकारी और प्रधान विभागाध्यक्ष मौजूद रहे तथा उन्होंने सोनिया को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी थीं।

फ्लैग ऑफ के बाद सोनिया कुशवाहा ने 29 अगस्त को माउंट कुन की कठिन चढ़ाई शुरू की। बर्फीले और ग्लेशियर वाले बेहद चुनौतीपूर्ण मार्ग को पार करते हुए उन्होंने 7 सितंबर 2026 को माउंट कुन की चोटी पर पहुंचकर तिरंगा फहराया। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपने साहस, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का परिचय दिया।

माउंट कुन फतह कर वापस लौटने पर सोनिया कुशवाहा का नागरिकों और रेल परिवार की ओर से ढोल-नगाड़ों, माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य और गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उनकी उपलब्धि पर उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक नरेश पाल सिंह, उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के अध्यक्ष शशि प्रकाश द्विवेदी, उपाध्यक्ष बीपी सिंह, महासचिव गौतम जैन सहित समूचे उत्तर मध्य रेलवे परिवार ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# संत-महंतों के साथ विधायक राजीव ने देखी 'हनुमान अंश' फिल्म

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

झाँसी। बबीना विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों से जुड़े पुजारी, साधु-संत एवं महंतों के साथ बबीना विधायक राजीव सिंह पारीछा ने झाँसी के खिलौना थिएटर में 'हनुमान अंश' फिल्म का विशेष प्रदर्शन देखा। फिल्म प्रदर्शन से पहले सभी संत-महात्माओं के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद सनातन हिंदू संस्कृति, भगवान हनुमान की भक्ति और पूज्य नीम करौली बाबा के जीवन एवं आध्यात्मिक विचारों से प्रेरित फिल्म का सामूहिक अवलोकन किया गया।इस अवसर पर विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म की परंपराएं, संत-महात्माओं का मार्गदर्शन और भगवान हनुमान की भक्ति हमारी आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने में ऐसी फिल्मों की महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने कहा कि 'हनुमान अंश' भक्ति, सेवा, समर्पण और आध्यात्मिक चेतना का संदेश देती है। फिल्म भगवान हनुमान की भक्ति के साथ पूज्य नीम करौली बाबा के जीवन एवं विचारों से भी प्रेरणा लेती है। विधायक ने क्षेत्रवासियों से अपने परिवार के साथ फिल्म देखने का आग्रह किया। इस दौरान विभिनन्न मंदिरों से जुड़े पुजारी, साधु-संत, महंत एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन स्थल पर श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा।

# सहारनपुर नगर निगम के मेला गुघाल टेंडर में बड़ा खेल, मुख्यमंत्री से शिकायत

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। मेला गुघाल की बिजली व्यवस्था के ठेके ;ई.नीलामीद्ध में धांधली का बड़ा आरोप लगा है। बहराइच की फर्म खुशी ट्रेडर्स के प्रोण् निहाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अति महत्वपूर्ण पत्र भेजकर पूरे मामले की जांच की मांग की है। क्या है पूरा मामलाघ् नगर निगम ने पहले 03द09द2026 को पत्रांक संख्या 170 से मेला गुघाल की नीलामी निकाली। इसमें श्एश् श्रेणी का विद्युत लाइसेंस और 2 साल का अनुभव माँगा गया थाए जो प्रार्थी के पास मौजूद है। आरोप है कि एक चुनिंदा ठेकेदार को लाभ पहुँचाने के लिए अधिकारियों पर दलालों और राजनीतिक संरक्षण के जरिए दबाव बनाकर 09द09द2026 को पत्रांक 190 से शर्तों में संशोधन करा दिया गया। संशोधन में लाइसेंस की अवधि 2




साल से बढ़ाकर 3 साल कर दी गई। शिकायत में कहा गया है कि यह संशोधन केवल शिव शक्ति प्रोप्राइटर ;संजय शर्माए ब्रह्मपुरीए मेरठद्ध को अनुचित लाभ देने के लिए किया गया है। 2025 में भी इसी फर्म को इसी शर्त का लाभ देकर राजस्व को चूना लगाया गया था। 07द09द2026 को हुई प्री.बिड मीटिंग में प्रार्थी ने सभी शर्तें पूरी बताई थींए लेकिन बोर्ड मीटिंग में मिलीभगत से शर्त बदल दी गई।

राजस्व को 65 लाख का फायदाए फिर भी रोका जा रहा हैप्रार्थी ने पत्र में बड़ा ऑफर दिया है। विभाग ने ठेके का न्यूनतम ऑफर 3ए27ए65ए000 ;तीन करोड़ सत्ताईस लाखद्ध रखा हैए जबकि प्रार्थी उससे 20 प्रतिशत अधिक यानी 3ए93ए18ए000 ;तीन करोड़ तिरानवे लाखद्ध देने को तैयार है। इससे निगम को सीधे 65ए53ए000 रुपये का अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। साथ ही हर साल 5 प्रतिशत बढ़ोतरी देने का भी वादा किया है। प्रार्थी ने बताया कि वह वर्ष 2023 में भी यही ठेका चला चुका है और उस पर नगर निगम का कोई बकाया नहीं है। मुख्यमंत्री सहित 6 अफसरों को भेजी शिकायत यह शिकायती पत्र 10द09द2026 को स्पीड पोस्ट ;छवण् म्ल्591846837प्छद्ध के जरिए मुख्यमंत्रीए नगर विकास मंत्रीए मंडलायुक्त सहारनपुरए जिलाधिकारीए नगर आयुक्त और महापौर को भेजा गया है। प्रार्थी ने मांग की है कि 09द09द2026 के संशोधन पत्र को निरस्त कर मूल नोटिस 03द09द2026 की शर्तों पर ही नीलामी की जाए और टेंडर प्रक्रिया में हो रही अनियमितताओं की जांच राजस्व हित में कराई जाए।

# फर्जी एनओसी से स्कॉर्पियो पर 5ण्49 लाख का लोन, फाइनेंस कंपनी ने सेल्स ऑफिसर समेत दो पर लगाया आरोप, एफआईआर दर्ज

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। कोतवाली सदर बाजार क्षेत्र में फर्जी दस्तावेज से वाहन फाइनेंस कराने का बड़ा मामला सामने आया है। एक फाइनेंस कंपनी ने अपनी ही कंपनी के सेल्स ऑफिसर समेत दो लोगों पर फर्जी छव्ब् लगाकर स्कॉर्पियो गाड़ी पर 5ण्49 लाख रुपये का लोन लेने का आरोप लगाया है।

कंपनी की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी की धाराओं में 'थ्प्त् दर्ज' कर जांच शुरू कर दी है। क्या है पूरा मामलाघ् आरोप है कि आरोपियों ने स्कॉर्पियो वाहन की फर्जी छव्ब् तैयार कर फाइनेंस कंपनी से 5ण्49 लाख रुपये का लोन स्वीकृत करा लिया और रकम हड़प ली। कंपनी को जब दस्तावेजों के सत्यापन में गड़बड़ी का पता चला तो प्रबंधन ने थाना सदर बाजार में शिकायत दी। सहारनपुर में फर्जी लोन का पैटर्न पुरानारू ये पहला मामला नहीं है। सर्च में सामने आया कि सहारनपुर में पहले भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर करोड़ों के लोन का फर्जीवाड़ा हो चुका हैए जिसमें एसटीएफ और पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर लोन लेने के मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया था और बैंक कर्मचारियों की भूमिका भी संदिग्ध मिली थी इसके अलावा शहर में ही 10 लाख की ठगी में तीन आरोपियों पर मुकदमा और फर्जी तरीके से महिला की प्क् पर 45 हजार का लोन जैसे मामले भी दर्ज हो चुके हैं। पुलिस का कहना है कि सदर बाजार थाने में केस दर्ज कर दस्तावेजों की जांच की जा रही हैए जल्द ही आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

## मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना बनी देवेन्द्र के सपनों की उड़ान

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना जनपद सहारनपुर में पारंपरिक कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने में कारगर साबित हो रही है। ग्राम जडौदा पाण्डा निवासी देवेन्द्र कुमार पुत्र चन्द्र सिंह को इस योजना के तहत पंजाब नेशनल बैंकए जडौदा पाण्डा से 2 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। माटीकला बोर्ड द्वारा 7 दिवसीय प्रशिक्षण देकर उनके हुनर को निखारा गया और 25 प्रतिशत अनुदान भी दिया गया। वर्तमान में देवेन्द्र फ्लावर पॉटए गमलेए फैन्सी कैंपरए ग्लास सहित आकर्षक मिट्टी के उत्पाद बना रहे हैंए जिनकी बिक्री आसपास के शहरों में हो रही है। मंडल स्तरीय माटीकला पुरस्कार में उनके उत्पादों को प्रथम स्थान मिला और 15 हजार रुपये का पुरस्कार मिला। देवेन्द्र ने कहा कि सरकारी ऋणए प्रशिक्षण और अनुदान से उनका पारंपरिक हुनर स्वरोजगार बना और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधरी।

.......

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं स्थलीय निरीक्षण किया गया



**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकए सहारनपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक नगरए पुलिस अधीक्षक ग्रामीणए पुलिस अधीक्षक यातायातए समस्त क्षेत्राधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना मिर्जापुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित माँ शाकुम्भरी देवी मंदिर पर प्रस्तावित मेले की तैयारियों एवं सुरक्षा.व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान मेला स्थल का भ्रमण कर सुरक्षाए यातायातए पार्किंगए भीड़ नियंत्रण एवं श्रद्धालुओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखनेए यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

# सुसाइड नोट के आधार पर युवक की आत्महत्या मामले में आरोपी पत्नी गिरफ्तार

**प्रातः काल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। थाना फतेहपुर पुलिस ने युवक सुशान्त की आत्महत्या के मामले में वांछित आरोपी उसकी पत्नी अंशिका को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसारए विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी अंशिका द्वारा अपने पति सुशान्त को प्रताड़ित किए जाने के कारण उसने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या की थी। मामले में पुलिस ने आरोपी महिला को उसके मस्कन से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की। पुलिस के मुताबिकए 18 जून 2026 को वादिया श्रीमती अनीता उम्र करीब 48 वर्ष पत्नी स्वर्गीय ओमपाल निवासी ग्राम सुभरी ख्वाजाए थाना नागलए जनपद सहारनपुर की तहरीर के आधार पर थाना फतेहपुर में अभियुक्ता अंशिका



पुत्री सुखमाल चन्द पत्नी सुशान्त कुमार समेत अन्य आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। प्रारंभिक रूप से मुकदमा मु0अ0सं0 245द26ए धारा 103;1द्धद61;2द्ध बीएनएस के तहत पंजीकृत किया गया था। दौराने विवेचना मामले में धारा 108 बीएनएस से संबंधित तथ्य सामने आने के बाद पुलिस ने वांछित अभियुक्ता अंशिका को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसारए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर ने घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना फतेहपुर पुलिस टीम ने आरोपी महिला को ग्राम शाहपुराए थाना फतेहपुर स्थित उसके मस्कन से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्ता की पहचान श्रीमती अंशिका पुत्री सुखमाल चन्द पत्नी सुशान्त कुमार निवासी ग्राम शाहपुराए थाना फतेहपुरए जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने उसका आपराधिक इतिहास मु0अ0सं0 245द26ए धारा 108 बीएनएसए थाना फतेहपुरए सहारनपुर बताया है। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद अभियुक्ता को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री प्रमोद कुमार सिंहए महिला उपनिरीक्षक मितलेश राठौरए रिजर्व महिला कांस्टेबल 822 प्रीतीए रिजर्व कांस्टेबल 792 शिवशंकर तथा रिजर्व कांस्टेबल 805 इन्द्रपाल शामिल रहे।

# सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरूद्ध कडी कार्यवाही

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**



सहारनपुर। थाना नकुड पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त गिरफ्तारए कब्जे से 270 ग्राम अवैध स्मैक ;जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रूपयेद्ध बरामद पुलिस उपमहानिरीक्षकए सहारनपुर परिक्षेत्रए सहारनपुर द्वारा मादक पदार्थों ध् नशे के अवैध कारोबारए प्रतिबंन्धित दवाओं की तस्करी ध् बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए ठोस एवं समन्वित कार्यवाही हेतु परिक्षेत्र सहारनपुर के तीनो जनपदो में श्ऑपरेशन सवेराश् दृ श्नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरश् अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकए सहारनपुर के निर्देशन मे नशीलें पदार्थों की तस्करीध्बिक्री की रोकथाम व नशे के कारोबार मे लिप्त शातिर अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान श्आपरेशन सवेराश् के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण मे तथा प्रभारी निरीक्षक नकुड़ ज्ञानेश्वर बौद्ध के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त महबूब उर्फ धोला पुत्र अब्बास निवासी ग्राम टिडौली थाना नकुड जनपद सहारनपुर को ग्राम अम्बेहटी जाने वाले रास्ते पर टयूबवैल के पास से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 270 ग्राम अवैध स्मैक ;जिसकी अनुमानित कीमत करीब 60 लाख रूपयेद्ध बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध थाना नकुड़ पर मु0अ0सं0 474द26 धारा 8द21द29 एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त महबूब उपरोक्त थाना नकुड पर पंजीकृत मु0अ0सं0 472द26 धारा 8द21द29 एनडीपीएस एक्ट के मुकदमें में वांछित चल रहा था । अभियुक्त द्वारा किए जा रहे मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में थ्व्त्ॅ।त्क् ।छक् ठ।ब्ज्ञ्ॅ लिंको की जाँच की जा रहा है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाइ, 14 ट्रैक्टर.ट्रॉलियां सीज

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

सहारनपुर। चिलकाना अवैध खनन परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना चिलकाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 ट्रैक्टर.ट्रॉलियों को



सीज किया है। पुलिस की कार्रवाई से खनन सामग्री का अवैध रूप से परिवहन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देश पर जनपद में अवैध खनन की रोकथाम तथा इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना चिलकाना पुलिस द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने दुमझेड़ा मार्ग पर खनन सामग्री से भरी 14 ट्रैक्टर.ट्रॉलियों को रोककर जांच की। जांच के दौरान ट्रैक्टर.ट्रॉलियों में लदी खनन सामग्री के संबंध में रॉयल्टी नहीं मिली। इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सभी 14 ट्रैक्टर.ट्रॉलियों को थाने लाकर सीज कर दिया। थाना प्रभारी अक्षय शर्मा ने बताया कि अवैध खनन एवं बिना रॉयल्टी खनन सामग्री के परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन अथवा खनन सामग्री के अवैध परिवहन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अभियान के तहत आगे भी लगातार कार्रवाई की जाएगी।

## ब्राह्मण समाज के उम्मीदवार का चुनाव लड़ायूंगा



**अनिल शर्मा**
**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

चांदपुर विधानसभा 23से कोई भी ब्राह्मण समाज का व्यक्ति अगर चुनाव लड़ेगा तो उसे मैं पूरी निष्ठा लगन मेहनत ओर तन मन धन से चुनाव लड़ायूंगा ओर अपने समाज के साथ अन्य समाज के लोगों के बीच जाकर वोट मांगने का काम करूंगा ओर ब्राह्मण समाज केउम्मीदवार को विधान सभा भवन पहुंचाने में अपना दिन रात एक कर दूंगा मे अनिल शर्मा आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी सारी शक्ति लगा दूंगा ओर अपने समाज का विधायक बनाकर लखनऊ भेजूंगा अनिल शर्मा जिलाध्यक्ष अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर।

# हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे मेहंदी एवं कजरी गायन प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रातः काल एक्सप्रेस**
**सुनील कुमार गुप्ता**

वाराणसी । हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालयए वाराणसी में भारतेंदु कल्चरल क्लब के तत्वावधान में हरितालिका तीज के शुभ अवसर पर शनिवार को मेहंदी प्रतियोगिता एवं कजरी गायन कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के स्वर्गीय श्याम मोहन अग्रवाल समिति कक्ष में किया गया।




कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में भारतीय लोक.संस्कृतिए पारंपरिक कलाओं एवं सांस्कृतिक अभिरुचियों के प्रति जागरूकता एवं सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइनों के माध्यम से अपनी कलात्मक प्रतिभा एवं रचनात्मकता का परिचय दिया। प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई विभिन्न आकर्षक आकृतियों एवं डिजाइनों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। प्रतियोगिता में राशि सेठ ;बीण्कॉमण् तृतीय सेमेस्टरद्धए राशि सेठ ;बीण्एण् तृतीय सेमेस्टरद्धए शिवानी साहनी ;बीण्कॉमण् प्रथम सेमेस्टरद्धए खुशबू कुमारी ;एमण्एण् तृतीय सेमेस्टरद्ध एवं शहजादी ;एलण्एलण्बीण् प्रथम सेमेस्टरद्ध सहित अन्य छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मेहंदी प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा रचनात्मकताए प्रस्तुतीकरणए स्वच्छताए डिजाइन की मौलिकता एवं विषय.वस्तु के आधार पर किया गया। कार्यक्रम में प्रोण् अनीता सिंहए प्रोण् अनुपम शाहीए प्रोण् संगीता श्रीवास्तवए प्रोण् संगीता शुक्लाए प्रोण् ऋचा सिंह ;प्रभारीए कल्चरल क्लबद्धए प्रोण् ममता वर्माए प्रज्ञा ओझाए शैफाली पाल एवं दिव्यानी बरनवाल सहित अनेक महिला प्राध्यापकगण उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन सुश्री गरिमा सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं द्वारा पारंपरिक कजरी गायन एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। कजरी की मधुर धुनों एवं लोकनृत्य ने कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बनाते हुए पूर्वांचल की समृद्ध लोक.सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ। भारतेंदु कल्चरल क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्राओं को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ.साथ भारतीय लोक.संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का सुंदर अवसर प्रदान किया।

## जेल में बंद सपा नेता अवनीश मिश्रा से मिले सांसद सनातन पांडेय

**प्रातःकाल एक्सप्रेस**

मिर्जापुर। बलिया के सपा सांसद सनातन पांडेय शनिवार को जेल में बंद विंध्याचल के सपा नेता एवं सभासद अवनीश मिश्रा से मुलाकात करने जिला जेल पहुंचे। उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी सहित कई नेता मौजूद रहे। सांसद ने अवनीश मिश्रा से पूरे मामले की जानकारी ली और गिरफ्तारी को राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि जबरन रजिस्ट्री कराने का आरोप साजिशन लगाया गया हैए जो आज के दौर में संभव नहीं है। यह राजनीतिक प्रतिशोध की ओर इशारा करता है। इसी दिन सांसद ने जमालपुर विकासखंड के महोगनी गांव पहुंचकर 5 सितंबर को लखनऊ में जनेश्वर मिश्र जयंती के दौरान घायल श्री परशुराम मिश्रा के घर जाकर मुलाकात की और 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादवए पूर्व विधायक जगदंबा सिंह पटेलए राणा प्रताप सिंहए गिरधारी पटेलए जितेंद्र गुप्ताए वीरेंद्र यादव समेत कई सपा नेता मौजूद रहे।



शादी के बाद कैसी है

# जेनिफर विंगेट

## की जिंदगी? मां बनने की खबरों पर भी किया रिएक्ट



टीवी की टॉप एक्ट्रेस में शुमार जेनिफर विंगेट इस वक्त अपनी शादीशुदा जिंदगी में बिजी हैं. कुछ दिन पहले ही एक्ट्रेस ने दूसरी शादी रचाई है, जिसकी तस्वीरें भी जेनिफर ने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की थीं. जेनिफर ने सिंगापुर के बिजनेसमैन और फाइनेंस प्रोफेशनल विलियम इस्माइल से शादी रचाई है. कपल की शादी को 1 महीने से ज्यादा का समय हो गया है. इस बीच एक्ट्रेस ने अब अपनी शादी शुदा जिंदगी से जुड़ी कुछ बातें शेयर की हैं. उन्होंने बताया कि शादी के बाद उनकी प्रायोरिटी थोड़ी बदली जरूर हैं. लेकिन एक्टिंग और काम को लेकर उनका नजरिया पहले जैसा ही है.

दरअसल, जेनिफर की अपकमिंग ओटीटी सीरीज शक- ट्रस्ट नो वन जल्द रिलीज होने वाली है. इस सीज के ट्रेलर लॉन्च इवेंच में एक्ट्रेस पहुंची, जहां उन्होंने मीडिया के साथ भी इंट्रेक्शन किया. इस दौरान ही जेनिफर ने अपनी मैरिड लाइफ और मदरहुड को लेकर बात की है. चलिए जानते हैं एक्ट्रेस ने क्या कुछ कहा है?

**कैसी चल रही जेनिफर की शादीशुदा लाइफ ?**

मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे पूछा गया कि शादी के बाद क्या उनकी प्राथमिकताएं बदली हैं और क्या इसका असर उनके करियर पर पड़ा है. इस पर





जेनिफर ने कहा, कुछ भी नहीं बदला है. मैंने सिर्फ शादी की है, बाकी सब पहले जैसा ही है. उन्होंने कहा कि वह अपनी जिंदगी में बैलेंस बनाकर चलने में विश्वास रखती हैं. साथ ही उनके लिए, यह भी काफी मायने रखता है कि वह किन लोगों के साथ और किस माहौल में काम कर रही हैं.

एक्ट्रेस ने कहा, कुछ लोग अपनी जिंदगी में बैलेंस पसंद करते हैं और मैं भी उनमें से एक हूं. मेरे लिए यह भी बहुत जरूरी है कि मैं जिन लोगों के साथ काम कर रही हूं, चाहे वो टेलीविजन हो, डिजिटल हो या कोई और प्लेटफॉर्म, वहां का माहौल अच्छा होना चाहिए.

जेनिफर ने आगे बताया कि वह अक्सर उन्हीं लोगों के साथ दोबारा काम करना पसंद करती हैं. जिनके साथ पहले काम कर चुकी हैं. उन्होंने कहा कि इससे एक तरह का कम्फर्ट जोन बन जाता है और दोनों एक-दूसरे को अच्छी तरह समझने लगते हैं. उन्हें पता होता है कि सामने वाला क्या करेगा और क्या नहीं करेगा.

**मां बनने की खबरों पर जेनिफर ने क्या कहा ?**

शादी और मदरहुड को लेकर चल रही चर्चाओं पर भी जेनिफर ने सफाई दी. उन्होंने साफ किया कि शादी का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि उन्होंने अपने एक्टिंग करियर को रोक दिया है. साथ ही उन्होंने मां बनने की खबरों को भी खारिज किया और कहा कि इस बारे में कभी कोई चर्चा ही नहीं हुई. उन्होंने कहा कि कभी उन्हें एक देश में रहना होता है तो कभी दूसरे देश जाना पड़ता है और इसी तरह वह अपने काम और शादी के बीच बैलेंस बना रही हैं.

## यंग बने घर के पहले कैप्टन, कनिका पर लटकी तलवार, 20 साल का फ्लैशबैक देख मैरी कॉम समेत सब रोए




'यंग' के हाथ बिग बॉस की कमान

बिग बॉस 20 के घर में जंग की शुरुआत हो चुकी है और पहले ही हफ्ते में सत्ता, साख और साजिशों का ऐसा कॉकटेल देखने को मिला जिसने दर्शकों को स्क्रीन से बांध दिया. जिस घर में अभी तक कंटेस्टेंट्स एक-दूसरे को नाप-तौल रहे थे, वहीं पहले कैप्टेंसी टास्क ने सभी के चेहरों से नकाब उतार फेंके. एक तरफ जहां घर को अपना पहला 'बॉस' मिल गया, वहीं दूसरी तरफ 20 सालों की सुनहरी यादों ने घर के बड़े-बड़े धुरंधरों को बच्चों की तरह रोने पर मजबूर कर दिया.

पहले हफ्ते के कैप्टन की दौड़ में तीन नाम सबसे आगे चल रहे थे और वो थे रैपर यंग डीएसए, आसिफ खान और रोडीज फेम गुल्लू (कुशाल तंवर). इस मुकाबले के दौरान घर में खूब गुटबाजी देखने को मिली. मशहूर गेमर स्काउट शो के मेल कंटेस्टेंट्स को एकजुट कर अपना अलग मोर्चा बनाते दिखे.

लेकिन असली तकरार देखने को मिली यंग डीएसए और टीवी एक्ट्रेस कनिका मान के बीच. टास्क के दौरान जब समीकरण बदले तो कनिका ने साफ शब्दों में यंग को आईना दिखा दिया. कनिका ने कहा,इसे (यंग को) लग रहा था कि मैं दोस्ती निभाऊंगी, लेकिन गेम के दौरान मैं कोई भी दोस्ती नहीं निभाऊंगी, दोस्ती इसके बाद.

**यंग डीएसए ने मारी बाजी**

आखिरकार इस कांटे की टक्कर में बाजी मारी यंग डीएसए ने और वो इस सीजन के पहले कैप्टन बन गए. हालांकि, गद्दी संभालते ही यंग ने साफ कर दिया कि वो यहां कोई खैरात बांटने नहीं आए हैं. उन्होंने पहला वार सीधे कनिका मान पर किया और उनकी एक लाइफलाइन छीन ली. पहले से ही नॉमिनेशन की तलवार झेल रहीं कनिका के लिए ये बहुत बड़ा झटका साबित हुआ.

**काजी तौकीर का हाई-वोल्टेज ड्रामा**

टास्क के बीच काजी तौकीर का एक अलग ही रूप देखने को मिला।काजी दबे पांव कैमरे के सामने पहुंचे और आसिफ की तस्वीर को देखते हुए अपनी भड़ास निकालने लगे.उन्होंने तस्वीर की तरफ उंगली उठाते हुए कहा,तेरे को 100 जन्म लगेंगे मेरी जगह तक आने में! घर के भीतर काजी का यह ड्रामा यहीं नहीं थमा.

## प्रोटीन प्रोडक्ट से निकले कीड़े, बिपाशा बसु ने तुकाराम मुंडे को किया टैग, बोलीं- सिर्फ आपसे ही मदद की उम्मीद है



तुकाराम मुंडे से बिपाशा बसु की गुहार

महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (FDA) के कमिश्नर तुकाराम मुंडे का नाम काफी सुर्खियों में है. खाद्य सुरक्षा को लेकर वो जबरदस्त एक्शन में नजर आ रहे हैं. अब बॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस बिपाशा बसु ने भी उनसे मदद की अपील की है. दरअसल, बिपाशा ने एक वीडियो शेयर करते हुए लिक्विड प्रोटीन प्रोडक्ट में से कीड़े निकलने की शिकायत की है.बिपाशा बसु ने 10 सितंबर को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया है. वो कहती हैं कि उन्होंने इस प्रोडक्ट का नया डब्बा ओपन किया है, जिसमें छोटे-छोटे कीड़े निकल रहे हैं. पोस्ट में बिपाशा ने तुकाराम मुंडे को भी मेंशन किया और कहा कि उन्हें उनसे मदद की उम्मीद है.

**तुकाराम मुंडे को टैग कर क्या बोलीं बिपाशा ?**

बिपाशा ने लिखा, तुकाराम मुंडे सिर्फ आप ही एक उम्मीद हैं, ताकि हमलोग जो कुछ भी खरीदें, वो खराब ना हो, उसमें किसी भी तरह की कोई मिलावट न हो. ये पहली बार नहीं जब किसी फिल्मी सितारे ने तुकाराम मुंडे के सामने इस तरह की शिकायत रखी है. पिछले महीने पॉपुलर एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने भी उन्हें टैग किया था और एक क्विक-कॉमर्स ऐप के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी.

**कोल्ड ड्रिंक के साथ कॉकरोच**

श्वेता तिवारी का कहना था कि एक क्विक-कॉमर्स ऐप से उन्हें कोल्ड ड्रिंक मंगवाई थी, लेकिन कोल्ड ड्रिंग के साथ-साथ कॉकरोच भी निकला. उन्होंने कहा था, हमने कोल्ड ड्रिंक मंगाई और उसके साथ हमारे घर में कॉकरोच भी आ गया. अब कॉकरोच पूरे घर में भाग रहा है. आगे श्वेता ने लिखा था, तो क्या तुकाराम मुंडे जी को टैग करना चाहिए? मुंडे जी, यहां हमारे घर में कॉकरोच आ रहे हैं. आप कहां हैं? प्लीज ध्यान दीजिए.

**सलमान ने भी किया था तुकाराम मुंडे का जिक्र**

तुकाराम मुंडे फूड सेफ्टी और हाइजीन के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करते नजर आ रहे हैं. ऐसे में सोशल मीडिया पर उनकी खूब चर्चा हो रही है. लोगों ने उनके कार्य की तारीफ की. एक पोस्ट में सलमान खान ने भी बिना नाम लिए उनकी तरफ इशारा किया था. दरअसल, कुछ समय पहले सलमान की एक दोस्त ने एक कैफे खोला.



लाल साड़ी, मांग में सिंदूर....

# तमन्ना भाटिया

## का 'छठी मैया' गाना रिलीज, फैंस बोले- 'रोंगटे खड़े कर दिए'

फिल्म द वीवान- फोर्स ऑफ द फॉरेस्ट जल्द ही रिलीज होने वाली है. फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया लीड रोल में हैं. फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है और कई गाने भी आउट हो गए हैं. इस बीच अब फिल्म का सबसे खास गाना 'छठी मईया' भी रिलीज कर दिया गया है. सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया की इस लोककथा और फैंटेसी पर आधारित फिल्म में छठ पूजा को खास जगह दी गई है. विशाल मिश्रा ने इस भक्ति गीत को अपनी आवाज देने के साथ इसे कंपोज भी किया है. गाने में तमन्ना भाटिया छठ पूजा से जुड़े रीति-रिवाज और परंपराएं निभाती नजर आ रही हैं.

फिल्म का इससे पहले रिलीज हुआ गाना समझो ना दर्शकों को इसकी रोमांटिक कहानी की झलक दिखाता था. वहीं छठी मईया के जरिए फिल्म की आध्यात्मिक दुनिया सामने आ रही है. छठी मईया अब रिलीज हो गया है. चलिए जानता हैं गाने में क्या-क्या खास है?

**छठी मईया गाना हुआ रिलीज**

छठी मईया गाने के जरिए तमन्ना भाटिया ने बिहार की छठ पूजा को बड़े पर्दे पर दिखाया है. जो बेहद अद्भुत लग रही है. गाने की शुरुआत तमन्ना और सिद्धार्थ के साथ होती है, जिसमें तमन्ना छठी मईया से अपनी मनोकामना पूरी कराना चाहती हैं. लाल साड़ी, मांग में सिंदूर और हाथों में लाल चूड़ियां पहन तमन्ना सभी औरतों के साथ घाट पर पहुंचती हैं और पूजा करना शुरु करती है. इतना ही नहीं शाम के अर्घ्य से लेकर सुबह की पूजा और कोसी भरने तक की झलक गाने में साफ दिख रही है. बता दें कि, गाने के बोल कौशल किशोर ने लिखे हैं और इसे विशाल मिश्रा ने आवाज दी है.



छठ पूजा के रंग में रंगी तमन्ना

**फैंस ने दिए ऐसे रिएक्शन**

गाना रिलीज होते ही छा गया है. तमन्ना ने गाने को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसके साथ लिखा है- हर आराध्य में आसहर आस में छठी मैया का विश्वास. फैंस भी एक्ट्रेस की पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा- रोंगटे खड़े कर देने वाला गाना. दूसरे यूजर ने लिखा- भाईसाहब! रोंगटे खड़े हो गए दूसरों का तो पता नहीं, लेकिन झारखंड, बिहार और यूपी के लोग सिर्फ इस छठ के गाने और छठ की कहानी की वजह से इस फिल्म को ब्लॉकबस्टर बना देंगे.

# ईरानी राष्ट्रपति की बेटी जहरा पहुंची ब्रिक्स बाजार

## भारतीय शिल्प कला में दिखाई रुचि

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन की बेटी जहरा और उनके पति हसन मजीदी ने शनिवार को नई दिल्ली में ब्रिक्स बाजार का दौरा किया। उन्होंने ब्रिक्स के सदस्य और सहयोगी देशों की कला, शिल्प और सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती शानदार प्रदर्शनी देखी। जहरा पेजेश्कियन और हसन मजीदी के साथ महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद थीं। इस दौरान वो विभिन्न स्टॉल्स पर मौजूद कारीगरों और शिल्पकारों से बात करती नजर आईं। उन्होंने ब्रिक्स सदस्य और सहयोगी देशों के कई पवेलियन देखे, जिनमें भारतीय पवेलियन भी शामिल था। साथ ही, उन्होंने सभी देशों की पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक विरासत की झलक भी देखी। ब्रिक्स बाजार सदस्य और सहयोगी देशों के कारीगरों, डिजाइनरों और क्रिएटिव उद्यमों को एक मंच पर लाने का प्रयास है। इसके जरिए इन देशों की विविध संस्कृतियों और रचनात्मकता से साक्षात्कार होता है।

यह बाजार आने वालों को असल शिल्प, हथकरघा, टेक्सटाइल, कलाकृतियों और कई अन्य उत्पादों को देखने का मौका देता है, जो भाग



लेने वाले देशों की समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाते हैं। यहां ईरानी संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाले दो स्टॉल भी लगाए गए हैं, जिनमें देश की पारंपरिक कढ़ाई और हस्तशिल्प विरासत को दिखाया गया है। ईरानी स्टॉल्स में से एक बलोची कढ़ाई को प्रदर्शित करता है। इसे नादिया करीमी ने लगाया है। बलोची कढ़ाई, जिसे स्थानीय भाषा में 'दोच' (जिसका अर्थ है सिलाई या सुई का काम) कहा जाता है, एक प्राचीन और बारीक हाथ की सिलाई वाली कला है। इसे पाकिस्तान, ईरान और अफगानिस्तान में फैले बलूचिस्तान क्षेत्र की महिलाएं करती हैं। करीमी पारंपरिक बलोची कढ़ाई तकनीक को आधुनिक डिजाइनों के साथ मिलाती हैं, ताकि सदियों पुरानी इस कला को आधुनिक रूप दिया जा सके। उन्होंने हाल ही में कनाडा में 'तारन' नाम का एक अंतरराष्ट्रीय ब्रांड शुरू किया है, जो ईरानी कला और उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित करता है।

ईरान का दूसरा स्टॉल आमनेह सेदिघी ने लगाया है, जिसमें रश्ती कढ़ाई और ईरानी सुई के काम के अन्य रूप दिखाए गए हैं।

इस कला में पारंपरिक ईरानी सुई का काम और कढ़ाई शामिल है, खासकर रश्ती कढ़ाई (जिसे रश्ती-दूजी भी कहा जाता है) और साथ ही शीशे का काम (जिसे आईनेह-दूजी कहा जाता है)। रश्त के हस्तशिल्प को आधुनिक रोजमर्रा के उत्पादों, जैसे कपड़े, जूते और सैंडल, में बदला गया है, जबकि इस क्षेत्र की पारंपरिक कलात्मक विरासत की खूबियों को भी बनाए रखा गया है।

## मुख्यमंत्री ने एबीवीपी के घोषित प्रत्याशी को दी शुभकामनाएं

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 2026-27 के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से प्रत्याशी घोषित किए गए सभी युवा साथियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष पद के लिए यश डबास, उपाध्यक्ष पद के लिए इशू मौर्य, सचिव पद के लिए रिया छाबड़ी और संयुक्त सचिव पद के रूप लक्ष्यराज सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है। मुख्यमंत्री सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते कहा कि 'ज्ञान, शील, एकता' के मंत्र और 'छात्रशक्ति, राष्ट्रशक्ति' के भाव के साथ आप छात्रहितों की आवाज को मजबूती दें और विद्यार्थी परिषद की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएं। विश्वास है कि दिल्ली विश्वविद्यालय की युवा शक्ति का अपार समर्थन आप सभी को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव के लिए मतदान 18 सितंबर और नतीजों की घोषणा 19 सितंबर को की जाएगी।

## आईएएस रिंकू दुग्गा की बहाली पर सुप्रीम कोर्ट की अंतरिम रोक, केंद्र की याचिका पर नोटिस जारी, 13 अक्टूबर को अगली सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चर्चित आईएएस अधिकारी रिंकू दुग्गा की बहाली पर फिलहाल रोक लगा दी है। अपने कुत्ते को घुमाने के लिए दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम को खाली कराने के विवाद में केंद्र सरकार द्वारा जबरन रिटायर की गईं आईएएस अधिकारी रिंकू दुग्गा को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने बहाली का आदेश दिया था, जिस पर अब सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एन. वी. अंजारिया की बेंच ने केंद्र सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए रिंकू दुग्गा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल (सीएटी) के उन्हें बहाल करने के आदेश को बरकरार रखा गया था। इस मामले की अगली सुनवाई अब 13 अक्टूबर को होगी। दरअसल, यह पूरा विवाद 2022 में शुरू हुआ था, जब आरोप लगे थे कि आईएएस अधिकारी रिंकू दुग्गा और उनके आईएएस पति संजीव खिरवार ने दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम को समय से पहले खाली करवा दिया था ताकि वह अपने कुत्ते को वहां घुमा सकें। उस समय स्टेडियम में खिलाड़ी और कोच प्रैक्टिस कर रहे थे, जिन्हें बाहर निकाल दिया गया था। घटना की तस्वीरें और मीडिया रिपोर्ट्स सामने आने के बाद पूरे देश में इस मामले पर हंगामा मच गया था।

## सस्ते दाम पर वॉशिंग मशीन के स्पेयर पार्ट्स बेचने के नाम पर ठगे थे डेढ़ लाख रुपये, 3 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** साइबर अपराध को रोकने और धोखाधड़ी से हासिल पैसे को बैंक खातों में मंगाने और उनके गलत इस्तेमाल में शामिल नेटवर्क को तोड़ने की लगातार कोशिशों के तहत पूर्वी जिले के साइबर पुलिस स्टेशन की टीम ने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के ज़रिए वॉशिंग मशीन के स्पेयर पार्ट्स बेचने के बहाने की गई धोखाधड़ी के एक मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। जांच के दौरान, धोखाधड़ी की रकम को हासिल करने और निकालने के लिए अपने बैंक खातों का इस्तेमाल करने या करवाने में शामिल तीन लोगों को पकड़ा गया। एक फरार साथी की भूमिका भी सामने आई, जिसने कथित तौर पर धोखाधड़ी के पैसे के लेन-देन में तालमेल बिठाया और खाताधारकों को पैसे निकालने और पहुंचाने के बारे में निर्देश दिए। दरअसल, गुजरात के पाटन के रहने वाले हुसैन चूनावाला से नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के जरिए एक शिकायत मिली। शिकायत के अनुसार, पीड़ित वॉशिंग मशीन के स्पेयर पार्ट्स खरीदना चाहता था और उसने 1,50,000 का ऑनलाइन पेमेंट किया। हालांकि, पेमेंट करने के बाद उसे वादे के मुताबिक स्पेयर पार्ट्स नहीं मिले और संबंधित लोगों से बातचीत भी बंद हो गई।

## ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए दिल्ली पहुंचे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग

**नई दिल्ली।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए शनिवार को नई दिल्ली पहुंचे। यह लगभग सात वर्षों में उनकी भारत की पहली यात्रा है। 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। यह 2020 के गलवान संघर्ष के बाद शी जिनपिंग का पहला भारत दौरा है और दोनों देशों के बीच पिछले कुछ समय से जारी राजनयिक सुधार की प्रक्रिया के लिहाज से इसे महत्वपूर्ण माना जा रहा है। शी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब भारत और चीन 2020 की घातक गलवान झड़पों के बाद अपने द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास और प्रगति के लिए सीमावर्ती इलाकों में शांति और स्थिरता बनाए रखना एक जरूरी शर्त है।हाल ही में बिश्केक में हुए शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट के दौरान पीएम मोदी और शी के बीच संक्षिप्त बातचीत हुई थी। अब उम्मीद है कि दोनों नेता इस सप्ताहांत नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स समिट के दौरान विस्तृत द्विपक्षीय चर्चा करेंगे।

## एसआईआर के बाद दिल्ली में 47 लाख से ज्यादा नाम हटाने को कांग्रेस नेता ने बताया तर्कहीन

**यहां एक करोड़ 61 लाख 39 हजार 364 सौ वयस्क मतदाता होना चाहिए। लेकिन एसआईआर के बाद 47 लाख 56 हजार 722 सौ वोटरों के नाम काट दिए।**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और दिल्ली सरकार ओबीसी आयोग के पूर्व अध्यक्ष चतर सिंह ने दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद 47 लाख से ज्यादा लोगों के मतदाता सूची से हटाने को पूरी तरह से तर्कहीन है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रति वर्ष मतदाताओं की संख्या बढ़ रही है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चतर सिंह ने कनॉट प्लेस स्थित एंबेसी रेस्टोरेंट में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए कहा कि 2025 विधान सभा चुनाव के समय कुल दिल्ली में एक करोड़ 56 लाख 26 हजार 756 वोटर रहे। इसमें 94 लाख 34 हजार 638 वोट पड़े। इसमें यदि आयोग के वर्तमान आंकड़े जिसमें एक करोड़ 45 लाख 10 हजार 299 मतदाता घटा दें तो फिर 11 लाख 20 हजार 495 मतदाता कहां गए? इसका जवाब दिल्ली चुनाव अधिकारी कार्यालय को इसका जबाब देना चाहिए, जबकि इस लिहाज से 2026 में एक अनुमानित जनसंख्या दो करोड़, 33 लाख, 90 हजार 387 सौ मतदाताओं की आंकी गई है। इस साल चुनाव आयोग ने एक करोड़, 45 लाख 10 हजार 299 वोटर (मतदाता) बताया है, तो फिर बीते साल के मतदाताओं में से 11 लाख 20 हजार 495 मतदाता कहां गए? कांग्रेस नेता चतर सिंह ने कहा कि दिल्ली में जनगणना के



हिसाब से 68 से 70 फीसद युवा हैं।

यहां एक करोड़ 61 लाख 39 हजार 364 सौ वयस्क मतदाता होना चाहिए। लेकिन एसआईआर के बाद 47 लाख 56 हजार 722 सौ वोटरों के नाम काट दिए। तर्क दिया गया कि इसका फार्म नहीं आया या वे अपना पुख्ता कागजात दिखा नहीं पाए।

## शी के भारत दौरे से पहले चीन का बड़ा कदम, दिल्ली-ग्वांगझोउ सीधी उड़ान फिर होगी शुरू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत दौरे के बीच दोनों देशों के बीच हवाई संपर्क बहाल करने की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। चीन की प्रमुख एयरलाइन 'चाइना साउदर्न एयरलाइंस' 21 सितंबर से नई दिल्ली और ग्वांगझोउ के बीच सीधी यात्री उड़ानें फिर शुरू करने जा रही है। यह सेवा करीब छह साल के अंतराल के बाद बहाल होगी। चाइना साउदर्न के अनुसार, दिल्ली-ग्वांगझोउ मार्ग की बहाली के साथ दक्षिण एशिया में उसकी सेवाएं आठ राउंड-ट्रिप मार्गों पर सप्ताह में 100 से अधिक उड़ानों तक पहुंच जाएंगी। ग्वांगझोउ चीन का एक प्रमुख कारोबारी और औद्योगिक केंद्र है और दक्षिणी चीन के साथ भारत के व्यापारिक संपर्क के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण है। एयर इंडिया ने इसी साल फरवरी में अपनी नई दिल्ली-चीन सर्विस फिर से शुरू की थी।

वहीं, चाइना ईस्टर्न एयरलाइंस ने 18 अप्रैल को अपना कुनमिंग-कोलकाता रूट फिर से शुरू किया। एयर चाइना ने अप्रैल में अपनी बीजिंग-दिल्ली सर्विस फिर से शुरू की थी। इंडिगो ने भी 30 मार्च को कोलकाता और शंघाई के बीच रोजाना नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू कीं। पिछले साल, इंडिगो ने 10 नवंबर से नई दिल्ली और चीन के ग्वांगझोउ के बीच नई रोजाना सीधी उड़ानें शुरू की थीं। चाइना साउदर्न की ओर से यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने भारत पहुंचे हैं। यह 2020 के गलवान संघर्ष के बाद शी जिनपिंग का पहला भारत दौरा है और दोनों देशों के बीच पिछले कुछ समय से जारी राजनयिक सुधार की प्रक्रिया के लिहाज से इसे महत्वपूर्ण माना जा




रहा है। ग्वांगझोउ-दिल्ली हवाई सेवा को दोबारा शुरू करने का फैसला भारत और चीन के बीच सीधी कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। कोरोना महामारी के बाद दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवाएं लंबे समय तक बाधित रही थीं। चाइना साउदर्न की दिल्ली-ग्वांगझोउ सेवा भी इसी दौरान बंद हुई थी और अब करीब छह साल बाद इसकी वापसी हो रही है।

## डूसू चुनाव के लिए अभाविप ने घोषित किए चार प्रत्याशी

### 'पिछले वर्ष विद्यार्थियों ने अभाविप को डूसू में जिम्मेदारी दी थी'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव 2026-27 के लिए अपने केंद्रीय पैनल के प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। अभाविप ने अध्यक्ष पद के लिए यश डबास, उपाध्यक्ष पद के लिए ईशू मौर्य, सचिव पद के लिए रिया छाबड़ी और संयुक्त सचिव पद के लिए लक्ष्यराज सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

अभाविप ने बताया कि परिषद इस चुनाव में छात्रसंघ में रहते हुए किए गए कार्यों के साथ दिल्ली विश्वविद्यालय के आधारभूत ढांचे में सुधार, महिला सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा सक्रिय एवं उत्तरदायी छात्रसंघ जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाएगी। संगठन की ओर से सत्य निकेतन की घटना के बाद सुरक्षित विद्यार्थी आवास के मुद्दे को लेकर चलाया जा रहा 'आखिर कब तक?' अभियान भी चुनाव के प्रमुख मुद्दों में शामिल रहेगा। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि पिछले वर्ष विद्यार्थियों ने अभाविप को डूसू में जिम्मेदारी दी थी। पूरे वर्ष संगठन ने विद्यार्थियों से जुड़े मुद्दों को उठाने और उनके समाधान के लिए काम किया। इस चुनाव में अभाविप अपने कार्यों और आगामी प्राथमिकताओं के साथ एक बार फिर विद्यार्थियों के बीच जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षा




और सुविधाओं को बेहतर करने के साथ विद्यार्थियों, विशेषकर छात्राओं के लिए सुरक्षित परिसर सुनिश्चित करना संगठन की प्राथमिकता है। डूसू को विद्यार्थियों की आवाज बनकर उनकी समस्याओं पर लगातार काम करना चाहिए।

अभाविप दिल्ली के मंत्री सार्थक शर्मा ने कहा कि आज दिल्ली विश्वविद्यालय का विद्यार्थी यह देखना चाहता है कि उसके लिए कौन काम कर रहा है और कौन केवल चुनाव के समय दिखाई देता है। अभाविप पूरे वर्ष विद्यार्थियों के बीच रहकर उनके मुद्दे उठाती रही है। सत्य निकेतन की घटना के बाद सुरक्षित पीजी और विद्यार्थी आवास का सवाल भी गंभीरता से सामने आया है, जिसे संगठन 'आखिर कब तक?' अभियान के माध्यम से उठा रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भी अभाविप का फोकस विद्यार्थियों के वास्तविक मुद्दों और उनके समाधान पर रहेगा।

## दिल्ली में भाजपा के जिला और मोर्चा प्रभारियों की नियुक्ति

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा की अनुमति तथा शीर्ष नेतृत्व से विचार-विमर्श के बाद दिल्ली प्रदेश के जिला प्रभारी एवं जिला सह-प्रभारी और विभिन्न मोर्चों के प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति की गई है। पार्टी ने इसकी सूची जारी कर दी। सूची के अनुसार, केशवपुरम जिले में ऋचा पाण्डेय मिश्रा को जिला प्रभारी और मनोज त्यागी को सह-प्रभारी बनाया गया है। चांदनी चौक में दिनेश प्रताप सिंह को प्रभारी तथा धीरज ललित जोशी को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उत्तर पूर्वी जिले में नरेश वशिष्ठ प्रभारी और सुनीत चौहान सह-प्रभारी, नवीन शाहदरा में योगेश आत्रेय प्रभारी और रोहताश बिधूड़ी सह-प्रभारी, मयूर विहार में सुनील यादव प्रभारी और प्रवेश शर्मा सह-प्रभारी तथा शाहदरा में विक्रम बिधूड़ी प्रभारी और सागर त्यागी सह-प्रभारी होंगे। नई दिल्ली जिला में विजय सोलंकी को प्रभारी और सचिन भसीन को सह-प्रभारी, करोल बाग में सत्यनारायण गौतम को प्रभारी और प्रवीणा शर्मा को सह-प्रभारी तथा उत्तर पश्चिम जिले में चौधरी महक सिंह को प्रभारी और रणवीर तंवर को सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। बाहरी दिल्ली जिला में कृष्णदेव सिंह (कृष्णा) प्रभारी और सतेन्द्र सिंह सह-प्रभारी, पश्चिमी दिल्ली में विनोद बछेती प्रभारी और आदित्य झा सह-प्रभारी, नजफगढ़ में राजन तिवारी प्रभारी और भूपेन्द्र गुप्ता सह-प्रभारी, महरौली में मनीष सिंह (करोल बाग) प्रभारी और आजाद शर्मा सह-प्रभारी तथा दक्षिणी दिल्ली में गौरव खारी प्रभारी और बजरंग शुक्ला सह-प्रभारी बनाए गए हैं।

## बाल भिक्षावृत्ति मुक्त दिल्ली अभियान में एनजीओ एवं अन्य संस्थाओं को जोड़ा जाए : रेखा गुप्ता

**'बच्चों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे।'**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (डीसीपीसीआर) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयोग को बाल भिक्षावृत्ति मुक्त दिल्ली अभियान को जनभागीदारी से मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस अभियान में इच्छुक गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), सिविल सोसायटी संगठनों (सीएसओ) और आरडब्ल्यूए को जोड़ा जाए ताकि स्थानीय स्तर पर बच्चों तक पहुंच बढ़ाई जा सके। इस बैठक में दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. ओपी व्यास, आयोग के सदस्य तथा वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पॉस्को के प्रति जागरूकता अभियान को लगातार चलने वाली गतिविधि बनाने की सलाह दी। उन्होंने स्कूलों में कार्यरत स्टाफ के साथ-साथ स्कूल बस और वैन के चालकों, अटेंडेंट व सफाई



कर्मचारियों आदि का अनिवार्य पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लापरवाही की गुंजाइश न रहे। मुख्यमंत्री ने बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) में रह रहे बच्चों के भविष्य को लेकर विस्तृत जानकारी तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोग से ऑफ्टर केयर में रहने वाले बच्चों की सूची तैयार कर अपने कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। सूची में बच्चे का नाम, आयु, संबंधित संस्थान, वहां रहने की अवधि, शिक्षा एवं योग्यता और अर्जित कौशल जैसी जानकारी शामिल करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि संस्थानों से बाहर आने वाले बच्चों को केवल आश्रय देना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें शिक्षा, कौशल और रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है। इच्छुक बालिकाओं को परिवहन विभाग के माध्यम से ऑटो और बालकों को ई-रिक्शा उपलब्ध कराने की दिशा में भी काम किया जा सकता है ताकि वे सम्मानजनक आजीविका शुरू कर सकें। मुख्यमंत्री ने आयोग को राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान स्कूलों में मिड-डे मील तैयार करने वाली रसोइयों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार की व्यवस्था का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कमी सामने आने पर उसकी तत्काल जानकारी दी जाए। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों और पालना केंद्रों की सुविधाओं तथा वहां बच्चों के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के व्यवहार की समीक्षा के लिए इंटर्न के माध्यम से रिपोर्ट तैयार कराने पर भी चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सरकारी और निगम स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए करियर गाइडेंस की व्यवस्था को भी बढ़ावा देने की सलाह दी।

## डूसू चुनाव के लिए एनएसयूआई ने घोषित किया चार प्रत्याशियों का पैनल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव 2026-27 के लिए अपने चार प्रत्याशियों के पैनल की घोषणा कर दी है। एनएसयूआई ने अध्यक्ष पद के लिए विजय शंकर मीणा, उपाध्यक्ष पद के लिए वीर छत्रथ, सचिव पद के लिए नम्रता चौधरी और संयुक्त सचिव पद के लिए गोपाल चौधरी को प्रत्याशी बनाया है।

एनएसयूआई के अनुसार उसका पैनल विभिन्न सामाजिक पृष्ठभूमियों और शैक्षणिक अनुभवों से जुड़े छात्र नेताओं को प्रतिनिधित्व देता है। संगठन ने छात्र अधिकार, सामाजिक न्याय, लोकतांत्रिक मूल्यों और समावेशी विश्वविद्यालय परिसर को चुनाव में हुई प्रमुख मुद्दा बनाने की बात कही है। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी विजय शंकर मीणा मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं। उन्होंने राजस्थान विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन विषय से एमए प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हैं। संगठन के अनुसार वह छात्र अधिकारों, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं। उपाध्यक्ष पद




के प्रत्याशी वीर छत्रथ दिल्ली के निवासी हैं। उन्होंने स्नातक की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में दिल्ली विश्वविद्यालय में बौद्ध अध्ययन विषय से एमए प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हैं। एनएसयूआई के अनुसार उनकी छात्र राजनीति, लोकतांत्रिक सहभागिता और छात्र समुदाय से जुड़े मुद्दों में सक्रिय रुचि रही है।

सचिव पद की प्रत्याशी नम्रता चौधरी दिल्ली की निवासी हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के एसपीएम कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में बौद्ध अध्ययन विषय से एमए द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत हैं। वह छात्र कल्याण, समान अवसर और परिसर में महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम करती रही हैं। संयुक्त सचिव पद के प्रत्याशी गोपाल चौधरी मूल रूप से राजस्थान के निवासी हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय के सत्यवती कॉलेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में बौद्ध अध्ययन विषय से एमए प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हैं। संगठन के अनुसार वह छात्र मुद्दों और परिसर में बेहतर शैक्षणिक एवं लोकतांत्रिक वातावरण के लिए सक्रिय रहे हैं। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद जाखड़ ने कहा कि प्रत्याशियों की घोषणा दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों की वास्तविक समस्याओं के समाधान पर केंद्रित व्यापक अभियान की शुरुआत है।

उन्होंने कहा कि एनएसयूआई शिक्षा, सुरक्षा, आवास, सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक अधिकारों जैसे मुद्दों पर लगातार छात्रों के साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन आने वाले कुछ दिनों में अपना विस्तृत घोषणापत्र जारी करेगा। घोषणापत्र में किफायती आवास, बेहतर बुनियादी ढांचा, छात्र सुरक्षा, शैक्षणिक अवसर और सामाजिक न्याय से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता दी जाएगी।

## पीएम मोदी और इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद ने हैदराबाद हाउस में की द्विपक्षीय बैठक

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इथियोपिया ब्रिक्स के नए सदस्य देशों में शामिल है और अबी अहमद शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचे हैं। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने भारत और इथियोपिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश, विकास साझेदारी, क्षमता निर्माण, कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने की व्यापक संभावनाएं हैं। पीएम मोदी और अबी अहमद अली ने गले मिलकर एक-दूसरे का स्वागत किया। इथियोपिया के पीएम 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पहुंचे। रक्षा राज्य मंत्री (एमओएस) संजय सेठ ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

भारत अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता के तहत वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ सहयोग को मजबूत करने पर जोर दे रहा है। नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इथियोपिया 2024 में इस समूह का सदस्य बना था। उसके बाद से भारत और इथियोपिया के बीच बहुपक्षीय मंचों पर सहयोग और संपर्क को नई गति मिली है। नई दिल्ली में हो रहा मौजूदा सम्मेलन भी दोनों देशों को द्विपक्षीय रिश्तों के साथ-साथ वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श का अवसर दे रहा है। भारत और इथियोपिया के संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत रहे हैं। दोनों देशों के बीच विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण सहयोग महत्वपूर्ण क्षेत्रों में शामिल हैं। इथियोपिया ने भारत की विकास संबंधी पहलों और वैश्विक दक्षिण से जुड़े मुद्दों पर भारत के प्रयासों का समर्थन किया है। प्रधानमंत्री मोदी इससे पहले भी इथियोपिया के प्रधानमंत्री के साथ ब्रिक्स मंच से इतर द्विपक्षीय बैठक कर चुके हैं। 2023 में जोहान्सबर्ग में हुई बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार और निवेश, रक्षा, आईसीटी, कृषि, युवाओं के कौशल विकास, विकास साझेदारी और लोगों के बीच संपर्क समेत कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी।